जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 31 जनवरी, 2026



अशुद्ध के विरुद्ध आन्दोलन अशुद्ध के विरुद्ध

KEDIA Pavitra

## चलता है...
## केडिया में नहीं चलता है...

### चलता है का दौर खत्म
### अब क्वालिटी का होगा आंदोलन

HIGHEST GRADE • EXPORT QUALITY • NO ADULTERATION • NO PRESERVATIVES



जयपुर 26-01-2026

मन की बात • पीएम बोले- 10 साल में भारत तीसरा सबसे बडा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना

चलता है का दौर खत्म, सिर्फ क्वालिटी मंत्रः मोदी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'चलता है' की सोच के साथ देश आगे नहीं बढ़ सकता। हर सेक्टर में क्वालिटी को ही सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने स्टार्टअप और उद्योग जगत से अपील की कि वे सिर्फ क्वालिटी को मंत्र बनाएं। भारतीय उत्पादों को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के लिए काम करें। रविवार को इस साल के पहले रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में पीएम ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। यह जरूरी है कि जो भी भारत में बने, उसकी गुणवत्ता वैश्विक मानकों पर खरी उतरे। टेक्सटाइल, टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स या पैकेजिंग- हर भारतीय उत्पाद टॉप क्वालिटी का प्रतीक बनना चाहिए। अब संकल्प लेना चाहिए, क्वालिटी, क्वालिटी और सिर्फ क्वालिटी। मन की बात के 130वें एपिसोड में पीएम ने स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने का जिक्र किया। कहा- जनवरी 2016 में शुरू हुई यह पहल तब कई लोगों को समझ में नहीं आई। देश के युवाओं ने जोखिम उठाया, नए प्रयोग किए और इसे जन आंदोलन बना दिया। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। देश के स्टार्टअप एआई, अंतरिक्ष, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकं... मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में काम कर रहे हैं। आज देश में 2 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं।

**जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट:** पीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर दिए 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' संदेश को दोहराया। कहा- टिकाऊ और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग के जरिए ही विकसित भारत का लक्ष्य मिलेगा।

**यूएई की 'ईयर ऑफ द फैमिली' पहल को सराहा**

पीएम ने यूएई द्वारा 2026 को 'ईयर ऑफ द फैमिली' घोषित करने की सराहना की। उन्होंने इसे भारत की पारिवारिक परंपरा से जोड़ा। पीएम ने गुजरात के चंदनकी गांव के सामुदायिक रसोई मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि परिवार और समुदाय सामाजिक मजबूती की बुनियाद हैं।

- शरबती सुपीरियर आटा
- देशी चक्की आटा
- सूजी
- दलिया
- बेसन
- शरबती गेहूँ
- देशी गेहूँ
- प्लैटिनम शरबती चावल
- एलीट बासमती चावल
- पोहा
- लाकाडोंग हल्दी पाउडर
- मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- जीरा
- सौंफ
- चना दाल
- मूंग दाल (छिलका)
- मूंग दाल
- अरहर/तूर दाल
- उड़द दाल (छिलका)
- उड़द दाल
- मसूर मलका
- मसूर दाल
- काला चना
- काबुली चना
- हरा चना
- हरा मटर
- मोठ
- हरा मूंग
- राजमा चित्रा
- राजमा लाल
- राजमा कश्मीरी
- कैलिफोर्निया बादाम
- काजू
- पिस्ता
- किशमिश
- अखरोट
- मामरा बादाम
- गुड़
- गुड़ पाउडर

**COMING SOON**

- कच्ची घानी सरसों का तेल
- ट्रिपल फ़िल्टर्ड मूंगफली तेल
- रोस्टेड फ्लेवर्ड मखाने
- खजूर
- अंजीर
- मूंगफली
- लौंग
- इलायची
- काली मिर्च
- दालचीनी
- अजवाइन
- राई
- मेथी दाना
- कसूरी मेथी
- हींग
- अमचूर पाउडर
- ब्लेंडेड मसाले
- हिमालयन पिंक सॉल्ट
- मिश्री धागा
- मिश्री पाउडर
- सोया चंक्स
- चाय और भी बहुत कुछ

रिटेलर हो या कस्टमरः कॉल लगाओ, गाड़ी बुलाओ **1800 120 2727**

ORDER ON WEBSITE | ORDER ON WHATSAPP | ORDER ON APP

AVAILABLE AT

32000+ RETAILERS | SUPERMARKETS | QUICKCOM/ECOM

WEBSITE | WHATSAPP | APP | TOLL FREE

T&C Apply.

## विचार बिन्दु

**ईश्वर द्वारा निर्मित जल और वायु की तरह सभी चीजों पर सबका समान अधिकार होना चाहिए। –महात्मा गाँधी**

# दुनिया की आधी आबादी जल संकट का शिकार

संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया में आधी आबादी यानी करीब 4 अरब लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दुनिया के 100 सबसे बड़े शहरों में आधे शहरों को गंभीर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दिल्ली, बीजिंग, न्यूयॉर्क और रियो जैसे बड़े शहर शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार 39 शहरों में स्थिति बेहद गंभीर है। रिपोर्ट के मुताबिक, नदियां और झीलें सिकुड़ रही हैं, भूमिगत जल स्तर गिर रहा है और वाटरलैंड सूख रही हैं। जमीन धंस रही है सिंकहोल बन रहे हैं और रेगिस्तान फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दिल्ली चौथे स्थान पर है। कोलकाता 9वें, मुंबई 12वें, बेंगलुरु 24वें और चेन्नई 29वें स्थान पर हैं। इसके अलावा हैदराबाद, अहमदाबाद, सूरत और पुणे भी लंबे समय से पानी की कमी झेल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र शोधकर्ताओं के मुताबिक पिछले कई दशकों के दौरान सिमटते भूजल स्त्रोतों, अत्यधिक दोहन, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से, दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर वैश्विक जल दिवालिएपन की स्थिति में क़दम रख चुकी है।

आज विश्व में सर्वत्र जल का संकट व्याप्त है। विश्व में चहुंमुखी विकास का दिग्दर्शन हो रहा है। किंतु स्वच्छ जल मिल पाना कठिन हो रहा है। साफ जल की अनुपलब्धता के चलते ही जल जनित रोग महामारी का रूप ले रहे हैं। इंसान जल की महत्ता को लगातार भूलता गया और उसे बर्बाद करता रहा, जिसके फलस्वरूप आज जल संकट सबके सामने है। पृथ्वी का तीन चौथाई भाग पानी से ढका है मगर इस जल का 99 प्रतिशत पानी पिया नहीं जा सकता और पीने योग्य पानी पृथ्वी पर मात्र एक प्रतिशत ही है जो नदियों तालाबों झीलों में ही मौजूद है हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जल टिकाऊ विकास के लिए बेहद अहम है। सुरक्षित व स्वच्छ पानी तक पहुँच एक बुनियादी मानव अधिकार है। आज जल संकट एक वैश्विक चुनौती है। वर्तमान में विश्व भर में अरबों लोगों की स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं है। हर साल अनुमानतः आठ लाख लोगों की मौत ऐसी बीमारियों के कारण हो जाती है जो असुरक्षित पानी अपर्याप्त स्वच्छता और साफ़-सफ़ाई की कम आदतों के कारण फैलती हैं।

**1.35 अरब से अधिक की आबादी के बावजूद भारत के पास दुनिया के ताजे जल संसाधन का केवल 4 प्रतिशत ही है। कई राज्य हैं जो भूजल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। जल के बिना मानव जिन्दा नहीं रह सकता। क्योंकि मानव शरीर का एक बड़ा हिस्सा जल होता है। यह सब मानव को मालूम होते हुए भी जल को बिना सोचे-विचारे हमारे जल-स्त्रोतों में ऐसे पदार्थ मिला रहा है जिसके मिलने से जल प्रदूषित हो रहा है। जल हमें नदी, तालाब, कुएँ, झील आदि से प्राप्त हो रहा है। जल की उपलब्धता को लेकर वर्तमान में भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व चिन्तित है। जल ही जीवन है। जल के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव का अस्तित्व जल पर निर्भर करता है।**

दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से घिरा है लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी ही है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने लायक ही नहीं है। अब तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय द्वारा जारी आंकडों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर है। जबकि वर्ष 2025 में पीने वाले पानी की मांग 1093 और 2050 तक बढ़कर 1447 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 1.35 अरब से अधिक की आबादी के बावजूद भारत के पास दुनिया के ताजे जल संसाधन का केवल 4 प्रतिशत ही है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई राज्य हैं जो भूजल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से भूजल संकट गहरा सकता है। जल के बिना मानव जिन्दा नहीं रह सकता। क्योंकि मानव शरीर का एक बडा हिस्सा जल होता है। यह सब मानव को मालूम होते हुए भी जल को बिना सोचे-विचारे हमारे जल-स्त्रोतों में ऐसे पदार्थ मिला रहा है जिसके मिलने से जल प्रदूषित हो रहा है। जल हमें नदी, तालाब, कुएँ, झील आदि से प्राप्त हो रहा है। जल की उपलब्धता को लेकर वर्तमान में भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व चिन्तित है। जल ही जीवन है। जल के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव का अस्तित्व जल पर निर्भर करता है। जनसंख्या में तेजी हो रही वृद्धि, शहरीकरण, औद्योगीकरण, जलवायु परिवर्तन और अकुशल जल प्रबंधन प्रथाओं जैसे कारकों के संयोजन की वजह से पानी की कमी की व्यापक समस्या पैदा होती जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले समय में पानी की कमी के गंभीर और दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

भूजल की वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिये भूजल का स्तर और न गिरे इस दिशा में काम किए जाने के अलावा उचित उपायों से भूजल संवर्धन की व्यवस्था हमें करनी होगी। पानी की कमी के चलते निरन्तर खोदे जा रहे गहरे कुओं और ट्यूबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अन्धाधुन्ध दोहन होने से भूजल का स्तर निरन्तर घटता जा रहा है। देश में जल संकट का एक बड़ा कारण यह है कि जैसे-जैसे सिंचित भूमि का क्षेत्रफल बढ़ता गया वैसे-वैसे भूगर्भ के जल के स्तर में गिरावट आई है। भूजल दोहन के अंधाधुंध दुरुपयोग को यदि समय रहते रोका नहीं गया, तो आने वाली पीढियों को इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे। आवश्यकता इस बात की है कि हम जल के महत्व को समझे और एक-एक बूंद पानी का संरक्षण करें तभी लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी।

**–अतिथि संपादक,
बाल मुकुन्द ओझा,
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 31 जनवरी, 2026



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, पुर्नवसु नक्षत्र रात्रि 1:34 तक, विष्कुम्भ योग दिन 1:33 तक, तैतिल करण प्रातः 8:26 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:01 से कर्क राशि में संचार करेगा।


**गृह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज रवियोग रात्रि 1:34 तक है। आज शुक्र उदय पश्चिम में रात्रि 3:15 पर होगा। आज विश्वकर्मा जयन्ती, गुरू गोरखनाथ जयन्ती है। आज चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है। आज ललिता जयन्ती है, जिनेन्द्र रथ यात्रा (जैन) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:38 से 9:59 तक, चर 12:40 से 2:01 तक, लाभ-अमृत 2:01 से 4:43 तक।
**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 6:03




**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। घर-परिवार में चल रहा आपसी मतभेद दूर होगा।




**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




**मकर**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।




**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**कुंभ**
परिवार में महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा संभव है।



**कर्क**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक/व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।



**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# सायबर क्राइम और बेरोजगारी



राम निवास बैरवा

कई मामलों में यह पाया गया है कि बेरोजगारी तथा बेरोजगार पूंजीवादी अपराध तन्त्र की अनिवार्य आवश्यकता है। अपराध तन्त्र बेरोजगारों को रोजगार देता है या बेरोजगारी पूंजीवादी अपराध तन्त्र को बढ़ावा देती है, इस तथ्य पर अलग-अलग विचार और मान्यताएं हो सकती है। परन्तु अपने सम्पूर्ण ताने-बाने में अपराध तन्त्र को पोषण बेरोजगारी और बेरोजगारों से कई कोणों से मिलता है।

पूंजीवादी लोकतन्त्र में जहां, सामुदायिक संसाधन का संक्रेद्रण कुछ ही लोगों, पूंजीपतियों और पूंजीवाद के पोषक नौकरशाहों के हाथों में होता है; वहीं आम जनसंख्या का बहुत बड़ा भाग बेरोजगार होता जाता हैं क्योंकि सामुदायिक संसाधनों के संक्रेद्रण के साथ ही गरीबी और गरीबों की संख्या बढ़ती जाती है।

जब "पैसा कैसे कमाया जाये" जैसी बातों पर पूंजीवादी सलाहकारों के द्वारा सलाह दी जाती है तो वह उच्च वर्गों, बड़े अफसरों तथा सत्तासीन बड़े नेताओं के लिए नहीं होती है बल्कि उच्च मध्यम वर्गों या मध्यम वर्गों के लिए होती है जो पूंजीवादी चमक-धमक में जीना चाहते है, परन्तु पूंजीगत संसाधनों की कमी उन्हें और पैसा बनाने के लिए प्रेरित करती है, अतः जहां से भी, जो भी उन्हें और पैसा बनाने को प्रेरित करता है, वे आसानी से उस ओर चल पड़ते हैं। ड्रग माफिया, स्मगलिंग, शेयर बाजार, व्यापार, दलाली आदि ये वो बड़े धंधे है जिनमें आमतौर पर दूसरों को अपने व्यवसाय के जाल में फसा कर पैसा बनाते है और फलते-फूलते हैं।

पैसा बनाना और पैसा कमाना दोनों अलग-अलग व्यवसाय हैं। जहां पैसा कमाने में स्वयं की मेहनत होती है वहीं पैसा बनाने में दूसरों को अपने जाल में फंसाना होता है। बेरोजगारी को जब मेहनत से कमाने का अवसर नहीं दिया जाता है तब वे पैसा बनाने के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित होते हैं और साथ ही अपने जैसे दूसरे बेरोजगारों को अपने जाल में फंसने के लिए उकसाते हैं।

सायबर क्राइम की दुनिया में संचार साधनों के विकास का भरपूर फायदा उठाया जाता है। यह एक तथ्य है कि सायबर क्राइम का सारा लेन-देन केवल बैंक खातों के माध्यम से ही होता है; इसके लिए उन्हें बहुत बड़ी संख्या में और विभिन्न स्थानों पर बैंक खातों के संचालन की आवश्यकता होती है।

सायबर क्राइम में लड़कों और लड़कियों की भूमिकाएं समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। ज्यों-ज्यों उच्च स्तर की शिक्षा लड़कों-लड़कियों को भावी जीवन का सम्मोहन, अच्छे रोजगार के सपने दिखाती है वहीं बेरोजगारी के अनिश्चित जीवन की संभावनाए उन्हें विचलित भी कर देती हैं। इसी डर और सम्भावना के बीच लड़कियां दोहरा रास्ता अपनाकर अपने सौंदर्य और देह आकर्षण को पैसा बनाने के लिए इस्तेमाल करने लगती हैं जहां वे संचार साधनों के माध्यम से पैसा बनाने के लिए लालयित लोगों को आकर्षित करके उन्हें अपने अपराधिक व्यवसाय में फंसाने का सफल प्रयास करती हैं; वहीं लड़कों को कुछ पैसा बनाने का लालच देकर बैंक खाते खुलवाकर उनकी पास बुकें, चैक बुकें और एटीम कार्ड अपने पास रख लेते हैं तथा उन बैंक खातों में दिये जाने वाले मोबाइल नंबर उस खाता धारकों के नहीं होते हैं बल्कि सायबर क्रिमिनल्स के पास ही होते हैं। मोबाइल कम्पनियां अपने मोबाइल धारकों की संख्या को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने के लिए अपने एजेंटों के माध्यम से थोक में फर्जी के.वाई.सी., पहचान पत्रों के आधार पर कई मोबाइल सिम देती हैं। इस प्रकार सायबर अपराधियों के पास सैकड़ों की संख्या में मोबाइल संख्याएं, सैकड़ों की संख्या में बैंक खाते होते हैं। जिस प्रकार से नशीली दवाओं को बेचने वाले स्कूलों, कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों के आस-पास रहकर विद्यार्थियों का नशे का आदि बनाते है उसी प्रकार ऐसे शिक्षण संस्थानों के वयस्क युवक-युवतियों को कुछ पैसों का लालच देकर उनसे बैंक खाते खुलवाते है। इस प्रकार से वे तात्कालीक आमदनी को देखकर ऐसा करते है और अपने भविष्य को सायबर अपराधियों के पास बंधक रख देते है और पुलिस रिकार्ड में अपराधी बन जाते हैं।

ऐसा नहीं है कि सायबर अपराधी ही इस प्रकार के बैंक खातों को अपने पास रखते हों बल्कि कई लोग सिर्फ बैंक खातों का 'बैंक' बनाकर रखते हैं जो मांग के अनुसार सायबर अपराधियों को जानकारी देते है और उन दिये गये बैंक खातों से लेन-देन केवल कुछ ही घंटों के लिए किया जा सकता है। इनमें बचत खाते और करंट एकाउंट भी होते है जो छोटी-मोटी कम्पनियों, फर्मों के नाम से बनाये जाते है। ऐसी पाबंदी लगाने से सायबर अपराधी यह दबाव बनाते है कि जाल में फंसा व्यक्ति जल्दी से जल्दी पैसा उन बैंकों से ट्रांसफर कर दे और इस प्रकार से उन सायबर अपराधियों के द्वारा पैसा बटोरने का काम हाथों-हाथ पूरा हो जाये। जब पुलिस सायबर अपराधियों पर कोई कार्यवाही करती है तो वह सिर्फ पैसों का लेन-देन करने वाले बैंक खातों और बैंक खाता धारकों के खिलाफ ही करती है। असली सायबर अपराधी अदृश्य ही बने रहते है।

इस प्रकार से बेरोजगारी के कारण सायबर अपराध का विशाल ताना-बाना बुना जाता है जिसमें अन्ततः बेरोजगार युवक-युवतियां ही लक्ष्य होते है; जिनको अपना सम्मानजनक जीवन जीने के लिए रोजगार प्राप्त करना अंधकारमय लग रहा होता है। सामुदायिक संसाधनों के पूंजीवादी दुरूपयोग के चलते ही यह सब किया जा रहा हैं और यह सम्भव बना है संचार संसाधनों के संकेन्द्रित पूजीवादी दुरूपयोग के कारण।

**–राम निवास बैरवा,
पूर्व क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त**

# भारत का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 : एक आलोचनात्मक दृष्टि



डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत

भारत सरकार का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, जो 29 जनवरी 2026 को संसद में पेश किया गया, देश की आर्थिक स्थिति का एक व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व में तैयार यह दस्तावेज़ पुशिंग द ग्रोथ फ्रंटियर की थीम पर केंद्रित है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की मजबूत विकास क्षमता को रेखांकित करता है। सर्वेक्षण वित्त वर्ष 2026 (2025-26) के लिए वास्तविक जीडीपी विकास को 7.4 प्रतिशत अनुमानित करता है, जबकि वित्त वर्ष 2027 (2026-27) के लिए 6.8-7.2 प्रतिशत की रेंज में रखता है।

यह भारत को लगातार चौथे वर्ष दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। हालांकि, यह सर्वेक्षण केवल सकारात्मक चित्रण नहीं है; इसमें वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिमों, मुद्रा अवमूल्यन और घरेलू चुनौतियों की चर्चा भी है। इस लेख में हम सर्वेक्षण की मजबूतियों, कमजोरियों और नीतिगत निहितार्थों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगे, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है।

सर्वेक्षण की सबसे बड़ी ताकत भारत की मैक्रोइकोनॉमिक स्थिरता को उजागर करना है। 2026 में जीडीपी विकास 7.4 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो मजबूत घरेलू मांग, निजी उपभोग और निवेश पर आधारित है। निजी उपभोग जीडीपी का 61.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो एक दशक का उच्चतम स्तर है, जबकि ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन (जीएफसीएफ) 30 प्रतिशत के आसपास है। मुद्रास्फीति अप्रैल-दिसंबर 2025 में 1.7 प्रतिशत के बहु-वर्षीय निचले स्तर पर रही, जो आपूर्ति-पक्ष की दक्षताओं और कृषि उत्पादकता से संभव हुई। राजकोषीय घाटा 2021 के 9.2 प्रतिशत से घटकर 2025 में 4.8 प्रतिशत हो गया है, और 2026 के लिए 4.4 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करने की राह पर है। बैंकिंग सेक्टर मजबूत है, एनपीए कम हैं, और विदेशी मुद्रा भंडार दोगुना हो चुके हैं। सर्वेक्षण गोल्डीलॉक्स मोमेंट की बात करता है, जहां उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का संतुलन है। यह वैश्विक चुनौतियों भू राजनीतिक संघर्ष, व्यापार विखंडन के बीच भारत के बाजार के लचीलापन को रेखांकित करता है।

सर्वेक्षण की एक और सराहनीय विशेषता संरचनात्मक परिवर्तनों पर जोर है। सेवा क्षेत्र की वृद्धि, विनिर्माण पुनरुत्थान, बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल समावेशन और गरीबी में कमी को उजागर किया गया है। बेरोजगारी 4.9 प्रतिशत तक गिर गई है, श्रम बल भागीदारी बढ़ रही है, और औपचारिक रोजगार विस्तारित हो रहा है। विश्व बैंक के मानकों पर चरम गरीबी 5.3 प्रतिशत और निम्न-मध्यम आय गरीबी 23.9 प्रतिशत है, जो आय वितरण में सुधार दर्शाता है। कर सुधारों जैसे कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती, व्यक्तिगत आयकर राहत और जीएसटी ओवरहॉल के परिणाम दिख रहे हैं। सर्वेक्षण जीएसटी ई-वे बिल सिस्टम के पुनरावलोकन की सिफारिश करता है, जो कर अनुपालन को मजबूत करेगा। इसके अलावा, यह निजी क्षेत्र को रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के साथ जुड़ा है।

हालांकि, सर्वेक्षण की आलोचना भी उतनी ही जरूरी है। सबसे पहले, यह दस्तावेज़ अत्यधिक जटिल और विश्लेषणात्मक रूप से कमजोर लगता है। नाममात्र जीडीपी विकास 2026 के लिए मात्र 8 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि वास्तविक विकास 7.4 प्रतिशत है, जो केवल 0.6 प्रतिशत का अंतर दर्शाता है। लेकिन रुपए का 6.5 प्रतिशत अवमूल्यन डॉलर जीडीपी विकास को मात्र 1.5 प्रतिशत तक सीमित कर देता है, जिसकी व्याख्या सर्वेक्षण में नहीं है। वैश्विक अनिश्चितताओं का उल्लेख तो है, लेकिन ठोस समाधान कम हैं। सर्वेक्षण सावधानी, न कि निराशावाद की बात करता है, लेकिन यह पैराडॉक्स ऑफ 2025 को स्वीकार करता है, जहां भारत की मजबूत प्रदर्शन वैश्विक प्रणाली से टकरा रही है, जो मुद्रा स्थिरता या पूंजी प्रवाह नहीं दे रही।

रोजगार और विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियां सर्वेक्षण में उजागर तो हैं, लेकिन पर्याप्त गहराई से नहीं। 2024-25 बजट में घोषित तीन रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाएं (ईएलआई) और 1 करोड़ इंटर्नशिप योजना विफल रही हैं। इंटर्नशिप में मात्र 10,000 युवा शामिल हुए, जबकि ईएलआई संदिग्ध नौकरियां पैदा कर रही हैं।

विनिर्माण जीडीपी मेक इन इंडिया और पीएलआई के बावजूद 12-13 प्रतिशत पर ठहरा हुआ है। सर्वेक्षण निजी क्षेत्र की जोखिम-निवृत्ति और तकनीकी लाइसेंसिंग पर निर्भरता की आलोचना करता है, जो आर एंड डी में बाजार विफलता दर्शाता है। 12 लाख रुपये तक की आय को कर-मुक्त करने और ऑटोमोबाइल पर जीएसटी कटौती से राजकोषीय प्रदर्शन पर दबाव है। सर्वेक्षण एक्सचेंज रेट जोखिमों और नकारात्मक पूंजी प्रवाह की चेतावनी देता है, लेकिन विनिर्माण को गति देने के लिए कोई नई रणनीति नहीं सुझाता।

सर्वेक्षण की एक और कमी वैश्विक संदर्भ में भारत की रणनीतिक स्थिति पर है। यह स्ट्रैटेजिक रेजिलिएंस और स्ट्रैटेजिक इंडिस्पेंसेबिलिटी की बात करता है, लेकिन वैश्विक व्यापार की गैर-पारस्परिकता और बाजारों की तटस्थता की कमी को स्वीकार करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सर्वेक्षण भारत की विकास क्षमता को बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर देता है, लेकिन यह पूंजी संचय, श्रम इनपुट और कुल कारक उत्पादकता पर आधारित है। हालांकि, राज्य वित्त की असमानता, वैश्विक अनिश्चितताएं और मुद्रा दबाव चुनौतियां हैं, जिन्हें नीति और निजी क्षेत्र भागीदारी से निपटना होगा। सर्वेक्षण महिलाओं के उद्यिमता, कर सुधारों और बैंकिंग मजबूती पर जोर देता है, लेकिन क्रियान्वयन की चुनौती को कम करके आंकता है।

कुल मिलाकर, आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 भारत की विकास यात्रा का एक सकारात्मक लेकिन यथार्थवादी चित्रण है। यह रिफॉर्म एक्सप्रेस की बात करता है, जहां दशक भर के सुधारों ने 7 प्रतिशत विकास को संरचनात्मक आधार बनाया है। लेकिन आलोचना यह है कि यह अर्थव्यवस्था की कमजोरियों का गहन निदान नहीं करता, जैसे रोजगार योजनाओं की विफलता या विनिर्माण की स्थिरता। सरकार को सर्वेक्षण की सिफारिशों पर तेज क्रियान्वयन की जरूरत है, जैसे जीएसटी सरलीकरण, निजी आरएंडडी प्रोत्साहन और व्यापार नीति पुनर्कलन। वैश्विक विखंडन में भारत की सिस्टेमेटिक इंडिस्पेंसेबिलिटी हासिल करने के लिए, केवल विकास आंकड़ों से आगे बढ़कर जोखिम प्रबंधन और नवाचार पर फोकस जरूरी है। यदि ये कमियां दूर की गईं, तो विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है; अन्यथा, वैश्विक दबावों में यह एक खोया अवसर साबित होगा।

**- डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत,
( लेखक स्वतंत्र चिंतक है। )**

# समय से आगे बढ़ता महात्मा गांधी : एक वैश्विक संत की निरंतर उभरती महानता



प्रो. ( डॉ. ) सुमन कुमार शर्मा

30 जनवरी का दिन भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन महात्मा गांधी की शहादत की स्मृति से जुड़ा है-एक ऐसे व्यक्तित्व की, जिनका जीवन और विचार समय के साथ और अधिक प्रासंगिक, प्रभावशाली और प्रेरणादायी होते जा रहे हैं। आज केवल भारत के राष्ट्रिपता नहीं हैं, बल्कि वे विश्व-मानवता के नैतिक पथप्रदर्शक और वैश्विक संत के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके हैं।

गांधी जी की महानता किसी एक घटना, आंदोलन या राष्ट्र तक सीमित नहीं थी। सत्य और अहिंसा जैसे उनके सिद्धांत सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। जैसे-जैसे दुनिया हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रही है, वैसे-वैसे गांधी के विचार और अधिक उजागर होकर सामने आ रहे हैं। आज वैश्विक मंचों पर, संयुक्त राष्ट्र से लेकर विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों तक, गांधी के विचारों पर विमर्श हो रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि उनकी महानता समय के साथ क्षीण नहीं हुई, बल्कि निरंतर बढ़ी है।

महात्मा गांधी का जीवन स्वयं एक जीवंत प्रयोगशाला था-जहाँ विचार और आचरण में कोई अंतर नहीं था। वे जो कहते थे, वही जीते थे। सादगी, आत्मसंयम, सत्यनिष्ठा और करुणा उनके जीवन के मूल तत्व थे। आज जब भौतिकता और उपभोगवाद समाज को दिशा दे रहे हैं, गांधी का सादा जीवन, उच्च विचार का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। जलवायु परिवर्तन, संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और पर्यावरण संकट के दौर में गांधी का प्रकृति के साथ संतुलन का दृष्टिकोण विश्व के लिए मार्गदर्शक बन रहा है। गांधी जी ने यह सिद्ध किया कि शक्ति केवल हथियारों में नहीं, बल्कि नैतिक साहस में होती है। बिना हिंसा के, बिना घृणा के, उन्होंने एक विशाल साम्राज्य को झुकने पर विवश कर दिया। आज दुनिया के अनेक सामाजिक और नागरिक आंदोलन-चाहे वे नस्लभेद के विरुद्ध हों, मानवाधिकारों के लिए हों या शांति स्थापना के प्रयास-कहीं न कहीं गांधी से प्रेरणा लेते हैं। नेल्सन मंडेला से लेकर मार्टिन लूथर किंग जूनियर तक, अनेक वैश्विक नेताओं ने गांधी को अपना पथप्रदर्शक माना।

गांधी की महानता का एक और पक्ष उनका मानवीय दृष्टिकोण है। वे अंतिम व्यक्ति की चिंता करते थे-अंत्योदय का सिद्धांत। आज जब विकास की परिभाषा पर प्रश्नचिह्न लगे हुए हैं, गांधी का यह विचार कि समाज की प्रगति का मूल्यांकन सबसे कमजोर व्यक्ति की स्थिति से होना चाहिए, विश्व के लिए एक नैतिक कसौटी बन गया है। असमानता, गरीबी और सामाजिक बहिष्कार के विरुद्ध संघर्ष में गांधी की सोच आज भी उतनी ही प्रखर है।

30 जनवरी को गांधी को स्मरण करना केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं है, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लेना है। उनकी शहादत हमें यह सिखाती है कि सत्य का मार्ग कठिन हो सकता है, लेकिन वही स्थायी और सार्थक होता है। समय बीतने के साथ गांधी एक ऐतिहासिक व्यक्ति से बढ़कर एक नैतिक चेतना बन चुके हैं-ऐसी चेतना जो सीमाओं, राष्ट्रों और संस्कृतियों से परे है।

निस्संदेह, महात्मा गांधी की महानता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वे आज भी दुनिया को यह संदेश दे रहे हैं कि हिंसा के अंधकार में अहिंसा का दीपक ही मानवता को सही दिशा दे सकता है। यही कारण है कि गांधी आज भी जीवित हैं-अपने विचारों में, अपने आदर्शों में और विश्व की अंतरात्मा में, एक सच्चे वैश्विक संत के रूप में।

**–प्रो. ( डॉ. ) सुमन कुमार शर्मा, आचार्य, राजनीति विज्ञान उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।**

# उदयपुर के बड़गांव में फिर दिखा लैपर्ड का मूवमेंट

**उदयपुर, (निसं)।** शहर में शुक्रवार तड़के उस वक्त दहशत का माहौल बन गया, जब बड़गांव क्षेत्र में लैपर्ड का मूवमेंट देखा गया। अचानक आबादी क्षेत्र में पहुंचे लैपर्ड ने एक घर के प्रवेश द्वार पर चढ़कर कुछ देर तक इलाके में अफरा-तफरी मचा दी और फिर कूदकर भाग गया। लैपर्ड का वीडियो भी सामने आया है। इस घटना के बाद कॉलोनीवासियों में डर का माहौल है, लोगों ने बच्चों को अकेले बाहर न निकलने की सख्त हिदायत दी है।


बड़गांव के प्रशासक संजय व्यास के अनुसार बड़गांव मुख्य मार्ग पर हल्दीघाटी हाउस के पास श्री कॉम्पलेक्स कॉलोनी में आज सुबह लैपर्ड देखा गया और एक घर के सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गया। व्यास ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले मदनलाल व्यास के घर के वहां

**■ आबादी क्षेत्र में पहुंचे लैपर्ड ने एक घर के प्रवेश द्वार पर चढ़कर अफरा-तफरी मचा दी**

लैपर्ड था और उसके बाद गली में से आगे निकला। व्यास परिवार के सदस्य दीपक व्यास बताते हैं कि सुबह करीब सवा छह बजे हमारे घर के सामने रहने वाली आंटी ने बताया कि कुछ समय पहले गली से लैपर्ड निकलते उन्होंने देखा, आप कैमरे चेक कीजिए। दीपक बताते हैं कि इस पर उन्होंने अपने घर के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो सामने आया कि आज सुबह 5 बजकर 52 मिनट पर एक लैपर्ड घर के एंट्री प्वाइंट पर फाटक से जुड़ी दीवार पर चढ़ा और कुछ ही सेकेंड में कूद कर लैपर्ड आगे कृषि विज्ञान केंद्र की तरह चला गया। दीपक ने बताया कि गत वर्ष 16 जनवरी 2025 को इसी गली में लैपर्ड सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ था। उन्होंने बताया कि जैसे ही कॉलोनी में लैपर्ड की बात सामने आई तो वहां लोग घबरा गए। कॉलोनीवासियों की सूचना पर अधिकारियों को सूचना दी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 179 प्रभात जयपुर, शनिवार 31 जनवरी, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT




Untold stories of Indian cricket

Formidable N. D. Marshall served as coach, a member of India's historic 1932 tour of England under Col. C. K. Nayudu, epitomised old-school cricketing orthodoxy; Believed a batsman should play strictly within the classical 'V.' Any flamboyant stroke, the pull, sweep, or hook, invited his wrath, often delivered in sharp, Parsi-accented Hindi

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Grow Them Big

The Catatumbo Lightning Storms

## 'शंकराचार्य से माफी मांगो'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जनवरी। उत्तर प्रदेश सरकार ने माघ मेला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह गंगा में शाही स्नान की अनुमति न दिए जाने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से माफी मांगे, ताकि उनकी नाराजगी समाप्त हो सके।

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि शंकराचार्य पूर्णिमा (1 फरवरी) तक प्रयागराज में रहेंगे और वे माफी मांग कर उन्हें मना सकेंगे। लेकिन हिंदू धर्मगुरु 28 जनवरी को वाराणसी लौटने का निर्णय कर चुके थे।

उनके वाराणसी लौटने के बाद, लखनऊ से दो वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की और आश्वासन दिया कि पूर्णिमा के दिन उन्हें सम्मानपूर्वक स्नान करने दिया जाएगा, लेकिन शंकराचार्य ने दो शर्तें रखीं।

- उत्तर प्रदेश सरकार ने माघ मेला प्रशासन को आदेश दिया, जिन्होंने शाही स्नान के मसले पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अपमान किया था।

पहली, जिम्मेदार अधिकारी लिखित रूप में माफी मांगें; और दूसरी, माघ मेला, कुंभ और महाकुंभ में चारों शंकराचार्यों के स्नान के लिए प्रोटोकॉल निर्धारित किया जाए।

शंकराचार्य ने अधिकारियों से कहा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## शरद पवार के करीबी साथी प्रफुल्ल पटेल एनसीपी के अध्यक्ष बनेंगे?

### सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार की होगी, एक बड़ा धड़ा उन्हें अध्यक्ष के रूप में देखना चाहता है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जनवरी। सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुट एक बार फिर एकजुट होने जा रहे हैं और स्थानीय निकाय चुनावों के बाद, फरवरी के दूसरे सप्ताह में इसका औपचारिक ऐलान होने की उम्मीद है।

सूत्रों के अनुसार, शरद पवार के अलावा तीन अन्य प्रमुख नेता हैं, जो विलय के बाद एनसीपी का नेतृत्व कर सकते हैं–अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार, सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल।

दोनों गुटों के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, अजित पवार, जिनका बुधवार को एक विमान हादसे में निधन हो गया, ने ही इस विलय का रास्ता तैयार किया था और दिसंबर व जनवरी में उन्होंने अपने चाचा शरद पवार के साथ कई बैठकें की थीं। ये दोनों नेता स्थानीय निकाय चुनावों के बाद, संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए विलय की औपचारिक घोषणा करने वाले थे।

- अजित पवार तथा शरद पवार गुट के नेताओं की अगले सप्ताह बैठक होने की संभावना है, जिसमें विलय को अंतिम रूप दिया जाएगा।
- हालांकि, अजित पवार की एनसीपी के कई नेता तुरंत विलय के पक्ष में नहीं हैं, उन्हें लगता है कि इसका इस्तेमाल राजनैतिक लाभ के लिए किया जा सकता है। लेकिन, शरद पवार तथा सुनेत्रा के समर्थक तुरंत विलय चाहते हैं।

सूत्रों ने बताया कि विलय को अंतिम रूप देने के लिए, दोनों गुटों के नेता अगले सप्ताह मीटिंग करने वाले हैं।

लेकिन, सूत्रों का यह भी कहना है कि एनसीपी (अजित पवार गुट) के कुछ नेता तत्काल विलय के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इसका इस्तेमाल "राजनीतिक लाभ" के लिए किया जा रहा है। वहीं, शरद पवार गुट और अजित पवार की पत्नी के समर्थक तत्काल विलय के पक्षधर हैं।

सूत्रों के अनुसार, विलय प्रक्रिया में सुनेत्रा पवार की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है।

सूत्रों ने बताया, एनसीपी के भीतर यह मांग जोर पकड़ रही है कि राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को पार्टी अध्यक्ष और विधायक दल नेता नियुक्त किया जाए। लेकिन यदि तकनीकी सीमाओं या

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## उमर अब्दुल्लाह ने उत्तराखंड के मु.मंत्री को फोन किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जनवरी। उत्तराखंड में एक कश्मीरी शॉल विक्रेता पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के बाद, राजनीतिक दलों और नेताओं ने देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीरियों पर बढ़ते हमलों को लेकर चिंता जताई है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कश्मीरी शॉल विक्रेता पर हुए हमले के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से फोन पर बात की।

उन्होंने जम्मू के वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की अनुमति वापस लेने को लेकर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की भी आलोचना की। एनएमसी ने यह फैसला न्यूनतम मानकों का पालन न होने के आधार पर लिया था।

- जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह ने उत्तराखंड़ में कश्मीरी शॉल विक्रेता के साथ भीड़ द्वारा मारपीट किए जाने की घटना पर चिंता जताई।

यह विवाद तब बढ़ा, जब 50 सीटों में से 42 मुस्लिम और केवल सात हिंदू छात्रों के दाखिले का मामला सामने आया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'इकोनॉमिक ग्रोथ के आंकड़े अपने आप विकास में परिवर्तित नहीं होते'

### वर्ल्ड बैंक के ग्रुप प्रेसिडेंट अजय बंगा, जो आईआईएम अहमदाबाद के पोज़िशन होल्डर भी हैं, ने चेताया कि भारत की विशाल युवा शक्ति, अभिशाप में भी परिवर्तित हो सकती है, अगर......

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जनवरी। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने चेतावनी दी है कि भारत के "विकसित भारत" बनने का रास्ता सिर्फ ऊँची ग्रोथ रेट से नहीं, बल्कि इस बात से तय होगा कि देश अपने युवाओं को कितने प्रभावी ढंग से कौशलयुक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि यदि हर साल कार्यबल में शामिल होने वाले लाखों युवाओं को रोजगार के लिए तैयार नहीं किया गया, तो भारत का जनसांख्यिकीय लाभ एक बड़ी चुनौती में बदल सकता है।

बंगा ने बताया कि भारत में हर साल लगभग 1.2 करोड़ नए युवा जुड़ते हैं जिन्हें रोजगार की तलाश होती है। बड़े पैमाने पर कौशल विकास और कार्यबल की तैयारी देश की सबसे तात्कालिक आर्थिक प्राथमिकताओं में से एक बन जाती है। उन्होंने कहा कि विकास के आँकड़े महत्वपूर्ण हैं, लेकिन जब तक उनके साथ मानव पूंजी में निरंतर निवेश न हो, तब तक वे वास्तविक विकास में नहीं बदलते।

- बंगा के अनुसार, प्रतिवर्ष एक करोड़ बीस लाख युवा रोजगार ढूंढने निकलते हैं भारत में, अगर ये युवा "हुनर" की दृष्टि से रोजगार पाने के लिए तैयार नहीं हैं तो संकट ही संकट है।
- अतः, युवाओं में "स्किल डवलपमैंट" (हुनर पैदा करना) असली चुनौती है, केवल इकोनॉमिक ग्रोथ के आंकड़े हासिल करना नहीं।
- बंगा के अनुसार, भारत का इकोनॉमिक ढांचा उन कई देशों से भिन्न है, जिनकी इकॉनमी, निर्यात आधारित है और भारत की इकॉनमी का आधार "डॉमैस्टिक कंज़म्पशन" (आतंरिक खपत) है तथा निर्यात भारत की इकॉनमी का मुख्य हिस्सा नहीं है।

बंगा ने कहा, "असल बात ग्रोथ प्रतिशत नहीं है। हमारी आबादी को कौशलयुक्त बनाना बेहद जरूरी है, अगर लोगों को सही तरीके से कौशल दिया जाए, तो वे किसी राज्य, शहर, गाँव, किसी अन्य कस्बे और यहाँ तक कि विदेशों में भी काम के अवसर पा सकते हैं।"

उन्होंने कहा, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत की भूमिका दिनों दिन महत्वपूर्ण हो रही है। बंगा ने भारत-यूरोपीय यूनियन के फ्री ट्रेड एग्रीमैंट (एफटीए)

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

वनस्थली विद्यापीठ 1935 सा विद्या या विमुक्तये

# वनस्थली विद्यापीठ

विश्व का सबसे बड़ा पूर्णतः आवासीय अद्वितीय महिला विश्वविद्यालय



# जन्म शताब्दी वर्ष



## प्रो. सुशीला व्यास

वनस्थली विद्यापीठ की प्रथम छात्रा
वनस्थली विद्यापीठ ज्ञान विज्ञान महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य
वनस्थली विद्यापीठ (विश्वविद्यालय) की संस्थापक सदस्य
वनस्थली विद्यापीठ की प्रथम निदेशक (कुलपति)
वनस्थली विद्यापीठ की पूर्व अध्यक्ष
भारतीय विश्वविद्यालय संघ की पूर्व अध्यक्ष
राजस्थान विश्वविद्यालय सीनेट की पूर्व सदस्य



## श्री सुधाकर शास्त्री

वनस्थली विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलवाने में अहम् भूमिका
वनस्थली विद्यापीठ (विश्वविद्यालय) के संस्थापक सदस्य
वनस्थली विद्यापीठ के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वित्तीय सलाहकार
वनस्थली विद्यापीठ से संबंधित सभी सरकारी एवं सार्वजनिक कार्यों के पूर्व निर्वाहक
पूर्व प्रमुख दैनिक समाचार पत्र लोकवाणी के प्रधान सम्पादक
राजस्थान समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

आपके परिश्रम, त्याग एवं वनस्थली विद्यापीठ के प्रति जीवन पर्यन्त समर्पण को शत्-शत् नमन

## संक्षिप्त

### 32 रोगियों के ऑपरेशन किए

**दूदू** । नगर पालिका मुख्यालय पर एक निजी गार्डन परिसर में आयुर्वेदिक विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय निशुल्क अंतरंग अर्श भगंदर सार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के दौरान दूसरे दिन 32 रोगियों के जो पाइल्स रोग से ग्रसित थे । उनके ऑपरेशन किए गए तथा नए मरीजों का पंजीकरण किया कर वार्ड में भर्ती किया गया। शनिवार को ऑपरेशन किया जाएगा । उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ पी एल मीणा व शिविर प्रभारी डॉक्टर अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि विभिन्न चिकित्सालयों से आए चिकित्सकों द्वारा आउटडोर चला कर स्वर्ण प्राशन एवं अग्निकर्म के साथ ही अन्य बीमारियों का उपचार प्रदान किया गया । शिविर का समापन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। आसपास के गांवों से रोगी आकर उपचार प्राप्त कर रहे हैं ।

### कलश यात्रा कल

**निवाई** । हिंदू सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शनिवार को नगर के इतिहास में पहली बार बैंड बाजे के साथ भव्य मशाल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर कार्यकर्ता घर-घर में लोगों को हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए आमंत्रित कर रहे हैं। मण्डल अध्यक्ष विशाल सैनी व मोन्टी शर्मा ने बताया कि सकल हिंदू समाज एवं मनसा पूर्ण बालाजी भक्त मण्डल के तत्वावधान में दादू दयाल बस्ती के हिंदू सम्मेलन की पूर्व संध्या पर भव्य मशाल यात्रा का आयोजन किया । मशाल यात्रा शनिवार की शाम 7 बजे मनसा पूर्ण बालाजी पेट्रोल पंप जमात से शुरू होगी जो पूरी बस्ती में भ्रमण करेगी। आयोजन समिति के संयोजक जगदीश शर्मा एवं सचिव हनुमान शर्मा ने बताया कि रविवार को सुबह 8 बजे राधा दामोदर जी के कुण्डों से भव्य कलश यात्रा एवं हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा।

### महिला कानून की जानकारी दी

**निवाई।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में महिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की विधिक काउंसलर नीतू सिंह विजय व सामाजिक सलाहकार डॉ सुनिता शर्मा ने महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लैंगिक उत्पीडऩ181 की जानकारी देते हुए महिला अधिनियम 2013 के बारे मे बताया। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर की भी विस्तृत जानकारी दी। विडियो राजेश्वरी यादव एपीओ निवाई। पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को एपीओ कर दिया गया है। ठाामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग के उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव द्वितीय रामनारायण बडगूजर ने आदेश जारी कर प्रशासनिक कारणों से निवाई विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को एपीओ किया गया है। इस दौरान एपीओ राजेश्वरी यादव का मुख्यालय पंचायत राज विभाग जयपुर रहेगा।

### विश्वकर्मा जयंती आज

निवाई। भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती मनाईजाएगी। तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ सिरस व कैलाश चैनपुरा ने बताया कि शनिवार को प्रात: 11:30 बजे भगवान श्रीं विश्वकर्मा जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ भोग लगाकर आरती की जाएगी।

### रामधुनी का गायन

**दौसा।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अधिकारी-कर्मचारियों ने गांधीजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रिय भजनों का श्रवण किया। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इसके बाद गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जाने रे.....', रघुपति राघव राजा राम... इत्यादि व रामधुनी का गायन किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों ने गांधीजी के प्रिय भजनों का श्रवण किया और 2 मिनट का मौन रखकर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर सुधार न्यास सचिव मूलचंद लूणिया, दौसा उपखण्ड अधिकारी संजू मीणा एवं सैंथल उपखण्ड अधिकारी अमृता खंडेलवाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टोंक में राज्य स्तरीय साइबर ठगी गिरोह के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कार, पांच मोबाइल, एक लाख रुपए जब्त किए ।

- आरोपियों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर पहले से ही 404 शिकायतें दर्ज हैं

**टोंक**। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने 12 करोड़ के राज्य स्तरीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश कर उनके कब्जे से कार, पांच मोबाइल, एक लाख रुपए जब्त किए है।

डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि जिले में पुलिस ने राज्य स्तरीय साइबर ठगी गिरोह का बड़ा खुलासा करते हुए दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके नेटवर्क की परतें खोल दी हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर पहले से ही 404 शिकायतें दर्ज हैं। अब तक करीब 2 करोड़ 49 लाख रुपए की ठगी की पुष्टि हो चुकी है, जबकि पूछताछ में आरोपियों ने 10 से 12 करोड़ रुपए तक की साइबर ठगी करना स्वीकार किया है। गिरोह ने देश के 22 राज्यों में सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बनाया, ठगी का यह नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से संचालित किया जा रहा था। आरोपी अलग-अलग राज्यों की फर्जी सिम का इस्तेमाल कर साइबर ठगी को अंजाम देते थे, पुलिस ने खुलासा किया है कि गिरोह द्वारा कुल 82 फर्जी सिम कार्ड का उपयोग किया गया। आरोपी लोगों को फर्जी ट्रेडिंग लिंक भेजकर निवेश के नाम पर झांसे में लेते थे और फिर उनके खातों से रकम साफ कर देते थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रामवतार पुत्र बद्री लाल उम्र 26 साल, हंसराज पुत्र रतन लाल उम्र 28 साल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी साइबर फ्रॉड के पुराने खिलाड़ी बताए जा रहे हैं और इनके मोबाइल से कई अहम डिजिटल सबूत भी मिले हैं।

इसके अलावा पीपलू थाना क्षेत्र के संदेड़ा गांव में गुरुवार देर शाम को पुश्तैनी घर के पास बाड़े में नींव की खुदाई को लेकर दो पक्षो में खूनी संघर्ष हो गया। घटना में एक पक्ष ने पड़ोस में रहने वाले दूसरे पक्ष पर कुल्हाड़ी, सरिए और गंडासा से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे एक किसान की मौत हो गई तथा 3 गंभीर घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने सात जनों से अधिक लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया है। पीपलू थाना अधिकारी राजकुमार बिरला ने बताया कि ग्राम संदेडा निवासी पीडित पक्ष के दुर्गा लाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि नवल किशोर, कैलाश चंद, कजोडमल शर्मा जो अपने घर पर गुरुवार शाम को नींव की खुदाई कर रहे थे, तभी गांव में ही पड़ोस में रहने वाले मांगीलाल, लालाराम, रामलाल, रमेश, सांवरा, अंकित, रामअवतार, भगवती, पार्वती सभी एक साथ हाथों में धारदार हथियार, कुल्हाड़ी, सरिया और गंडासा लेकर आए तथा ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसमें नवल किशोर के सिर में गंभीर चोट लगी एवं कैलाश के हाथ पर और दिनेश के पैरों में गंभीर चोट आई। वही बीच-बचाव करने आए कजोड़मल शर्मा पर भी हमला कर दिया, इसके बाद हमलवार फरार हो गए।

### स्कूल के बाहर कचरा डिपो

**सांभरझील,** (निसं)। कटला बाजार स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर फिर से लोगों ने कचरा और गंदगी फेंकना शुरू कर दिया है। इससे विद्यालय प्रशासन अचंभित है, विद्यालय की खिड़की के नीचे दीवार के पास कई दिनों से कचरा नहीं उठाना बताया जा रहा है।

पूर्व पार्षद विष्णु कुमार सिंघानिया बताते हैं कि सरस्वती के मंदिर के बाहर गंदगी का आलम पालिका प्रशासन के लिए एक बेहद शर्मनाक स्थिति है। यहां पढ़ने के लिए आने वाली बालिकाओं के लिए यह स्थिति स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अनुकूल नहीं है और उनकी मानसिक पटल पर इसका बुरा असर पड़ता है।

जिस जगह कचरा डाला जा रहा है उसके ठीक सामने जयपुर ठाामीण का सबसे बड़ा सांभर पुस्तकालय है जहां सैकड़ों लोग सुबह-शाम अध्ययन करने आते हैं। नजदीक ही सेंट्रल बैंक की शाखा भी है और यहां से मुख्य रास्ता बाजार की ओर जाता है।

# विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी, सर्व समाज ने की बैठक

- सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठित
- किशनगढ़ बास में 8 फरवरी को होगा सम्मेलन, विभिन्न मंदिरों से यात्रा निकालकर महिलाएं एवं पुरुष होंगे शामिल।
- बैठक में बताया गया कि सम्मलेन से पहले कस्बे के विभिन्न मुख्य मन्दिरों से ध्वज यात्रा निकाली जाएगा

**किशनगढ़ बास।** विराट हिंन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को संत कंवर राम हरि मंदिर गुरुद्वारा में मदन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक हुई। इस बैठक में सम्मलेन को लेकर रूपरेखा तैयार कर मंच से लेकर प्रचार प्रसार व प्रसाद वितरण के लिए अलग अलग कमेटी गठित कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश सोनी, मानसिंह यादव ने बताया कि 8 फरवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मलेन को लेकर मुख्य बाजार स्थित सिंघी समाज के संत कंवर राम हरि मंदिर में सर्व समाज की बैठक आहूत की गई। यह बैठक समाज सेवी मदन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर सर्व समाज के लोगों ने आगे बढ़कर सहयोग राशि देने की घोषणा की। दशहरा मैदान पर आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर सुनील गुप्ता खैरथल ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक में सर्व सहमति से आयोजन समिति गठित की गई जिसमें अध्यक्ष मदनलाल गुप्ता तीतरका वाले वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेलाल गुप्ता ,प्रेमचंद सोनी, सूरजभान बंजारा, एवं धीरज अठावाल ,कोषाध्यक्ष कुंजीलाल अठावाल ,सचिव जयपाल यादव ,प्रचार मंत्री मानसिंह यादव एवं समिति के सदस्य एवं समाज के गणमान्य लोग सम्मिलित किए गए।

बैठक में बताया गया कि सम्मलेन से पहले कस्बे के विभिन्न मुख्य मन्दिरों से महिलाओं द्वारा ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में अधिक से अधिक महिलाएं शामिल हों इसके लिए महिला कार्यकर्ताओ को घर घर जाकर प्रचार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा पुरुष वर्ग द्वारा वाहन रैली ढोल बाजे के साथ प्रारंभ होकर संगम का रूप लेते हुए दशहरा मैदान अलवर रोड पहुंचेगी।

बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी गोकुल दास, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, पेंशनर्स समाज अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव, पूर्व प्रधान विनय व्यास, भाजपा युवा नेता एवं समाज सेवी विश्वास यादव, किशनगढ़ पीजी कॉलेज के चैयरमेन उमेश कांत वशिष्ठ, मदन लाल अग्रवाल, हरमेश खुराना, जनेश भूटानी, सन्तोष अठावाल, मनोज व्यास, सतीश गुप्ता, सुरेश मित्तल, रिंकेश गुप्ता, अनिल खुराना, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बावड़ी के नवीनीकरण का शिलान्यास

**हलैना भरतपुर** (निस)। वैर तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव हाथोड़ी स्थित प्राचीन बावड़ी के नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को विधिविधान एवं पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

शिलान्यास भारत सरकार के अवसंरचना वित्त निगम (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य समृद्ध ठााम्य अभियान सोसाइटी द्वारा आईआईएफसीएल के सहयोग से लगभग 3 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की प्राचीन जल संरचनाएं जैसे बावड़ियां, तालाब एवं कुएं हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ जीवन तंत्र का अभिन्न हिस्सा रही हैं।

समय के साथ इन संरचनाओं की उपेक्षा होने लगी, जिसके कारण वे अपनी उपयोगिता समाप्त होती चली गईं। वर्तमान समय में अनियमित वर्षा, गिरते भूजल स्तर और बढ़ते जल संकट ने इन ऐतिहासिक जल संरचनाओं की महत्ता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में ऐतिहासिक बावड़ियों के नवीनीकरण एवं संरक्षण हेतु विशेष पहल की जा रही है। हाथोड़ी गांव की इस बावड़ी के जीर्णोद्धार से न केवल एक ऐतिहासिक धरोहर को पुनर्जीवित किया जाएगा, बल्कि इससे ठाामीणों, पशुपालकों एवं पशुधन को मीठे पानी की स्थायी सुविधा भी उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर वैर पंचायत समिति के विकास अधिकारी सुरेश सैनी ने कहा कि जीर्णोद्धार के बाद यह बावड़ी क्षेत्र में जल संरक्षण का आदर्श उदाहरण बनेगी। इससे गांव के पशुपालकों, पशुधन एवं ग्रामीणों को नियमित रूप से जल उपलब्ध होगा तथा ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बावडी के संरक्षण एवं रख-रखाव में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समृद्ध ग्राम्य अभियान के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने कहा कि लगभग 300 लाख वर्ष पुरानी इस ऐतिहासिक बावडी के जीर्णोद्धार हेतु आईआईएफसीएल द्वारा पर्याप्त वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है।

### स्काउट गाइड सर्वांगीण विकास की पाठशाला

**भरतपुर,** (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ भरतपुर द्वारा आयोजित द्वितीय सोपान, तृतीय निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर ध्वजा रोहण प्रभारी कमिश्नर स्काउट गाइड केदार पाराशर द्वारा किया गया साथ ही चेयरमैन प्रेम सिंह आर्य प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, आलोक शर्मा सहा. प्रभारी स्टेट कमिश्नर राजस्थान, प्रदीप शर्मा सहा. प्रभारी स्टेट कमिश्नर राजस्थान के द्वारा शिविर का औचक निरिक्षण किया गया।

चेयरमैन प्रेम सिंह आर्य ने कहा कि स्काउट गाइड सर्वांगीण विकास की पाठशाला है यह शिविर आपको जीवन में सफल होने का सूत्र होगा। सहा स्टेट कमिश्नर आलोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा स्काउट गाइड हमें आत्मनिर्भर बनाता है।

शिविर का प्रतिवेदन भानु प्रताप सिंह सचिव स्काउट गाइड भरतपुर ने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 290 स्काउट गाइड रोवर रेंजर भाग ले रहें है।

शिविर में निम्न गतिविधियां जैसे प्रथम सोपन की गाठें, वी पी सिक्स, लॉर्ड वेडेन पावेल का इतिहास, फ्कैम्प फायर, परेड, स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा, झण्डा ज्ञान आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया

- एनएसएस जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. सीएल मीणा ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम बौद्धिक सत्र में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मधुकर ने मेरा युवा वोट मेरा अधिकार विषय पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलवाई। इस दौरान नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के तहत युवाओं पर नशे का बढ़ता दुष्प्रभाव विषय पर प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल द्वारा व्याख्यान दिया गया। एनएसएस जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. सीएल मीणा ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ प्रीति जैन ने स्वयंसेवकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने बताया कि प्राचार्य द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाते हुए यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में सहायक आचार्य राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की। मंच संचालन एनएसएस प्रभारी रूपा चौधरी ने किया। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत माई वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर ने बताया कि यह पदयात्रा देश भर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानी तथा जिला मुख्यालय में आयोजित की जा रही है। पदयात्रा को प्राचार्या मीनाक्षी बघेल, प्राचार्या डॉ प्रीति जैन, डॉ छोटेलाल मीणा, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। युवाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में रोहिल कुमार कट्टा, विशाल सैनी व सावन धाप सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

## सार-समाचार

### कृषा वैष्णव सम्मानित



**देवली** । जहां आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता की ओर अग्रसर है, वहीं टोडारायसिंह उपखंड के भासू गांव की 9 वर्षीय कृषा वैष्णव भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय संगीत की मिसाल बनकर उभरी हैं। कम उम्र में संगीत साधना को जीवन का आधार बनाकर कृषा ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। 77वें गणतंत्र दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कृषा को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वह इस समारोह में सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की प्रतिभा रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल से हटकर अतिथियों द्वारा कृषा को मंच पर बुलाकर आशीर्वाद देना सभी के लिए भावुक क्षण रहा । अब तक कृषा 2 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, 1 एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और 5 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुकी हैं। वे रिटायर्ड इंजीनियर रामनिवास वैष्णव की पोत्री एवं भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. जयराज वैष्णव की पुत्री हैं। इस सफलता के पीछे उनकी मां कृति वैष्णव का समर्पण और त्याग अहम रहा है। कृषा आज केवल बाल कलाकार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जीवंत प्रतीक बन चुकी हैं।

### शैलेश कौशिक भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बने

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने भरतपुर निवासी शैलेश कौशिक को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है। प्रदेश महामंत्री श्रवण बगडी की ओर से जारी प्रवक्ताओं एवं पैनलिस्ट की सूची में भरतपुर निवासी शैलेश कौशिक को पुनः लगातार दूसरी बार प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि शैलेष कौशिक पूर्व में भी भाजपा संगठन में जिले एवं प्रदेश में महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे है जिनमें प्रदेश सह-संयोजक मीडिया सेल भाजपा, संभाग मीडिया प्रभारी,जिला मंत्री भाजपा, जिला प्रवक्ता भाजपा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष भाजपा पाक्षिक प्रकोष्ठ के पद प्रमुख है,इसके अलावा जनाक्रोश यात्रा में हिंडौन विधानसभा के प्रभारी भी रहे है। इसके साथ-साथ नगर निगम भरतपुर में पार्षद एवं नगर सुधार न्यास में न्यासी भी रह चुके है।

### 'विभाजनकारी राजनीति का विरोध'

**जयपुर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का 14वां राष्ट्रीय सम्मेलन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में राजस्थान से 10 प्रतिनिधियों सहित देशभर से 870 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता पूर्व सांसद बृंदा कारात ने कहा कि जनवादी महिला समिति वर्तमान शासन की विभाजनकारी राजनीति का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि देश का समठा एवं समावेशी विकास दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, पिछडे एवं महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़कर ही सम्भव है। सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव मरियम ढवले ने संठन की केंद्रीय कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसके जवाब में सभी राज्यों के चुनिंदा प्रतिनिधियों ने अपनी राय रखी। अंत में 109 सदस्यीय नई राष्ट्रीय कमेटी चुनी गई जिसमें कणिका घोष को राष्ट्रीय महासचिव, पीके स्त्रीमति को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा तापसी प्रहराज को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया। राजस्थान से प्रांतीय महासचिव डॉ सीमा जैन तथा प्रांतीय अध्यक्ष कमला मेघवाल को राष्ट्रीय कमेटी का सदस्य चुना गया। सम्मेलन में लोकतांत्रिक एवं प्रगतिशील शक्तियों को एकजुटता के साथ जनहित के संघर्ष को और मजबूत करने का आव्हान किया।

### महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

**फुलेरा।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 11 बजे गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया साथ ही अनेक कांठोस जनों ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही उपस्थित कांग्रेसजनों एवं नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रिपता को नमन किया। इस अवसर पर जितेंद्र अग्रवाल, योगेश सैनी, विष्णु सोनी, महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, अलीमुद्दीन जोया, अब्दुल लतीफ कुरैशी, दुर्गा सिंह, आसिफ अली, गणेश बिजारणिया, ओम सिंह, सुगनचंद वर्मा, हनुमान कटारिया, प्रेमचन्द सैनी, ओमप्रकाश प्रिंस सैनी, गिरिराज तंवर, राजेंद्र सैनी, मुकेश शर्मा, बलबीर गुर्जर, ताराचंद गेनोलिया सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### शहीद दिवस मनाया

**दौसा।** श्रीसंत सुंदरदास राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय दौसा में शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अहिंसा के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय की छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम को गाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के अंतर्गत आज जेंडर सेंसटाइजेशन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा द्वारा की गई। मुख्य वक्ता अंकुश मीणा सह आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग ने इस विषय पर अपने विचारों से छात्राओं को अवगत करवाया। लैंगिक संवेदनशीलता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि लैंगिक भेदभाव सामाजिक परिवेश में पनपता है यह एक प्राकृतिक चीज नहीं है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 21 का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान में सभी को चाहे महिला हो, पुरुष हो या ट्रांसजेंडर हो समान अधिकार दिए गए हैं।

## खेतों से उपकरण चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

- चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने लिया हिरासत में

**पावटा।** भाबरू थाना पुलिस ने खेतों से सिंचाई उपकरणों की चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खेतों से स्टार्टर, फव्वारे के नोजल एवं केबल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले कबाडी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

मामले का खुलासा करते हुए उपमहानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली बहरोड देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में बढती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली बहरोड नाजिम अली खान एवं वृताधिकारी वृत विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन व थानाधिकारी पुलिस थाना भाबरू रामकिशोर के नेतृत्व में थाना स्तर टीम गठित की जाकर खेतों से स्टार्टर, फव्वारे नोजल एवं केबल चोरी करने के अभियुक्त एवं चोरी का माल खरीदने वाले कबाडी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी किया गया माल मसरूका स्टार्टर, फव्वारे नोजल एवं केबल बरामद किया गया।

घटना की जानकारी देते हुए थानाधिकारी पुलिस थाना भाबरू रामकिशोर ने बताया कि 26 जनवरी 2026 को परिवादी मनीष कुमार यादव ने भाबरु थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी ढाणी के पास स्थित बिजली के कनेक्शन से दिनांक 21-22 जनवरी की रात को अज्ञात चोर स्टार्टर, फव्वारे नोजल एवं केबिल चुराकर ले गये।

जिस पर मामला दर्ज कर मुलजिमो की तलाश पतारसी की गई। चूँकि ग्राम सीतापुर एवं लुहाकना में पिछले कई महीनों से इस तरह की घटनायें होना सामने आ रही थी।

### किसानों के धरना प्रदर्शन की सरकार ने अब तक नहीं ली सुध

**देवली।** यहां पिछले 36 दिनों से बीसलपुर बांध क्षेत्र के विस्थापित किसान उपखंड परिसर के बाहर धरना देकर बैठे हुए हैं । 36 दिनों से चल रहे इस धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों की राजस्थान सरकार ने अब तक सुध नही ली है,,

- किसान 11 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड परिसर के बाहर दे रहे है धरना

सरकार की इस बेरुखी से नाराज गरीब और विस्थापित किसान अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर इस कडकडाती सर्दी के बीच उपखंड परिसर के बाहर धरना देकर बैठे हुए हैं। जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध क्षेत्र समन्वय समिति केकड़ी और देवली के विस्थापित किसान अपने परिवार की भरण पोषण की भूमि को बचाने के लिए 36 दिनों से धरना देकर बैठे हुए हैं इधर किसानों ने बताया कि बीसलपुर बांध के जल भराव क्षमता को और 9 बढ़ाने की नीति एवं योजना बीसलपुर बांध क्षेत्र के किनारे 64 गांव पानी में डूब जाएंगे

## फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं में रहा भारी उत्साह, मिसफेयर व मिस्टरफेयर का चयन

- माता-पिता व गुरूजनों का नाम रोशन करें छात्र : शर्मा

**निवाई।** स्थानीय एमडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय सचिव ब्रजसुंदर शर्मा एवं उपनिदेशक यशवर्धन शांडिल्य ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। सचिव ब्रजसुंदर शर्मा ने कहा कि प्रतिभा और पानी स्वयं अपना रास्ता तय करते है। उन्होंने कहा कि माता-पिता व गुरूजनों का सम्मान करें।

कडी मेहनत करके अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करके अपने माता-पिता व गुरूजनों का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य गंगाधर बैरवा ने विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम लाने एवं जीवन में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के उपनिदेशक यशवर्धन शांडिल्य ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं एकल एवं सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान वर्ग में मिसफेयर रचना चौधरी व मिस्टरफेयर कुलदीप मीणा रहे। इसी प्रकार कला वर्ग में मिसफेयर ईशा शर्मा व मिस्टरफेयर युवराज सैनी रहे।



निवाई के एमडीएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल में फेयरवेल पार्टी में मिसफेयर व मिस्टरफेयर को सम्मानित किया गया।

# ''इंडिया स्टोन मार्ट'' से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा : कर्नल राठौड़

## सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 5 से 8 फरवरी तक होगा आयोजन, प्रदर्शनी भी लगेगी

**जयपुर** (कासं)। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट-2026 के आयोजन से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश के कारीगरों को देश-विदेश में इस क्षेत्र की नवीनतम तकनीक की जानकारी मिल सकेगी। रीको, सीडोस और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम नीति संवाद, तकनीक और वैश्विक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय मंच बनेगा। ज्ञात रहे कि जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 5-8 फरवरी तक यह आयोजन होगा। करीब 25 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहां 539 स्टॉल्स के माध्यम से स्टोन, मशीनरी और वैल्यू-एडेड उत्पादों का प्रदर्शन होगा। चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक इसमें शामिल होंगे। इसके साथ ही यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, ग्रीस, श्रीलंका, अफ़ग़ानिस्तान, मॉरीशस, जर्मनी और रूस सहित 20 से अधिक देशों से अंतरराष्ट्रीय विज़िटर्स, खरीदार, आर्किटेक्ट्स, डवलपर्स और उद्योग प्रतिनिधियों की इस आयोजन में सहभागिता है।

कर्नल राठौड़ ने शुक्रवार को इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान इस आयोजन में शामिल होने वाले देश-विदेश के प्रतिभागियों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। पत्थर उद्योग क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2000 में शुरू हुए इंडिया स्टोन मार्ट का इस वर्ष 13वां संस्करण है। यह अब तक का सबसे भव्य आयोजन होगा। इसमें चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक भी शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टोनमार्ट के संयोजक नटवर अजमेरा, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सह महामंत्री नरेश पारीक, रूडा की मैनेजिंग डायरेक्टर मनीषा अरोड़ा, सीडीओएस के सीईओ मुकुल रस्तोगी, सीडीओएस के चेयरमैन दीपक अजमेरा, लघु उद्योग भारती की राष्ट्रीय सचिव अंजू सिंह, लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम मौजूद रहे।



**उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्टोन मार्ट के आयोजन के बारे में जानकारी साझा की।**

### ओडीओपी पवैलियन होगा खास

कर्नल राठौड़ ने बताया कि आयोजन में राजस्थान में एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित पत्थर के उत्पादों के प्रदर्शन के लिए एक विशेष पवैलियन बनाया जाएगा। इससे प्रदेश के इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे इन उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कर्नल राठौड़ ने कहा कि राजस्थान को स्पष्ट नेतृत्व और नीति से नई दिशा मिला है। पिछले दो साल में निवेश प्रोत्साहन के लिए नई नीतियां और योजनाएं लागू की गई है। भजनलाल सरकार के इन प्रयासों के कारण राजस्थान एक बेहतरीन निवेश गंतव्य बन गया है। राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर काम शुरू हो गया है।

### सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार दे रही सरकार

कर्नल राठौड़ ने कहा कि पिछले दो वर्ष में राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतरीन काम किया है। अब तक राजकीय क्षेत्र में एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1.54 लाख पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निवेश समझौतों को धरातल पर उतारा जा रहा है। इस क्रम में राइजिंग राजस्थान, प्रवासी राजस्थानी दिवस का सफल आयोजन किया गया है। साथ ही, प्रदेश के युवाओं को खुद का रोजगार शुरू करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा हाल ही में नई योजना लागू की है। इस मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत एक लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इंडिया स्टोनमार्ट के संयोजक नटवर अजमेरा ने बताया कि आयोजन लगभग 25 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसमें 539 स्टॉल्स लगाए जाएंगे। इस संस्करण की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय भागीदारी है। पहली बार चीन, तुर्की, ईरान, थाईलैंड, इटली, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका जैसे 8 देशों से प्रदर्शक इंडिया स्टोनमार्ट में भाग ले रहे हैं। यह वैश्विक विश्वास और आयोजन की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सह महामंत्री नरेश पारीक ने कहा कि, यह आयोजन छोटे और मध्यम उद्यमों को अंतरराष्ट्रीय बाजार, नई तकनीक और निवेशकों से सीधे जोड़ने का कार्य कर रहा है। रूडा की मैनेजिंग डायरेक्टर मनीषा अरोड़ा ने कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट 2026 राज्य के शहरी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और डिज़ाइन इकोसिस्टम को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि स्टोन इंडस्ट्री का उपयोग स्मार्ट सिटी, अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबल आर्किटेक्चर में बढ़ाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीडीओएस के चेयरमैन दीपक अजमेरा ने कहा कि इस बार आयोजन में तकनीक, डिज़ाइन, सस्टेनेबिलिटी और नवाचार पर विशेष फोकस रखा गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल एग्ज़िबिशन ऐप, मल्टी-लैंग्वेज वेबसाइट, अंतरराष्ट्रीय रोडशो, ओडीओपी पवेलियन, स्टूडेंट कॉम्पिटिशन और पॉलिसी डायलॉग जैसे कई नवाचार पहली बार इस संस्करण का हिस्सा है।

लघु उद्योग भारती की राष्ट्रीय सचिव अंजू सिंह ने कहा कि यह आयोजन छोटे और मध्यम उद्योगों को न केवल अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ता है, बल्कि उन्हें नई तकनीक, डिज़ाइन इनोवेशन और नीति-संवाद का सीधा लाभ भी प्रदान करता है। लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम ने कहा कि राजस्थान की स्टोन इंडस्ट्री में संसाधन, कौशल और उद्यमशीलता की अपार संभावनाएं हैं।

- **करीब 25 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में लगने वाली प्रदर्शनी में 539 स्टॉल्स पर स्टोन, मशीनरी और वैल्यू-एडेड उत्पादों का प्रदर्शन होगा**
- **इस आयोजन में चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित कई देशों से प्रदर्शक शामिल होंगे**

## अभिनव वर्मा बने कार्यपालक निदेशक



**जयपुर।** अभिनव वर्मा ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. की राजस्थान परियोजना के कार्यपालक निदेशक (ईडी) का पदभार संभाला। विद्युत क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के अनुभव वाले अभिनव वर्मा को इंजीनियरिंग, निर्माण, परियोजना प्रबंधन, एसेट मैनेजमेंट तथा एचवीडीसी तकनीक में विशेष दक्षता प्राप्त है। आईटी लखनऊ से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पश्चात उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रोहतक से पीजीडीएम की डिग्री प्राप्त की है। अपने अब तक के कार्यकाल में उन्होंने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और गोवा जैसे कई राज्यों में पावरग्रिड की महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन परियोजनाओं के साथ यूएलडीसी एवं टेलीकॉम के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई है। इससे पूर्व, उन्होंने पावरग्रिड केंद्रीय कार्यालय में कॉर्पोरेट प्लानिंग एवं स्ट्रैटेजी विभाग में अपनी सेवाएँ प्रदान की थी।

## कचरे के ढेर में मिली नवजात बच्ची

**जयपुर।** गलता गेट इलाके में अज्ञात माता-पिता अपनी नाजाईश पैदाईश को छुपाने के लिए एक दिन की नवजात बच्ची को कचरे के ढेर में छोड़कर फरार हो गए। बच्ची के रोने की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर जुट गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज व अस्पताल का रिकॉर्ड खंगाला।

## सार-समाचार

### रोहिणी सिंह की आर्ट एग्जीबिशन



**जयपुर।** जयपुर आर्ट वीक में जयपुर की कलाकार रोहिणी सिंह की आर्ट एग्जीबिशन का आयोजन उनके निजी आर्ट स्टूडियो में किया जा रहा है। इस एग्जीबिशन में ट्रैवल, पहाड़ों, रोजमर्रा के जीवन के पलों से प्रेरित लगभग 50 पेंटिंग्स और पोस्टकार्ड्स को विभिन्न शैलियों में शोकेस किया गया है। यह पेन्टिंग्स कलाकार की वर्ष 2010 से लेकर अब तक की रचनात्मक यात्रा को दर्शाती है। कलाकार रोहिणी ने पब्लिक आर्ट्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय कला उत्सव जयपुर आर्ट वीक 5.0 की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से कलाकारों को अपनी कला को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने, नेटवर्क बनाने और नई पहचान स्थापित करने के अवसर मिल रहे हैं। अपनी एग्जीबिशन पर बात करते हुए रोहिणी ने कहा कि, ''मेरा आर्ट वर्क मेरे रोज़मर्रा के जीवन से प्रेरित है, जिसमें लाईफ, होप, मिस्ट्री, डेथ जैसी कई मानवीय भावनाएं जुड़ी हैं। अपनी यात्राओं और रोज़मर्रा के दौरान जो कुछ मैं देखती हूं, महसूस और अनुभव करती हूं, उन भावनाओं को मैं अपनी कला के माध्यम से व्यक्त करती हूं।''

### आर्ट वीक में कला, संवाद और प्रयोग



**जयपुर।** जयपुर आर्ट वीक के चौथे दिन शहर में कला, संस्कृति और रचनात्मक प्रयोगों की जीवंत झलक देखने को मिली। सुबह से लेकर शाम तक आयोजित विविध कार्यशालाओं, पैनल चर्चाओं और स्टूडियो विज़िट्स में कलाकारों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। दिन की शुरुआत यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में आयोजित 'द स्ट्रीट ऐज़ स्टूडियो' फोटोवॉक से हुई। गोलचा सिनेमा से प्रारंभ हुई इस अनोखी कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फोटोग्राफर जेरोम डे परलिंघी ने प्रतिभागियों को सार्वजनिक स्थलों पर पोर्ट्रेट फ़ोटोग्राफी की बारीकियों से परिचित कराया। श्वेत-श्याम फोटोग्राफी के माध्यम से शहरी जीवन, मानवीय भाव और सार्वजनिक संवाद को समझने का अवसर मिला। दिन के मध्य सत्रों में पिंक सिटी स्टूडियो में आयोजित 'मिनिएचर पेंटिंग: प्रैक्टिस, प्रोसेस एंड डायलॉग' ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। कलाकार रियाज़ उद्दीन और पास्कल उंगरर ने समकालीन मिनिएचर पेंटिंग की प्रक्रिया, विचार और तकनीकों पर संवाद किया।

### 'एच्ड इन सिल्वर' प्रदर्शनी का आयोजन



**जयपुर।** द पैलेस स्कूल में विद्यालय की रजत जयंती के अवसर पर फोटोग्राफी प्रदर्शनी ''एच्ड इन सिल्वर'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं विद्यालय की संस्थापिका, दीया कुमारी ने पूजा-अर्चना की तथा अपने कर-कमलों से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान दीया कुमारी ने विद्यालय के ''कनेक्ट इंटरैक्ट क्लब'' के विद्यार्थियों के साथ मिलकर सामुदायिक सेवा के अंतर्गत खिचड़ी तैयार करने तथा उसे जरूरतमंदों में वितरित करने में सहयोग किया, जिससे छात्रों को करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संदेश मिला। कार्यक्रम के दौरान हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह एवं प्रिंसेस गौरवी कुमारी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### डॉ. हर्ष मिश्रा को राष्ट्रीय अवार्ड मिला



**जयपुर** (कासं)। त्रेतायुग फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। जिसमें भारत के उन राष्ट्रीय गौरव का सम्मान हुआ, जिन्होंने हर क्षेत्र चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो,चिकित्सा क्षेत्र हो,समाज सेवा,प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र से हो,कला क्षेत्र से हो या किसी अन्य क्षेत्र से हो। इस समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में वर्ष 2026 के लिए डॉ. हर्ष मिश्रा (आहार और पोषण विशेषज्ञ) को पोषण और डायटेटिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल प्राइड एंड एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से पुरस्कृत किया गया।

## एलआईसी का टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू




**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) सलील विश्वनाथ ने 28 जनवरी को लखनऊ स्थित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 का उद्घाटन किया। समारोह में लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की सचिव (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) एस. गायत्री तथा उत्तर मध्य क्षेत्र, कानपुर के प्रादेशिक प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अजय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड का वार्षिक आयोजन है, जिसका इस वर्ष आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जा रहा है। इसमें एलआईसी सहित 13 सार्वजनिक क्षेत्र संगठनों के लगभग 120 खिलाड़ी भाग ले रहे है। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सलील विश्वनाथ ने अनुशासन, एकाग्रता और सहनशीलता के विकास में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## सिग्नल-फ्री सिटी के रूप में जयपुर के विकास पर जोर

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजधानी जयपुर को सिग्नल-फ्री सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस एवं व्यवहारिक प्रस्तावों पर गंभीरता से कार्य करे। आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली तथा सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन से न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने यह निर्देश शुक्रवा रको राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित, पारदर्शी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाएं। उन्होंने शहरी विकास से संबंधित नीतियों, नियमों एवं प्रक्रियाओं पर भी विचार-विमर्श किया।

## *नीरजा मोदी स्कूल के कक्षा 9 और 11 के विद्यार्थी दूसरे स्कूल में शिफ्ट नहीं होंगे*

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीरजा मोदी स्कूल की कक्षा चार की छात्रा के आत्महत्या करने के बाद सीबीएसई की ओर से स्कूल की संबद्धता वापस लेने के मुद्दे पर फिलहाल राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने स्कूल प्रबंधन को कहा है कि वह सीबीएसई संबद्धता उप-नियम के नियम 13.10 के तहत एक सप्ताह में अपना अभ्यावेदन पेश करे। वहीं सीबीएसई तीन सप्ताह में अभ्यावेदन का निस्तारण करे। तब तक अदालत ने कक्षा 9 और कक्षा 11 के विद्यार्थियों को दूसरे स्कूल में शिफ्ट नहीं करने को कहा है। जस्टिस बिपिन गुप्ता की एकलपीठ ने यह आदेश नीरजा मोदी स्कूल की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान सीबीएसई के अधिवक्ता एमएस राघव ने जवाब पेश कर कहा कि सीबीएसई के सम्बद्धता उप-नियम के नियम 13.10 के तहत प्रावधान है कि स्कूल को दंडादेश के खिलाफ अभ्यावेदन पेश करना होता है, जबकि याचिकाकर्ता ने इसके बिना सीधे ही याचिका पेश कर दी।

इसके अलावा समबद्धता वापस लेने से वर्तमान में कोई विद्यार्थी प्रभावित नहीं हो रहा है। सीबीएसई ने इसी स्कूल से कक्षा दस व कक्षा बारह के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। वहीं कक्षा 9 व कक्षा 11 के विद्यार्थियों को भी उनके परीक्षा परिणाम या 31 मार्च, 2026 तक दूसरी स्कूल में शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। सीबीएसई ने यह भी कहा कि स्कूल में एंटी बुलिंग सहित अन्य कमेटी केवल कागजों में ही काम कर रही थी। मृतका लंबे समय से बुलिंग की शिकार हो रही थी, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्कूल में सुरक्षा मानकों की भी अवहेलना हुई है। सीबीएसई ने तथ्यों के आधार पर ही स्कूल की संबद्धता वापस ली है। स्कूल प्रशासन ने समबद्धता वापस लेने को चुनौती देते हुए कहा है कि इससे सैकड़ों विद्यार्थी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

- **हालांकि राजस्थान हाईकोर्ट ने सीबीएसई द्वारा स्कूल की सम्बद्धता वापस लेने के मुद्दे पर नीरजा मोदी को राहत नहीं दी है**
- **परंतु अदालत ने स्कूल प्रबंधन को कहा है कि वह सीबीएसई संबद्धता उप-नियम के नियम 13.10 के तहत एक सप्ताह में अभ्यावेदन पेश करे।**

## ग्राम उत्थान शिविरों से ग्रामीण विकास को नई गति : मुख्य सचिव

**जयपुर** (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्री निवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में प्रदेशभर में आयोजित हो रहे ग्राम उत्थान शिविरों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार एवं जिलेवार शिविरों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीण परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ा जा रहा है। शिविरों के प्रथम चरण के तीन दिनों में प्रदेश के 941 गिरदावर सर्किलों में शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 6 लाख 59 हजार 208 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित 13 प्रमुख विभागों की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। शेष ग्राम उत्थान शिविर 31 जनवरी, 1 फरवरी तथा 5 से 9 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से प्रदेश के 2,839 गिरदावर सर्किलों को कवर किया जाएगा।


**मुख्य सचिव वी. श्री निवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेशभर में आयोजित हो रहे ग्राम उत्थान शिविरों की समीक्षा बैठक हुई।**

कृषि विभाग द्वारा 2.26 लाख किसानों को फसल बीमा एवं 2.33 लाख ग्रामीणों को एमएसपी की जानकारी दी गई। साथ ही 1.80 लाख से अधिक बीज मिनीकिट वितरण का सत्यापन किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 2.60 लाख पशुओं का उपचार, 47 हजार पशुओं का मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकरण तथा 20 हजार से अधिक टीकाकरण किए गए।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 19,025 पात्र परिवारों के आवेदन भरवाए गए। सहकारिता विभाग द्वारा 15 हजार नए किसान क्रेडिट कार्ड, 25 हजार सदस्यता आवेदन स्वीकृत तथा 4,100 से अधिक बैंक खाते खोले गए। पंचायती राज विभाग ने 32 हजार से अधिक स्वामित्व कार्ड वितरित किए।

शिविरों में आगामी वर्ष की गतिविधियों के आवेदन पत्र तैयार करवाए जा रहे हैं, इस वर्ष के अनुदान आवेदनों की वर्तमान स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही जटिल प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार सभी आवेदनों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कर योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीण नागरिकों तक पहुँचाया जा रहा है।

- **941 शिविरों में 6.59 लाख से अधिक ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ**

## शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि


**शहीद दिवस पर शुक्रवार प्रातः 11 बजे राजस्थान विधानसभा के सदन में देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व सभी सदस्यों को राष्ट्र की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखने के लिये कहा। सदन में उपस्थित सभी सदस्यगण ने शहीदों के बलिदान को नमन किया। शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और देश सेवा के उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।**

## मृदुभाषी जनसंपर्क के चेहरे दयाशंकर शर्मा सेवानिवृत्त



**जयपुर** (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक दयाशंकर शर्मा 34 वर्ष की राजकीय सेवा के उपरांत शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इनके साथ ही विभाग के सहायक कर्मचारी मूलचंद मौर्या भी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा शर्मा एवं मौर्या को भावभीनी विदाई दी गई।

सचिवालय स्थित मुख्यालय में आयोजित समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त राकेश शर्मा ने दयाशंकर शर्मा को सरल, सहज एवं मृदुभाषी जनसंपर्क का चेहरा बताते हुए जनसंपर्क के क्षेत्र में दोनों कार्मिकों के योगदान को प्रेरणादायी बताया। शर्मा ने अपने 34 वर्षों के राजकीय सेवा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य का निर्वहन समाज के प्रति समर्पित भाव से करना चाहिए। उन्होंने जनसम्पर्क परिवार द्वारा उन्हें सेवाकाल में दिए स्नेह, अनुभव के लिए आभार जताया। उल्लेखनीय है कि दयाशंकर शर्मा ने लंबे समय तक पुलिस आयुक्तालय सहित विभिन्न विभागों में जनसंपर्क सेवा के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दीं हैं। इस दौरान उनके सौम्य व्यवहार और कार्यशैली ने सभी के मन में एक अनूठी छाप छोड़ी। इस अवसर पर विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. गोरधन लाल शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (क्षेत्र प्रचार) नर्मदा इंदौरिया, संयुक्त निदेशक (समाचार) मनमोहन हर्ष, सहायक निदेशक प्रियंका अग्रवाल ने दयाशंकर शर्मा के योगदान की सराहना की।

## कांग्रेस विधायक बुडानिया ने प्रदेश में लड़कियों द्वारा घर छोड़ने का मुद्दा उठाया

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक नरेंद्र बुडानिया ने जहां प्रदेश की सामाजिक स्थिति और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। कांग्रेस विधायक नरेंद्र बुडानिया ने सदन में कहा कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो पूरे समाज को शर्मसार करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों के घर से भागने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे माता-पिता रातों की नींद खो चुके हैं।

बुडानिया ने दावा किया कि हजारों लड़कियां प्रेमियों के साथ घर छोड़ रही है और हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि चार-चार बच्चों की मां भी घर से भाग रही हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में जब पुलिस लड़कियों को ढूंढकर वापस घर लाती है, तो वे अपने ही माता-पिता को पहचानने से इनकार कर देती हैं। एक बेटी अगर अपने मां-बाप से कह दे कि मैं तुम्हें नहीं पहचानती, तो इससे बड़ी पीड़ा और क्या हो सकती है, बुडानिया ने भावुक होते हुए कहा। उन्होंने एक मार्मिक उदाहरण देते हुए बताया कि एक मामले में बेटी के वापस आने के बाद पिता इतना टूट गया कि उसने आत्महत्या कर ली।

बुडानिया ने कहा कि यह केवल कानून या सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का विषय नहीं है, बल्कि सभी राजनीतिक दलों और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है कि लड़कियों के घर छोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए गंभीरता से विचार किया जाए और कोई ठोस रास्ता निकाला जाए। इसी बहस के दौरान बुडानिया ने सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि हारे हुए बीजेपी उम्मीदवारों से सरकारी योजनाओं का उद्घाटन करवाया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने तारानगर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2023 में उनके इलाके में अस्पताल का शिलान्यास हो चुका था, लेकिन उद्घाटन के समय न तो स्थानीय विधायक को बुलाया गया और न ही स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे।

बुडानिया ने कहा कि अस्पताल का उद्घाटन पानी के मंत्री द्वारा किया गया, जबकि शिलान्यास पट्टिका पर स्थानीय विधायक का नाम न होकर हारे हुए विधायक उम्मीदवार का नाम दर्ज था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, हारे हुए उम्मीदवार कैंची लेकर उद्घाटन करते घूम रहे हैं और चुने हुए विधायक विधानसभा में अपनी बात रख रहे हैं। यह विधायकों की गरिमा के खिलाफ है। वहीं, बीजेपी विधायक जसवंत यादव ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट कटने के नाम पर बेवजह हल्ला मचा रही है। यादव ने कहा, आपका-हमारा वोट कटे तो हम मान सकते हैं, लेकिन जब बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के नाम वोटर लिस्ट से हटते हैं, तो कांग्रेस को इतनी तकलीफ क्यों हो रही है?यादव ने दावा किया कि एसआईआर में मुसलमानों से ज्यादा हिंदुओं के वोट कटे हैं और कांग्रेस को मुसलमानों के नाम पर हौव्वा खडा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस देश में पैदा हुआ व्यक्ति चाहे हिंदू हो या मुसलमान, उसका वोट नहीं कटना चाहिए।

- **बुडानिया ने भावुक होते हुए कहा ''कई मामलों में जब पुलिस लड़कियों को ढूंढकर वापस घर लाती है, तो वे अपने ही माता-पिता को पहचानने से इनकार कर देती हैं। एक बेटी अगर अपने मां-बाप से कह दे कि मैं तुम्हें नहीं पहचानती, तो इससे बड़ी पीड़ा और क्या हो सकती है?''**



## Protecting Stripes and Wildlife

International Zebra Day, observed every January 31, is dedicated to raising awareness about the conservation of zebras and their natural habitats. These strikingly striped animals are not just iconic symbols of African wildlife but also play a vital role in maintaining ecological balance. The day encourages wildlife enthusiasts, conservationists, and the general public to learn about the threats zebras face, including habitat loss and poaching, and to support protection initiatives. Schools, zoos, and wildlife organizations often host educational programs, photo exhibitions, and campaigns to celebrate these magnificent creatures and inspire global efforts for their survival.

#BELIEF

# Grow Them Big

### The Cultivation of Big-Size Fruits and Vegetables in China is an ancient tradition



In Chinese agriculture, the pursuit of larger fruits and vegetables has become a notable trend, driven by both consumer demand and cultural significance. Among the most impressive examples are the Chinese big-size bottle gourd, watermelon, and pomegranate, all cultivated to substantial sizes to cater to market preferences and traditional belief.





**Chinese Big-Size Bottle Gourd**

The bottle gourd (Hu Lu) is a versatile vegetable that has been cultivated in China for centuries. Recently, farmers have focused on producing larger varieties, particularly in regions like Guangxi and Zhejiang, where the climate is favorable for their growth. The big-size bottle gourd holds cultural value, symbolizing prosperity and longevity in Chinese tradition. While large gourds are prized for their symbolic meaning, the shift to bigger sizes can sometimes affect their flavor and nutritional content, with emphasis placed on size over taste.

**Giant Watermelon in China**

Watermelons are a summer staple in China, especially in regions like Xinjiang and Henan, which are known for growing some of the world's largest varieties. These giant watermelons, which can weigh over 20 kg, are highly sought after for their visual appeal and sweetness. They are often showcased in festivals and agricultural exhibitions. However, the focus on producing larger melons can lead to issues like lower sugar content and flavor dilution, as rapid growth driven by fertilizers and genetically modified seeds sometimes compromises quality.




**Big Pomegranates: Symbol of Fertility**

Pomegranates, especially large ones, are widely cultivated in regions like Gansu and Guangdong. Known for their symbolism of fertility and prosperity, large pomegranates are seen as more auspicious and are often sold at a premium. Their cultivation involves selective breeding to produce bigger, juicier fruits. However, this focus on size can reduce genetic diversity and raise concerns about the environmental impact of intensive farming practices.

The emphasis on large fruits and vegetables in China, including the big-size bottle gourd, watermelon, and pomegranate, reflects both cultural traditions and market demands. While these oversized crops are visually appealing and commercially valuable, they come with challenges, including environmental strain, reduced flavor quality, and potential biodiversity loss. Balancing size with sustainability and nutritional value will be crucial for the future of Chinese agriculture.







# Untold stories of Indian cricket

While the early chapters glow with warmth and reminiscence, the narrative gradually shifts to chart the dramatic transformation of Indian cricket. Mathur self-deprecatingly calls himself a 'concussion sub,' yet, his three-decade-long association with the sport places him at the heart of seismic changes, from cream-coloured flannels to coloured kits, from leisurely Test matches to the 'bang-bang' era of television deals, sponsorships, and franchise cricket.

#PITCHSIDE TO BOUNDARY



Indian Cricket Team meeting Nelson Mandela in South Africa.

● **Asif Ullah Khan**

The famed American film critic, Roger Ebert, once described nostalgia as a longing for lost innocence and an ache for youthful optimism. That sentiment finds a natural echo in *Pitchside: My Life in Indian Cricket*, in which Amrit Mathur, civil servant, cricket administrator, and writer, takes readers on a reflective journey through the ever-evolving landscape of Indian cricket, not from centre stage, but from the gallery, the corridors of power, and the quiet sidelines where memory lingers.

Mathur's book is less a conventional autobiography and more a tapestry of recollections, anecdotes, portraits, and personal encounters woven into a broader chronicle of how Indian cricket transformed from genteel amateurism into a high-octane commercial spectacle. At its heart, Pitchside is not merely about matches won or lost; it is about people, institutions, and a game that mirrors the shifting rhythms of Indian society.

In the chapter, *Opening the Account*, Monny, as Mathur is popularly known, recalls Jaipur's cricketing nursery at the St. Xavier's School nets, where the formidable N. D. Marshall served as coach. Marshall Sahab, a member of India's historic 1932 tour of England under Col. C. K. Nayudu, epitomised old-school cricketing orthodoxy. A fundamentalist of technique, he believed a batsman should play strictly within the classical 'V.' Any flamboyant stroke, the pull, sweep, or hook, invited his wrath, often delivered in sharp, Parsi-accented Hindi. Through Marshall, Mathur resurrects a vanished ethos of discipline, restraint, and reverence for tradition.




Sunil Gavaskar.

He also revisits the legendary State Sports Council summer cricket camps at Mount Abu, a formative space for aspiring cricketers in Rajasthan. Anyone who attended these camps finds it hard to forget their encounters with the great Mushtaq Ali, who could, with a single stump hit fast bowlers out of the nets. Mathur reminisces about this experience with fondness, and I know this nostalgia personally: my brother, Arif Ullah Khan, attended the camp alongside Mathur and still recounts those unforgettable moments decades later. In this sense, Pitchside functions not only as Mathur's memory book but as a collective archive of Indian cricket's grassroots past.



Jagmohan Dalmiya.

While the early chapters glow with warmth and reminiscence, the narrative gradually shifts to chart the dramatic transformation of Indian cricket. Mathur self-deprecatingly calls himself a 'concussion sub,' yet, his three-decade-long association with the sport places him at the heart of seismic changes, from cream-coloured flannels to coloured kits, from leisurely Test matches to the 'bang-bang' era of television deals, sponsorships, and franchise cricket.

The rise of the Indian Premier League is like a Bollywood blockbuster, glamorous, frenetic, and crowded with characters. Alongside star players and corporate moguls came bookies, match-fixing syndicates, insider leaks, political power brokers, and administrators navigating an unprecedented flood of money. Yet, Mathur deliberately avoids washing the BCCI's dirty linen in public, he compensates by peppering the book with revealing and engaging anecdotes that underscore his deep and long-standing relationships with players and officials.

His insider status lends the book a rare vantage point. Having risen from college cricket to sports writing, and eventually to the upper echelons of the BCCI, Mathur, had he wished, could have played the whistleblower in the mould of Edward Snowden or Julian Assange. Instead, he chooses discretion. In an institution often seen as murkier than Delhi's winter air, he honours the sanctity of the responsibilities entrusted to him.




Amrit Mathur with Sachin Tendulkar.

One of the book's most engaging sections comes after the chapters on Mount Abu and St. Xavier's School, Mathur's portrait of former India captain Mansur Ali Khan Pataudi. Born into royalty, Tiger Pataudi, as he was popularly known, blended regal flamboyance with razor-sharp, often acerbic commentary on cricket. To outsiders, this sometimes translated into an image of arrogance. However, those who knew him closely suggest that this perception stemmed less from pride and more from his intensely private nature.

My former Pakistani editor at *Khaleej Times*, Tahir Mirza, who was distantly related to Pataudi, never found him arrogant. He once recalled an incident from a social gathering: despite physical discomfort, Tiger insisted on standing up whenever a woman entered the room, even when Bacchus had been particularly generous. The gesture reflected not arrogance, but old-world courtesy and deeply ingrained chivalry.

Mathur reinforces this reassessment. His long association began when Pataudi was the editor of Sports World. He recalls Tiger as a reserved, guarded, and intensely private individual, particularly in lively social settings. Far from being aloof, Pataudi was selective about friendliness, a trait often misread as haughtiness.



Mushtaq Ali.

Mathur also dispels another long-standing myth, that Pataudi and Salim Durrani did not get along. In fact, Pataudi, who rarely indulged in ranking or comparing players, once listed five or six names when asked to identify the best Indian team, handed the paper to Mathur with a simple instruction: "Make sure Salim Durrani's name is there." The anecdote reveals a generosity of spirit and fairness that defined Pataudi's cricketing ethos.

One episode that highlights how Tiger Pataudi remained a purist until his final years comes from Mathur's memory of taking him to Feroz Shah Kotla for an IPL match. The booming, high-decibel music during over breaks and intervals felt like sheer torture to Pataudi. Within half an hour, he called Mathur and asked him to get his car, unable to endure what he saw as the sensory excess and cultural assault inflicted by this modern, carnival-like version of cricket.

A lighter anecdote features former India captain Sourav Ganguly. During an England tour, Mathur invited Ganguly to a well-known London fish restaurant, forgetting it was a Tuesday, a day on which Ganguly avoids non-vegetarian food. As a result, the former captain had no choice but to order a vegetarian meal. One can hardly imagine a greater culinary atrocity than forcing a Bengali to eat vegetables in a seafood restaurant while everyone else feasts on an array of fish dishes.

One of the most surprising revelations in the book is Mathur's mention of former BCCI chairman Jagmohan Dalmiya speaking Marwari. Although the Dalmiya family hails from the Jhunjhunu district of Rajasthan, they migrated long ago to other regions, and many members of the family were born and brought up outside the state. Mathur recalls that when they were alone, Dalmiya would often switch to Marwari in conversation, a reminder that, despite having spent most of his life in Kolkata, he had retained a strong connection to his linguistic and cultural roots.




Shashi Tharoor.

While Mathur pays glowing tribute to Dalmiya as something of a mentor, he shies away from revisiting the most controversial chapter of Dalmiya's career. The dramatic 2004 BCCI presidential election, when Dalmiya, then the outgoing president, used his casting vote to back Ranbir Singh Mahendra over Sharad Pawar following a 15-15 deadlock, a decision that sparked widespread debate and political intrigue within Indian cricket's power corridors.

One of the most significant laurels of Mathur's career was his appointment as the manager of the historic 1992-93 'Friendship Tour' of South Africa. The tour was both momentous and high-pressure, as Mathur was handpicked by then BCCI President Madhavrao Scindia at a relatively young age to oversee India's first-ever cricket tour to the post-apartheid nation.

Beyond routine administrative responsibilities, Mathur served as a crucial diplomatic bridge during what he describes as a 'journey into the unknown,' where the political and symbolic weight of the tour often overshadowed the cricket itself. Among his most important assignments, carried out under Scindia's direct instructions, was arranging the Indian team's historic meeting with Nelson Mandela, a moment Mathur recalls as one of the defining highlights of his career.

Sunil Gavaskar, who was present on the tour as part of the commentary team, praised the way Mathur conducted himself, particularly admiring his choice of words in customary speeches and formal settings. Gavaskar, one might add, would naturally appreciate such eloquence- Mathur is an alumnus of St. Stephen's College, the alma mater of Shashi Tharoor.


rajeshsharma1049@gmail.com





Amrit Mathur with Madhavrao Scindia.



Amrit Mathur with Tiger Pataudi.

#STORMS

# The Catatumbo Lightning Storms



### The Everlasting Storm in Catatumbo, Venezuela: Nature's odd Phenomenon

Nestled in the north-western region of Venezuela, the Catatumbo River is home to one of the most unique and awe-inspiring natural phenomena on Earth: The Catatumbo Lightning Storms. Often referred to as the 'everlasting storm,' this extraordinary meteorological occurrence has captured the fascination of scientists, travelers, and nature enthusiasts for decades. Here's a deep dive into what makes this storm so remarkable, its history, and its impact on the region.

**What is the Catatumbo Lightning?**

The Catatumbo Lightning is a series of electrical storms that occur almost continuously over the Catatumbo River, a river that runs through the western part of Venezuela and flows into Lake Maracaibo. This phenomenon is characterized by frequent, intense lightning strikes that appear to 'dance' across the sky, illuminating the dark night, and can occur up to 260 days a year. The phenomenon is so consistent that it is sometimes referred to as a 'lightning factory.'

**How Frequent is it?**

The lightning storms in Catatumbo are extremely frequent, with some estimates suggesting that the area experiences lightning strikes around 10 hours per day during the wet season. This is an astounding rate, with over 280 lightning strikes per hour during peak storm activity. The storms can last for hours at a time and often occur on the same spot, in the same region, over the Catatumbo River and parts of Lake Maracaibo. While this lightning event is unique to Catatumbo, it is not the only place in the world to experience regular storms. However, the high frequency and duration of the Catatumbo storm is what makes it so unusual.



**What Causes the Phenomenon?**

The exact cause of the Catatumbo Lightning is still not fully understood, but scientists have several theories. The key factors appear to be the geography, atmospheric conditions, and air currents in the region:


1. **Geography and Topography:** The Catatumbo River Basin is located near Lake Maracaibo, and the surrounding mountains create a perfect storm-producing environment. The region's topography, with its highlands and valleys, traps warm, moist air coming from the Caribbean Sea and cool air from the Andes mountains. This creates a unique atmospheric system that promotes the formation of thunderstorms.
2. **Wind Currents:** Warm air rising from the lake interacts with cooler air descending from the mountains, creating a series of updrafts and downdrafts that produce the necessary conditions for frequent electrical discharges.
3. **High Humidity:** Venezuela's tropical climate contributes to high humidity, which increases the likelihood of thunderstorms. The moisture-laden air, when mixed with the temperature differences between the lake and the mountains, contributes to the intensity and frequency of the lightning strikes.
4. **Electromagnetic Activity:** Another theory points to magnetic fields and their interaction with the region's atmospheric conditions, which could potentially increase the frequency of lightning activity.

**Impact on the Environment and Climate**

The Catatumbo Lightning plays an essential role in the region's environmental processes. For one, the lightning storms are believed to contribute to the nitrogen cycle by breaking apart nitrogen molecules in the air. This process allows the nitrogen to be converted into a form that can be used by plants, promoting biodiversity and the growth of vegetation in the region. Furthermore, the intense thunderstorms are thought to play a role in the weather systems across the broader region, potentially influencing rainfall patterns in surrounding areas. Some scientists believe that the lightning could even have an impact on the global carbon cycle, making it a subject of great interest for environmental studies.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोहरे के कारण छह गाड़ियां टकराईं, तीन लोगों की मौत, एक दर्जन घायल

## मांडल स्थित कोठारी पुलिया पर सुबह कोहरे की धुंध में दृश्यता कम होने से हादसा हुआ

**भीलवाड़ा, (निसं)।** सर्दी के साथ ही कोहरे का कहर अब जानलेवा साबित होने लगा है। शुक्रवार सुबह भीलवाड़ा के मांडल में कोहरे की वजह से हुए एक बड़े हादसे ने रफ्तार पर ब्रेक लगा दिये। कोठारी पुलिया पर कोहरे के कारण करीब छह गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक दर्जन के करीब लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

- **टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, चार किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई**




भीलवाड़ा के मांडल स्थित कोठारी पुलिया कई वाहन आपस में टकरा गये। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा के मांडल स्थित कोठारी पुलिया पर सुबह कोहरे की धुंध में दृश्यता कम होने के कारण पुलिया पर करीब 6 गाड़ियां आपस में बुरी तरह टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर लंबा जाम लग गया। करीब चार किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर रास्ता खुलवाया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह और एसपी धर्मेन्द्र यादव ने एमजी हॉस्पिटल पहुंच घायलों की कुशलक्षेम पूछी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान गाड़ी धीमी गति से और फॉग लाइट का इस्तेमाल करते हुए चलाएं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल आज निवाई में विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे

**निवाई, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को सुबह 11 बजे कृषि उपज मण्डी में आयोजित समारोह में भाग लेंगे। भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को कृषि उपज मण्डी में आयोजित लोकार्पण समारोह में नगर पालिका एवं पंचायत समिति द्वारा करवाए गए करोड़ों रूपए की लागत के विभिन्न नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

उन्होंने बताया कि समारोह में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया, विधायक रामसहाय वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान, पूर्व प्रधान रामअवतार लांगडी, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर एवं डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी सहित भाजपा के कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अचानक निवाई में आगमन को लेकर प्रशासन हरकत में आ गया। जिसको लेकर जिला कलैक्टर कल्पना अग्रवाल ने समारोह स्थल कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम प्रीति मीणा, तहसीलदार नरेश गुर्जर व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा व थानाधिकारी घासीराम मीणा सहित कई अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# साधु के वेश में महिलाओं से लूट, दो शातिर गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** साधु के भेष में राह चलती महिलाओं से नाम-पता पूछने के बहाने महिलाओं के सोने-चांदी के जेवरातों की लूट की अंजाम देने के आरोप में हमीरवास थाना पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कार को बरामद की है। जांच में कार की नंबर प्लेट भी फर्जी पाई गई है। गिरफ्तार आरोपी साधु के भेष में महिलाओं को निशाना बनाकर गहने लूटने की घटना को अंजाम देकर कार लेकर फरार हो जाते थे। मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी राजवीर नाथ पुत्र रघुवीर उर्फ रूधवीर सपेरा निवासी कनहोरा पुलिस थाना रोहडी जिला रेवाडी हरियाणा और दीवाननाथ उर्फ सुनील पुत्र राजू नाथ सपेरा निवासी वार्ड नंबर 17 दिनोद पुलिस थाना सदर भिवानी जिला हरियाणा के रूप में हुई है।

- **नाम-पता पूछने के बहाने लूट की वारदात को अंजाम देते थे**

हमीरवास थाना अधिकारी राय सिंह सुथार ने बताया कि गुरुवार को हमीरवास क्षेत्र में एक महिला ने पुलिस को सूचना दी कि दो व्यक्ति साधु के भेष में सडक पर मिले और उन्होंने रास्ता पूछने के बहाने उसके गले में पहने सोने के गहने लूट लिए।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा पीड़ित महिला से पूछताछ कर आरोपियों का पीछा करना शुरू किया। थानाधिकारी ने बताया कि घटना में सिद्धमुख थाना पुलिस के सहयोग से नाकाबंदी करवाकर उनका पीछा करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हरियाणा में तीन-तीन मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया अनेक घटनाओं को खुलासा होने की है संभावना है। गिरफ्तार आरोपी साधु के भेष में गांव गलियों में घूम कर महिलाओं को मोती मणियों को दिखाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने और तंत्र-मंत्र का झांसा देकर महिलाओं के साथ लूट की घटना को अंजाम देते थे।

थाना अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे साधु का भेष धारण कर अलग-अलग इलाकों में घूमते थे और महिलाओं को झांसे में लेकर उनके गहने लूट लेते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने इससे पहले और कहां-कहां किस क्षेत्र में ऐसी वारदातों को अंजाम दिया है।

# पाकिस्तान से मंगवाई थी बीकानेर के दो युवकों ने एक किलो हैरोइन

**बीकानेर, (निसं)।** यहां दो युवकों ने पाकिस्तान के तस्कर से एक किलो हेरोइन मंगाई, जिसे बेचने के लिए पंजाब के अमृतसर से भुट्टों का बास ला रहे थे। श्रीगंगानगर में राजियासर थाना पुलिस ने नेशनल हाइवे 62 पर तलाशी लेकर हैरोइन बरामद की और दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

- **श्रीगंगानगर में राजियासर थाना पुलिस ने हैरोइन सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया था**

बीकानेर में भुट्टों का बास निवासी शबीर अली और छत्तरगढ़ में गोरीसर निवासी आलम खां ने पाकिस्तानी तस्कर इमरान से व्हाट्सअप के जरिये संपर्क किया और एक किलो हेरोइन मंगाई। यह हेरोइन पंजाब के अमृतसर में एक शख्स को भेजी गई। बीकानेर के दोनों युवक उस शख्स के पास अमृतसर पहुंचे और 7.40 लाख रुपए देकर उससे हेरोइन लेकर स्कार्पिओ गाड़ी में रवाना हो गए। यह हेरोइन बीकानेर के भुट्टों का बास में बेचने के लिए लाई जा रही थी। 26 जनवरी को दोनों युवक नेशनल हाइवे 62 पर श्रीगंगानगर के राजियासर इलाके में पहुंचे तो वहां नाकाबंदी कर रही पुलिस ने स्कॉर्पियो को रोक लिया। गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें रखी एक किलो हेरोइन बरामद हो गई। राजियासर पुलिस थाने में एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनसे पाकिस्तानी तस्कर से संपर्क कर हेरोइन मंगाने और बेचने के लिए बीकानेर के भुट्टों का बास में लाने का खुलासा हुआ है। हेरोइन की एक-एक ग्राम की पुड़िया बेची जानी थी।

राजियासर एसएचओ कलावती ने बताया कि पुलिस ने बीकानेर निवासी दोनों आरोपियों के मोबाइल और गाड़ी जब्त की है। मामले की जांच सूरतगढ़ पुलिस थाने के एसएचओ दिनेश कुमार सहारण को सौंपी गई है। पाकिस्तान तस्कर ने अमृतसर के शख्स की फोटो और लोकेशन बीकानेर निवासी शबीर और आलम को भेजी थी। इसी के जरिये दोनों अभियुक्त अमृतसर पहुंचे और रुपए देकर हेरोइन की डिलीवरी ली। दोनों अभियुक्त कथित पाक तस्कर इमरान के संपर्क में थे। व्हाट्सअप के जरिये पाक तस्कर से लगातार संपर्क होता रहता था। पाक तस्कर ने अमृतसर के एक शख्स की फोटो और लोकेशन अभियुक्तों को भेजी थी। इसी के जरिये दोनों अभियुक्त अमृतसर पहुंचे और वहां शख्स से हेरोइन लेकर रवाना हुए। बीकानेर निवासी शबीर और आलम ने स्कार्पिओ गाड़ी की पिछली विंडों के पास लगे स्पीकर में हेरोइन के दो पैकेट छिपा रखे थे। पुलिस ने गाड़ी तलाशी ली। डेसबोर्ड, गियर बॉक्स, एसी होल, आगे-पीछे की सीटें और आगे की विंडो खंगाल ली, लेकिन कुछ नहीं मिला। पिछली विंडो के पास लगे दो स्पीकर में से एक स्पीकर खुला मिला जिसमें हाथ डाला तो विंडो वाली जगह में भरे प्लास्टिक के दो पैकेट बरामद हो गए। उन्हें खोला तो कपड़े की दो थैली निकली और इन थैलियों में प्लास्टिक के दो पैकेट में हेरोइन भरी गई थी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पॉक्सो अदालत ने एक अहम फैसला सुनाते हुए नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोपी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला तीन साल पुराना है, जब पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा थी।

- **मामला तीन साल पुराना है, जब पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा थी**
- **नाबालिग से दरिंदगी पर कोर्ट का सख्त रुख, दोषी को 20 साल की सजा और जुर्माना भी लगाया**

जानकारी के अनुसार घटना करीब तीन साल पहले शुरू हुई थी जब पीड़िता 10वीं कक्षा में पढ़ती थी। आरोपी जाफर हुसैन उसका पीछा करता था और मोबाइल नंबर लेकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे जबरन बाइक पर बैठाया और एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता के अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए थे।

आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने पीड़िता के ससुराल पक्ष को फोन कर उसकी सगाई तुड़वा दी। जब परिवार ने उलाहना दिया, तो वह झगड़े पर उतारू हो गया। इसके बाद 17 दिसंबर 2024 को पीड़िता ने अपने पिता के साथ एक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ मजबूत पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने 15 गवाह और 35 दस्तावेज पेश किए गए, जिनसे आरोपी पर दोष सिद्ध हुआ। तमाम गवाहों और सबूतों को देखते हुए न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने आरोपी जाफर हुसैन को दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे 20 साल के कारावास की सजा सुनाई।

# कार से दो करोड़ रुपये की चांदी जब्त, दो जने हिरासत में

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर-हिसार एनएच 52 पर राजगढ़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार जब्त कर 51 किलो 700 ग्राम चांदी बरामद की है तथा दो आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने बरामद चांदी की अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपए आंकी है।

- **राजस्थान से पंजाब ले जाई जा रही थी 51.700 किलो चांदी**

प्रशिक्षु डीएसपी विनोद कुमार नेण ने बताया कि पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चांदी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने लसेडी टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 51 किलो 70 ग्राम चांदी बरामद की गई। जब्त की गई चांदी की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार में सवार दो लोगों से पुलिस ने पूछताछ की तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और घबरा गए, ना ही चांदी खरीद के कोई बिल या आवश्यक दस्तावेज मिले। जिस पर पुलिस ने कार में रखी चांदी को कार सहित जब्त कर लिया। प्रशिक्षु डीएसपी विनोद नैन ने बताया कि डीएसटी टीम को चांदी के अवैध परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस को अलर्ट कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद चांदी राजस्थान से पंजाब ले जाई जा रही थी। पुलिस ने कार में सवार दो व्यक्तियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। दोनों से चांदी के स्त्रोत, स्वामित्व और परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेजों को लेकर की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के बाद इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में भी अहम जानकारियां सामने आ सकती है। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

# उदयपुर : स्कूल में करंट से मजदूर की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर में शुक्रवार को यूनिवर्सिटी रोड स्थित द स्टेनवर्ड स्कूल परिसर में लगे एक पेड़ की छंटाई के दौरान मजदूर की हाइटेंशन विद्युत लाइन छूने से मौत हो गई। घटना सुबह दस बजे की है। घटना के बाद आधे घंटे तक शव पेड़ पर ही लटका रहा। वहीं हादसे के बाद संबंधित क्षेत्रों में करीब डेढ़ घंटे बिजली बंद रही। जानकारी पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली विभाग को सूचना देकर लाइट बंद करवा क्रेन की मदद से मजूदर के शव को नीचे उतरवाया।

- **स्कूल परिसर में लगे एक पेड़ की छंटाई के दौरान मजदूर की हाइटेंशन विद्युत लाइन छूने से मौत हो गई**

जानकारी के अनुसार शहर के यूनिवर्सिटी रोड पर स्थित एक निजी स्कूल में मजदूर सुबह डालियां काटने के लिए पेड़ पर चढ़ा। पेड़ के पास ही 33 केवी बिजली लाइन गुजर रही थी। मजूदर ने पेड़ की डाली काटी तो बिजली तारों के ऊपर चली गई। उसने डाली को लाइन से हटाने का प्रयास किया इस दौरान उसे करंट लग गया।

अशोक नगर एईएन ब्रजलाल मीणा ने बताया कि बिजली लाइन के आसपास वाले पेड़ों की छंटाई करने और काटने से पहले बिजली विभाग को लिखित में सूचना देना जरूरी होता है। जिससे कि पावर सप्लाई बंद की जा सके और किसी भी हादसे से बचा जा सके। मीणा ने कहा कि इस मामले में स्कूल प्रबंधन की ओर से बिजली विभाग को न तो लिखित में कोई सूचना दी और न ही फोन किया गया, जिसके चलते यह हादसा हो गया। मजदूर को करंट लगने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों ने शव को नीचे उतरवाकर एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी शिफ्ट कराया।

# मरू महोत्सव में कुसुम पंवार बनीं मिस मूमल

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** मरु महोत्सव में बीकानेर की बीए सेकेंड ईयर की स्टूडेंट कुसुम पंवार (20) मिस मूमल बनीं। जैसलमेर के मनीष पंवार मिस्टर डेजर्ट बने। वहीं मिसेज जैसलमेर प्रतियोगिता का खिताब ताज ने अपने नाम किया। साफा बांधो (देशी) प्रतियोगिता में शैतानसिंह विजेता रहे, जबकि विदेशी कैटेगरी में हॉलैंड की पुक ने पहला स्थान हासिल किया।

# बैड-टच करने वाले सरकारी शिक्षक को पांच साल की जेल

**अलवर, (निसं)।** अलवर पॉक्सो कोर्ट संख्या-2 ने एक सरकारी स्कूल के टीचर को 5 साल की सजा सुनाई है। टीचर ने 15 साल की एक छात्रा को एक महीने तक अश्लील हरकतें और बैड टच करके परेशान किया था। कोर्ट ने कहा कि टीचर समाज का निर्माता होता है और बच्चों का आदर्श होता है। ऐसे में टीचर ने अपनी ही स्कूल की छात्रा के साथ इस तरह का घिनौना अपराध करना अक्षम्य है। सजा में किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जा सकती है।

- **शिक्षक ने 15 साल की छात्रा को एक महीने तक परेशान किया था**
- **कोर्ट ने कहा कि टीचर समाज का निर्माता होता है, सजा में नरमी नहीं बरती जा सकती**

सरकारी वकील पंकज यादव ने बताया कि टीचर स्कूल में दसवीं कक्षा का क्लास टीचर था। टीचर छात्रों को बैड टच करता था। परेशान होकर छात्रा इसके बारे में स्कूल के प्रिंसिपल को शिकायत दी थी। प्रिंसिपल ने विभाग को मामला भेजा, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। कार्रवाई न होने से आरोपी के हौसले और बढ़ गए। वह लगातार छात्रा से छेड़छाड़ करता रहा। सरकारी वकील पंकज यादव ने बताया कि जब टीचर अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो पीड़िता ने पूरा घटनाक्रम अपने पिता को बताया। इसके बाद 23 सितंबर 2023 को छात्रा के पिता ने टीचर के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में चालान पेश किया, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए ट्रायल शुरू किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो कोर्ट की जज शिल्पा समीर ने सरकारी शिक्षक को दोषी माना। कोर्ट ने टीचर को पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही 73 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# दुष्कर्म मामले में चालान पेश

**बीकानेर, (निसं)।** मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस ने आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के तीन आरोपियों में से दो पर आरोप प्रमाणित मानकर चालान पेश कर दिया। कोर्ट ने तीसरे आरोपी के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया और उसे गिरफ्तारी वारंट से तलब करने के आदेश दिए हैं।

17 मई, 2025 को मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। बच्ची की मां ने रिपोर्ट में बताया कि वह फैक्टरी में काम करती है और वहीं अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती है। जब वह और उसका पति फैक्टरी में काम करने जाते थे तो फैक्टरी में काम करने वाला रिंकू और ठेकेदार नरेश उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म करते थे। इनके अलावा कार्तिक ने भी बच्ची को अश्लील वीडियो दिखाए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की जांच की और रिंकू व नरेश पर आरोप प्रमाणित मान कोर्ट में चालान पेश कर दिया, जबकि कार्तिक को आरोपी नहीं माना। पीड़ित पक्ष की ओर से कोर्ट में अर्जी पेश करने पर कोर्ट ने सुनवाई की और कार्तिक को भी आरोपी मानकर गिरफ्तारी वारंट से तलब किया।

# अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन में कई मुद्दों पर चर्चा

**जयपुर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का 14वां राष्ट्रीय सम्मेलन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 25-28 जनवरी को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में राजस्थान से 10 प्रतिनिधियों सहित देशभर से 870 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता पूर्व सांसद बृंदा कारात ने कहा कि जनवादी महिला समिति वर्तमान शासन की विभाजनकारी राजनीति का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि देश का समग्र एवं समावेशी विकास दलित, आदिवासी, अल्प संख्यक, पिछड़े एवं महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़कर ही सम्भव है। साथ ही उन्होंने सरकार की कोर्पोरेट परस्त नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लाभकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों का लगातार निजीकरण किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गिरावट के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की अनियंत्रित मूल्य वृद्धि और महंगाई ने पहले से ही परेशान आमजन के जीवन को और कठिन बना दिया है।

सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव मरियम ढवले ने संठन की केंद्रीय कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके जवाब में सभी राज्यों के चुनिंदा प्रतिनिधियों ने अपनी राय रखी। राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रांतीय कोषाध्यक्ष रईसा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भले ही दुनिया में दक्षिणपंथी शक्तियां उभार पर हैं, लेकिन बहुत से देशों में वामपंथी और समाजवादी सरकारें जनहित में शासन कर रही हैं तथा दुनिया के अधिकांश देशों में समाजवादी, प्रगतिशील और मानवाधिकारवादी संगठन सरकारों की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। भारत में भी दक्षिणपंथी भाजपा सरकार जल, जंगल, जमीन, पहाड़, नदी आदि राष्ट्रीय संसाधनों को अपने चहेते कोर्पोरेट को कौडियों के भाव सौंप रही है। पीढ़ियों से रहते आ रहे मुसलमान अल्पसंख्यक परिवारों को कस्टोडियन की जमीन से बेदखल किया जा रहा है। स्कूल और कॉलेज दोनों स्तर पर सिलेबस में बदलाव कर प्रगतिशील विचारकों को हटाकर प्रतिगामी विचारकों को शामिल किया जा रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करने वालों को राष्ट्रविरोधी बताकर जेलों में डाला जा रहा है। योजनाओं के नाम बदलने से आमजन परेशान एवं भ्रमित है।




हैदराबाद में आयोजित सम्मेलन में राजस्थान से 10 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

- **सम्मेलन में महिला एवं राष्ट्र विरोधी लेबर कोड निरस्त करने, दलित महिलाओं के लिए समानता गरिमा व न्याय सुनिश्चित करने सहित कई प्रस्ताव पास किए गए**
- **अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का 14वां राष्ट्रीय सम्मेलन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सम्पन्न हुआ**

सम्मेलन में पिछले तीन वर्ष के काम का रिव्यू करते हुए अगले तीन वर्ष के लिए कार्य तय किए गए। महिला एवं राष्ट्र विरोधी लेबर कोड निरस्त करने, आदिवासियों पर हमलों के खिलाफ, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने, दलित महिलाओं के लिए समानता गरिमा व न्याय सुनिश्चित करने, स्कूलों के मर्जर को रोकने, सिलेबस के भगवाकरण की निंदा, चुनावी लाभ के लिए कैश ट्रांसफर की निंदा, एसआईआर प्रक्रिया का विरोध, सांप्रदायिकता का विरोध, महिलाओं के लिए सस्ते एवं सुलभ ऋण सुविधा की मांग, फिलिस्तीन का समर्थन, वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा व विरोध, काम का अधिकार, सस्ती एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने, नशीले पदार्थों के संगठित गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की मांग तथा केरल की एलडीएफ सरकार की महिला कल्याण एवं सामाजिक न्याय की उपलब्धियों की सराहना आदि प्रस्ताव पास किए गए। अंत में 109 सदस्यीय नई राष्ट्रीय कमेटी चुनी गई, जिसमें कणिका घोष को राष्ट्रीय महासचिव, पीके स्त्रीमति को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा तापसी प्रहराज को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया। राजस्थान से प्रांतीय महासचिव डॉ. सीमा जैन तथा प्रांतीय अध्यक्ष कमला मेघवाल को राष्ट्रीय कमेटी का सदस्य चुना गया। सम्मेलन में लोकतांत्रिक एवं प्रगतिशील शक्तियों को एकजुटता के साथ जनहित के संघर्ष को और मजबूत करने का आव्हान किया।

# बुजुर्ग दंपती के खातों से तीन लाख रुपये निकाले

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में सायबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात ठगों ने एक बुजुर्ग दंपती के बैंक खातों से करीब तीन लाख रुपये से अधिक की राशि धोखाधड़ी पूर्वक निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर प्रागपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्मीनारायण यादव (72) पुत्र बद्री प्रसाद यादव निवासी कुनेड पावटा ने बताया कि उनका तथा उनकी पत्नी धनपत यादव का स्मॉल फाइनेंस बैंक, शाखा पावटा में बचत खाता है। उनके खाते में लगभग 35,700 रुपये तथा उनकी पत्नी के खाते में करीब 2,63,500 रुपये जमा थे। 27 जनवरी 2026 को जब उन्होंने बैंक खातों की जानकारी ली तो दोनों खातों में शेष राशि शून्य पाई गई, जिससे वे स्तब्ध रह गए। बैंक से स्टेटमेंट प्राप्त करने पर सामने आया कि अलग-अलग तिथियों में रात्रि के समय खातों से रुपये की निकासी की गई है।

परिवादी ने पुलिस को बताया कि वे तथा उनकी पत्नी अनपढ़ हैं और उनके द्वारा इस प्रकार का कोई ऑनलाइन अथवा बैंकिंग लेन-देन नहीं किया गया। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार यह राशि पारस कुमार, रजनी शर्मा और परवीन निशाद के खातों में ट्रांसफर की गई है। लक्ष्मीनारायण यादव ने रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया कि उनके घर पर मरम्मत कार्य चल रहा था, जहां एक मजदूर ने अपना नाम विक्रम बताया था। उसी दौरान घर से करीब 16 हजार रुपये नकद चोरी होने की घटना भी हुई थी। इस कारण परिवादी को संदेह है कि उक्त मजदूर विक्रम ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर साजिश के तहत बैंक खातों से ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

प्रागपुरा थाना पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट को सीसीटीएनएस में अक्षरशः दर्ज करते हुए मामला दर्ज किया है। प्रकरण का अनुसंधान उप निरीक्षक सुबे सिंह को सौंपा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, खातों में स्थानांतरित की गई राशि की ट्रैकिंग की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जारी है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए ठगी की गई राशि की बरामदगी के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# इंवेस्टमेंट के नाम पर 27 लोगों से 1.80 करोड़ की ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के कुड़ी भगतासनी पुलिस थाने में फ्रॉड का केस दर्ज हुआ है। कर्नाटक के 27 लोगों से एक करोड़ अस्सी लाख का फ्रॉड इंवेस्टमेंट के नाम पर किया गया। पीड़ित ने कोर्ट से इस्तगासे के आधार पर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

थानाधिकारी तेजकरण परिहार ने बताया कि कर्नाटक के बिजापुर निवासी सिद्धप्या की तरफ से रिपोर्ट दी गई। रिपोर्ट के अनुसार जोधपुर में कुड़ी भगतासनी के लाजपत आर्य, उसके पुत्र अजय आर्य, दीपक आर्य, सौरभ चावला, सलोनी चावला, बलतीतसिंह एवं कर्मजीत सिंह आदि को नामजद किया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि उन लोगों ने वर्ष 2022 मई में उक्त लोगों के पास में इंवेस्टमेंट के नाम रूपए निवेश किए थे। सभी लोगों से कुल मिलाकर एक करोड़ अस्सी लाख रूपए जुलाई 2023 तक लिए गए। बाद में उक्त लोग कंपनी बंद कर फरार हो गए।

# प्रदेश में फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, बारिश की संभावना जताई

## पश्चिमी विक्षोभ का असर दो सप्ताह तक देखने को मिल सकता है

**बीकानेर, (निसं)।** शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर अगले दो सप्ताह तक देखने को मिल सकता है। प्रदेशभर में विवाह समारोहों का सीजन चल रहा है। खासतौर पर बीकानेर में लोग बारिश को लेकर चिंतित हैं, लेकिन मौसम विभाग ने साफ कर दिया है कि बीकानेर में मौसम सामान्य रहेगा और बारिश जैसी कोई आशंका नहीं है।

- आज अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है
- 1 और 2 फरवरी को भी उत्तरी और पूर्वी राजस्थान के अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग में मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ मावठ की संभावना जताई

मौसम विभाग के अनुसार, बीकानेर में होने वाले पुष्करणा समाज के सामूहिक सावे के दिन भी मौसम शुष्क रहेगा, जिससे विवाह आयोजनों में किसी तरह की बाधा नहीं आएगी। मौसम विभाग की ओर से जारी आगामी दो सप्ताह की भविष्यवाणी के अनुसार पूर्वी राजस्थान में बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में बारिश की उम्मीद बेहद कम है। हालांकि दूसरे सप्ताह में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है, जिसमें बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच सक्रिय होने की प्रबल संभावना है। इसके प्रभाव से 31 जनवरी को अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 1 और 2 फरवरी को भी उत्तरी और पूर्वी राजस्थान के अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश और मावठ का दौर जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग का कहना है कि दूसरे सप्ताह के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है, लेकिन पश्चिमी राजस्थान में इसका प्रभाव सीमित रहने की संभावना है। पहले सप्ताह के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है। दूसरे सप्ताह में राज्य के उत्तरी भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है, जबकि शेष राज्य में तापमान सामान्य के आसपास रहने की उम्मीद है। पहले सप्ताह में राज्य के उत्तरी भागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री कम रहने की संभावना जताई गई है। वहीं शेष क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रह सकता है। दूसरे सप्ताह के दौरान पूरे राज्य में न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है।

बीकानेर सहित पूरे प्रदेश में फरवरी के पहले दो से तीन सप्ताह में बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित होने हैं। इनमें 5 फरवरी, 7 फरवरी, 10 फरवरी और 19 फरवरी को बड़े सावे हैं। खास बात यह है कि 10 फरवरी को बीकानेर में पुष्करणा समाज का सामूहिक सावा है, जिसमें शहरभर में 200 से अधिक घरों में शादियां होंगी। ऐसे में मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर आई है।

# अशोक गहलोत के करीबी खोडनिया की फर्मों पर सीजीएसटी की कार्रवाई जारी

## कांग्रेस नेता दिनेश खोडनिया की फर्मों पर दूसरे दिन भी खुलती रही फाइलें

**उदयपुर, (निसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता दिनेश खोडनिया की फर्मों पर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) की कार्रवाई शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। उदयपुर-चित्तौड़गढ़ हाइवे पर स्थित डबोक क्षेत्र का केआरई अरिहंत कार्यालय गुरुवार दोपहर से ही जांच एजेंसियों की निगरानी में है।

- उदयपुर-चित्तौड़गढ़ हाइवे पर स्थित डबोक क्षेत्र का केआरई अरिहंत कार्यालय जांच एजेंसियों की निगरानी में है
- दिनेश खोडनिया का ज्वैलरी और रियल एस्टेट का बड़ा कारोबार भी है जो सागवाडा समेत प्रदेश के कई हिस्सों में फैला हुआ है

सूत्रों के अनुसार सीजीएसटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ दस्तावेज खंगाले बल्कि फर्म से जुड़े कई लोगों से लंबी पूछताछ भी की। कागजों का पुलिंदा, डिजिटल रिकॉर्ड और कारोबारी लेन-देन सब कुछ एजेंसी की कसौटी पर कसा जा रहा है। कार्रवाई की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह सिलसिला दूसरे दिन भी थमा नहीं है। दिनेश खोडनिया डूंगरपुर जिले में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं। राजनीति के साथ साथ उनका ज्वैलरी और रियल एस्टेट का बडा कारोबार है जो सागवाडा समेत प्रदेश के कई हिस्सों में फैला हुआ है। समूह के संचालन की कमान उनके बेटे आदिश खोडनिया के हाथों में है। खोडनिया परिवार का स्थानीय राजनीति में भी प्रभाव रहा है। उनके भाई नरेंद्र खोडनिया सागवाडा नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में जांच एजेंसियों की लगातार सक्रियता ने डूंगरपुर उदयपुर अंचल की राजनीतिक हलचल को भी तेज कर दिया है। सीजीएसटी की यह कार्रवाई ऐसे समय सामने आई है जब खोडनिया परिवार पहले से ही केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर रहा है। दिसंबर 2024 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डूंगरपुर जिले के सागवाडा स्थित उनके आवास और कार्यालयों पर छापेमारी की थी। उससे पहले अक्टूबर 2023 में भी ईडी ने उनके सागवाडा ऑफिस में तलाशी ली थी, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। 2023 की ईडी कार्रवाई का तार कथित पेपर लीक प्रकरण और बाबूलाल कटारा प्रकरण से जुड़ा बताया गया था।

# दुष्कर्म पीड़िता की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** पुलिस ने खाजूवाला के एक चक में 9वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म और उसकी मौत के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पीड़िता के भाई की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी 16 साल की बहन 9वीं कक्षा में पढ़ती थी। 22 जनवरी को वह स्कूल गई थी। इस दौरान कार में सवार दो युवक उसे जबरन ले गए और सुनसान जगह पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बाद में उसे वन विभाग की भूमि पर छोड़कर फरार हो गए। अगले दिन पीड़िता ने आहत होकर अपने घर में जहरीला स्प्रे पी लिया। उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान 27 जनवरी की शाम को उसने दम तोड़ दिया। मामले की जांच कर रहे सीओ खाजूवाला अमरजीत चावला ने बताया कि गांव के रहने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के दौरान काम में ली गई कार भी जब्त कर ली गई है। अभियुक्त को शुक्रवार को पॉक्सो कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। उससे दूसरे आरोपी के बारे में पूछताछ की जाएगी।

# श्रीगंगानगर में ज्वैलरी शॉप से आठ लाख के चांदी के जेवर चोरी

**अनूपगढ़, (निसं)।** श्रीगंगानगर के घड़साना में ज्वैलरी शॉप से बाइक पर आए चोर 8 लाख की चांदी की अंगूठी-बिछिया चुरा ले गए। एक चोर दुकान के बाहर निगरानी करता रहा, जबकि दूसरे ने वारदात की। पीड़ित ज्वैलर ने कहा कि गहनों का वजन करीब 2 किलो था। चोर 10 मिनट में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना नई मंडी इलाके में शुक्रवार अलसुबह पौने तीन बजे के करीब हुई।

- दरवाजे का कांच तोड़ चांदी के गहने ले गए चोर, वारदात सीसीटीवी में कैद

एएसआई भोलूराम ने बताया कि दो चोर बाइक से मेन मार्केट में बाबूलाल ज्वैलर्स की दुकान के बाहर पहुंचे। एक चोर ने दुकान का ताला तोड़ा और मेन गेट का कांच तोड़कर अंदर घुस गया। दूसरा साथी बाहर निगरानी करता रहा। दुकान से चांदी की अंगूठियां और बिछिया चुराकर चोर निकला और दोनों फरार हो गए। सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर बाजार का चौकीदार वहां से निकला तो उसने दुकान मालिक रजत सोनी को घटना की सूचना दी। इस पर रजत सोनी मौके पर पहुंचे और दुकान का सामान बिखरा हुआ पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को चोरी की जानकारी दी। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान मालिक रजत सोनी पुत्र बाबूलाल ने बताया कि चोर उनकी दुकान से चांदी की अंगूठियों के तीन डिब्बे और बिछियों के दो डिब्बे चुरा ले गए। इन आभूषणों का कुल वजन लगभग दो किलो और अनुमानित कीमत आठ लाख रुपए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलने पर राष्ट्रीय सर्व स्वर्णकार महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक सोनी और एएसआई भोलूराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एएसआई ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा मौका मुआयना कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है।

**सेंट्रल जेल में नशीली गोलियों के केस में तीन गिरफ्तार :-** श्रीगंगानगर में शरीर के हिस्से में 276 नशीली गोलियां छिपाकर श्रीगंगानगर सेंट्रल जेल पहुंचने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अब तीनों से नशीली गोलियों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

जांच अधिकारी हलवदार मुकेशचंद ने बताया कि जेल में 2 दिसंबर को एक बंदी के बैग से 276 नशीली गोलियां बरामद हुई थी। पुलिस ने 3 दिसंबर 2025 को ही जेल प्रशासन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद तीन आरोपियों बंदी मानक सिंह, अकबर खान और बबलू भाट को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। हलवदार मुकेशचंद ने बताया कि जेल अधीक्षक की रिपोर्ट पर 3 दिसंबर को सूचना मिली कि 2 दिसंबर को नई आमद विचाराधीन बंदी गुरजीत सिंह अपने शरीर में बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां छिपाकर जेल पहुंचा था। शुरुआती तलाशी में उसके पास कुछ नहीं मिला था, लेकिन सख्त पूछताछ में गुरजीत सिंह ने कबूल लिया कि वह 250 से 300 गोलियां शरीर के एक पार्ट में छिपाकर लाया था। बाद में उसने बंदी अकबर खान को गोलियां दे दी।

# युवक का अपहरण कर ले जा रहे लोगों की गाड़ी पलटी, दो की मौत

## लव मैरिज से नाराज लड़की के रिश्तेदारों ने युवक का किडनैप कर लिया था

**अलवर, (निसं)।** अलवर में लव मैरिज से नाराज लड़की के रिश्तेदारों ने युवक का किडनैप कर लिया। युवक को बोलेरो में ले जाते समय गाड़ी पलटी खा गई। हादसे में लड़की के रिश्तेदार सहित दो लोगों की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। मामला राजगढ़ थाना क्षेत्र के नया गांव माचाडी का है।

- हादसे में लड़की के रिश्तेदार सहित दो लोगों की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया, मामला राजगढ़ थाना क्षेत्र के नया गांव माचाडी का है
- घायल खेड़ली चन्दावत लक्ष्मणगढ़ निवासी विवेक गुर्जर ने तीन माह पहले लव मैरिज की थी

राजगढ़ थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि हादसे में मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के बिलन्दी श्याम गंगा निवासी रामफूल गुर्जर (50) और ड्राइवर मालाखेड़ा निवासी राजेंद्र प्रसाद चौधरी (50) की मौत हो गई। घायल खेड़ली चन्दावत लक्ष्मणगढ़ निवासी विवेक गुर्जर ने बताया कि मैंने तीन माह पहले लव मैरिज की थी। इसको लेकर लड़की पक्ष के लोगों को पुलिस से पाबंद भी करवाया था। शुक्रवार को बाइक पर बुटोली गांव की तरफ जा रहा था। बुटोली से आगे लड़की पक्ष के लोगों ने मेरी बाइक को बोलेरो से टक्कर मार दी। इससे गिर गया। वो लोग दो कार और चार बाइक पर आए थे। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने मुझे बोलेरो में पटक लिया। मेरे साथ मारपीट की। तेज रफ्तार बोलेरो नया गांव माचाडी के पास पलट गई। इससे मैं घायल हो गया।

वहीं, दूसरे पक्ष के भोलाराम ने बताया कि हमारे भाई की बेटी का अपहरण कर ले गया था। इसका मुकदमा भी दर्ज कराया था। उस बेटी का अता-पता नहीं है। विवेक सहित कई युवक कार और बाइक से आए, जो बोलेरो का पीछा कर रहे थे। इन्होंने बोलेरो से ओवरटेक किया। इसके कारण बोलेरो पलटी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी कर रहे हैं। बाकी रिपोर्ट मिलने के बाद जांच की जाएगी। मालाखेड़ा का राजेंद्र चौधरी बोलेरो का मालिक था, खुद ही ड्राइवर था। उसे बुकिंग कर बुलाया गया था।

# बीकानेर में 1525 किलो घी सीज़

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश में चलाए जा रहे "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत जयपुर से आए केंद्रीय दल तथा जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि टीम द्वारा देर शाम रानी बाजार में पंचमुखा हनुमान मंदिर रोड स्थित मैसर्स सुमन एंटरप्राईजेज पर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान फर्म के गोदाम पर अमूल्य ब्रांड घी के 3 तथा परम ब्रांड घी का 1 सहित 4 नमूने लिए जाकर शेष 1 हजार 525 किलोग्राम घी जांच रिपोर्ट आने तक सीज किया गया। इसके अलावा बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र से टीम ने मटर नमकीन के भी तीन नमूने लिये गये। लिये गये नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई में केन्द्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा तथा अमित शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीकानेर कार्यालय से खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा एवं भानू प्रताप सिंह शामिल रहे।


**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा/निर्माण/2026/10296–98 दिनांक : 28.01.2026
**ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 103/2025–26**
नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्यो की लागत 20.42 लाख रूपये से 38.74 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :–
1. DLB2526WSOB32400, 2. DLB2526WSOB32403
आयुक्त नगर परिषद बारां
राज.संवाद/सी/25/18783



**कार्यालय नगरपालिका महवा (दौसा) राज०**
EMAIL-nagarpalikamahwa@gmail.com फोन न.– 07461 284005
क्रमांक–नपाम/2025–26/1245 दिनांक– 28.01.2026
**–: निविदा आमंत्रण सूचना :–**
नगर पालिका महवा द्वारा विभिन्न 08 विकास कार्यो एवं 02 कार्यो की निविदा आमंत्रित की गई है जिसकी निविदा यूबीएन न. (DLB2526WSRC31877), (DLB2526WSRC31878), (DLB2526WSRC31879), (DLB2526WSRC31880), (DLB2526WSRC31871), (DLB2526WSRC31882), (DLB2526WSRC31883), (DLB2526WSRC31884), (DLB2526WSRC32437), (DLB2526WSRC32438) है। निविदा सूचना एवं शर्ते राजस्थान उपापन पोर्टल की बेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका महवा
राज.संवाद/सी/25/18757



**कार्यालय नगर निगम, जोधपुर**
पॉलीटेक्निक कॉलेज रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर ceo_nnj@rediffmail.com 02912651464
क्रमांकः– विकास /जॉन/प्रथम–द्वितीय/2025–26/1910 दिनांकः– 28.01.2026
**:: ई–निविदा सूचना संख्या ::**
**(UB NO. DLB2526WSOB32483)**
नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न विकास कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते इत्यादि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.raj.nic.in पर एवं जोधपुर नगर निगम की वेबसाईट https://lsg.rajasthan.gov.in/mcj देखी जा सकती है।
प्रशासक नगर निगम, जोधपुर — आयुक्त नगर निगम, जोधपुर
राज.संवाद/सी/25/18858



**राजस्थान आवासन मण्डल**
क्रमांक :- 826 दिनांक :- 29/01/2026
**निविदा सूचना संख्या - 09/2025-26**
मानसरोवर जयपुर में स्थित सिटी पार्क में 2 वर्ष के लिए बागवानी एवं विद्युत कार्यों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य के लिए इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 03.02.2026 से 12.02.2026 सायं 6.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का अन्य विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://rhb.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
यू.बी.एन. नं.:- RHB2526WSOB00338
राज.संवाद/सी/25/18867 उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय, जयपुर



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DISTT DN KOTA**
क्रमांक-1675 **Notice Inviting Bid (NIT No. 31/2025-26)** दिनांक-21/01/2026
Bids for 8 no work at Kota are Invitied from interested bidders upto 06.00 PM of 03.02.2026 (Tuesday). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajathan State. The approximate value of the procurement is Rs. 274.23 Lacs.

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB21527 | 5 | PWD2526WSOB21531 |
| 2 | PWD2526WSOB21528 | 6 | PWD2526WSOB21532 |
| 3 | PWD2526WSOB21529 | 7 | PWD2526WSOB21533 |
| 4 | PWD2526WSOB21530 | 8 | PWD2526WSOB21534 |

(अशोक कुमार महावर) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि.जिला खण्ड कोटा, मो.नं.- 9829128359
DIPR/C/1582/2026



**कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धौलपुर**
क्रमांक-सान्याअवि/2025/3219 दिनांक-23.01.2026
**Notice Inviting Bid 01/2025-26**
E- Bid for cook and security guard for various government hostels operating under social justice and empowerment department dholpur are inviting from interested bidder upto 24/01/2026 10:00AM to 03/02/2026 05:00PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.gov.in) of the state; and social justice and empowerment department website. The approximate value of the procurement is RS. 38 Lakhs.
UBN no. SOC2526SLOB00339
NIB no. SOC2526A0308
जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धौलपुर
DIPR/C/1685/2026



**Rajasthan Financial Services Delivery Limited**
(A Government of Rajasthan Undertaking), Registered Office : 3rd Floor, B-Block, Vitta Bhawan, Jaipur-302005 (Raj.) e-mail Id: rfsdl@rajasthan.gov.in
No. :- F. 5 (147) RFSDL/ Earn Salary & Pension/2026 Jaipur, Dated :- 28/01/2026
**Expression of Interest**
Proposals for Expression of Interest regarding empanelment of Service of Provider(s) / Financial Institution(s) / Bank(s) / Non-banking Financial Company(s) with Transaction Charges / Rate of Interest (8% to 20% p.a.) in accordance with credit score to provide facility of "Earned Salary / Pension Advance Drawls Access Scheme" (one month) and "Advance for 3 and up to 24 Months Salary / Pension Scheme" for employees/pensioners of Govt. of Rajasthan/ Undertakings are invited up to 11:00 A.M. on dated 23.03.2026. For details may be visited on https://sppp.rajasthan.gov.in.
Contact Person: M.H. Ansari (DGM), Mobile No. 9461119111
UBN No. : FGT2526SSOB00021
Raj.Samwad/C/25/18808 Executive Director (Adm.)



**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
प्रभास्मि शशि सूर्ययोः
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (एम.एम.-प्रथम), पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर
टेलीफैक्स:0141-2208098, ईमेल :- semm1@jvvnl.org
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
एल टी एक्स एल पी ई इंसुलेटेड एरियल बन्च्ड केबल विद बेयर मेसेन्जर वायर (3Cx25+25 Sq.mm, 3Cx50+35 Sq.mm) (निविदा संख्या–5070) (UBN-VVN2526GLOB00874), की खरीद हेतु 'ई–प्रोक्योरमेंट' प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के बारे में अन्य विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl द्वारा जाने जा सकते हैं। भविष्य में निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन / तिथि बढ़ाने की जानकारी केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl पर उपलब्ध कराई जाएगी।
राज.संवाद/सी/25/18800 जेपीआर - 3116 (2026) अधीक्षण अभियन्ता (एम. एम. प्रथम)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



**BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER**
Karni Industrial Area, Pugal Road, Bikaner-334004
Ref. No.: 416 **Notice Inviting Bid** Date: 30.01.2026
Bikaner Technical University invites following bids:

| S.No. | Particulars | Estimated Cost | NIB No. | UBN No. | Last Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply and Installation of Computers and Printers | Rs.11.50 Lacs | BTU2526 A0016 | BTU2526GL OB00017 | 03.02.2026 up to 5.00 pm |
| 2. | Food arrangement on 27 February 2026 for the Convocation function of BTU | Rs.450000/- | BTU2526 A0018 | BTU2526SS OB00019 | 07.02.2026 up to 5.00 pm |
| 3. | Tent and other essential arrangements on 27th February 2026 for the Convocation function of BTU | Rs. 615000/- | BTU2526 A0019 | BTU2526SS OB00020 | 07.02.2026 up to 5.00 pm |
| 4. | Convocation Folder Printing and supply | Rs.367500/- | BTU2526 A0017 | BTU2526SS RC00018 | 07.02.2026 up to 5.00 pm |

Others particulars of the bids can be find on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in and Bikaner Technical University website www.btu.ac.in.
Raj.Samwad/C/25/18824 (Finance Comptroller)



**कार्यालय नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर (राज.)**
Ph. 01422-272066 Email- shahpura.jaipur@gmail.com
क्रमांक :–न0प0शा0/2025–26/1006 दिनांक :– 28.01.2026
**निविदा सुचना वर्ष 2025–26**
नगर परिषद शाहपुरा जयपुर द्वारा निम्नानुसार कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है विस्तुत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर कार्यालय समय सूचना बोर्ड पर देखा जा सकता है।

| NIB CODE | SPPP UBN |
|---|---|
| DLB2526B0905 | DLB2526WSOB32362, 32363 |

आयुक्त नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर
राज.संवाद/सी/25/18786



**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
छबड़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन, छबड़ा (राज.)
**ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य/वार्षिक अनुबन्ध/सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है:– 57(RVU2526SLOB02111) फील्ड हॉस्टल हेतु कैटरिंग सेवाएं और रखरखाव, 63(RVU2526WSOB02114) मैकेनिकल सील की मरम्मत/सुधार, 64(RVU2526WSOB02116) सेनेटरी कार्यो के सुधार एवं रखरखाव, 649 (RVU2526GLOB02120) सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना, 652(RVU2526GLOB02118) रेक्सरोथ निर्मित स्पेयर्स, 657(RVU2526GLOB02112) नेचुरल ड्राफ्ट कूलिंग टावर (एनडीसीटी) हेतु स्पेयर्स, 651(RVU2526GSOB02115) रेफ्रिजरेंट एवं 659(RVU2526GSOB02119) डेटा लॉगर की कमीशनिंग और आपूर्ति। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in (ई–निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/18799 RVUN/PR-4332 अति. मुख्य अभियन्ता (ओ. एण्ड एम.)



**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD TAPUKARA (KHAIRTHAL - TIJARA)**
E-mail ID-tapukaranagarpalika@gmail.com
**-:Tender Notice 28/2025-26:-**
Municipal Board Tapukara (Khairthal-Tijara) hereby invites sealed tender for the following works in the municipal area on the following date. Therefore, interested contractors can obtain the tender by depositing the fixed tender fee and security amount from Date 29.01.2026 on the fixed tender date and can submit their tender rates by the date 09.02.2026 Which will be opened on 09.02.2026 front of the present tenderers. Other information/conditions can be seen during office hours. Tenders are also available on the website http://www.sppp.rajasthan.gov.in.

| Sr. No. | low number of tenders | Date and time of sale of online tender | Date and time of depositing online the tender fee and security amount | Opening date of online tender |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | 29.01.2026 | 09.02.2026 | 09.02.2026 |

NIB No:- DLB2526B0941
UBN No:- DLB2526GSOB32481
The work-wise security deposit, work duration, estimated cost, complete details of tender fee, terms and conditions of the said tender can be viewed and downloaded from www.sppp.rajasthan.gov.in. Also, they can be viewed/obtained from the notice board/construction branch of the office during working days. The conditions of the RTPP Act will be valid and deductions will be made as per rules. Other conditions can be seen during office hours.
Exective Officer Municipality Tapukara
Raj.Samwad/C/25/18815



**कार्यालय नगरपालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)**
क्रमांक/न.पाक./स्टोर/2025–26/4915 दिनांक :– 28.01.2026
**–:: ई–निविदा सूचना ::–**
नगर पालिका कपासन द्वारा निम्नलिखित कार्य में कार्यरत एवं ठेकेदारों से मोहर बन्द निविदाऐं निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्त एवं निविदा प्रपत्र eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेंगे। उक्त निविदा वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in के NIB CODE : DLB2526B0931 पर देखें तथा निविदा का विवरण निम्नानुसार रहेगा :–

| | |
|---|---|
| निविदा के कुल कार्य | कुल 01 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | 30.00 लाख रूपये |
| निविदा पब्लिश की दिनांक व समय | दिनांक : 02.02.2026 समय : प्रातः 10.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड की दिनांक व समय | दिनांक : 02.02.2026 समय : प्रातः 10.00 बजे से |
| निविदा डाउनलोड की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक : 16.02.2026 समय : सांय 5.00 बजे तक |
| डी.डी. एवं भौतिक दस्तावेज पालिका कार्यालय में जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक : 17.02.2026 समय : प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | दिनांक : 17.02.2026 समय : दोपहर 2.00 बजे |
| Unique Bid Number | DLB2526SLRC32453 |

राज.संवाद/सी/25/18832 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील–लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145–2429971, 2429920
क्रमांक :–MEW/2025-26/1050 दिनांकः– 28.01.2026
**:: ई–निविदा सूचना संख्या 55/2025–26 ::**
नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | राशि 48.35 लाख (02 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | Date 29.01.26 से 08.02.26 को 6.00 PM तक |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | Date 09.02.26 को 11:30AM पर |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
Nib Code :-ANN2526A0211

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | ANN2526WSOB00272 |
| 2 | ANN2526WSOB00273 |

अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम अजमेर
राज.संवाद/सी/25/18864



**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
कॉरपोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन)-यू40109आरजे2000एसजीसी016483
पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस, जोधपुर-342003, फोन न. : 0291-2742264
ईमेल :- seciviljdvvnl@gmail.com, वेबसाईट :- http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl
**ई-निविदा सख्या 22/2025-26**
केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में 'ए' व 'एए' श्रेणी तथा जो.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी, वस्तु एवं सेवाकर (GST) विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियन्ता {सिविल} जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर 9413359193/बाड़मेर; 9413359455/बीकानेर; 9413359744 के अधीन विभिन्न सिविल निर्माण कार्यो के लिए ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, प्रकिया शुल्क, अमानत राशि, निविदा खोलने की तिथि व सामान्य अनुबन्ध की शर्ते आदि समस्त विवरण, वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.raj.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। भविष्य में संशोधान/अवधि विस्तार, यदि कोई हो तो, उसकी सूचना http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.raj.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित की जावेगी।
JVV2526WSOB00821, JVV2526WSOB00822, JVV2526WSOB00843, JVV2526WSOB00841, JVV2526WSOB00847, JVV2526WSOB00848, JVV2526WSOB00849, JVV2526WSOB00836, JVV2526WSOB00837, JVV2526WSOB00846, JVV2526WSOB00828, JVV2526WSOB00829, JVV2526WSOB00830, JVV2526WSOB00831, JVV2526WSOB00832, JVV2526WSOB00824, JVV2526WSOB00823, JVV2526WSOB00826, JVV2526WSOB00828, JVV2526WSOB00833, JVV2526WSOB00834, JVV2526WSOB00845, JVV2526WSOB00840, JVV2526WSOB00825
राज.संवाद/सी/25/18803 अधीक्षण अभियंता {सिविल}
बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045



**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक/जविप्रा/अधि.अभि.एवं त.स.नि.अ.–I/2025–26/ दिनांक : 30.01.2026
**बिड आमंत्रण सूचना**
**बिड संख्या - अ.अ.एवं त.स.नि.अ.-I/43/2025-26**
जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2526WSOB00594 | 14.56 | भवन | 05.02.2026 |
| 2 | JDA2526WSOB00598 | 9.23 | पेन्टिंग का कार्य | 09.02.2026 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
अधि. अभि. एवं तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम
राज.संवाद/सी/25/18866

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संपर्क हैल्पलाइन पर सुनी लोगों की समस्याएं

## राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन 181 का औचक निरीक्षण कर परिवादियों से किया सीधा संवाद

- मुख्यमंत्री ने लोगों से बातचीत करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक भी लिया
- संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : भजनलाल शर्मा

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन 181 का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने हैल्पलाइन के माध्यम से आमजन से सीधा संवाद किया। शर्मा ने उनसे आत्मीयता से बात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आमजन से राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक भी लिया।

शर्मा से कोटपूतली-बहरोड़ के मोहम्मदपुर नंगलिया खोहरी निवासी पिंकी यादव ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए निवेदन किया। इसी तरह डूंगरपुर के बोड़ीगामा छोटा गांव से जितेन्द्र ने जाति प्रमाण पत्र तथा मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं बनने के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

वहीं प्रतापनगर, जयपुर की निवासी लाजवंती ने मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इनकी समस्याओं का समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को रतनगढ़ चूरू के भोजासर से किशनलाल ने मकान का पट्टा जारी नहीं होने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित होने की जानकारी दी। किशनलाल ने शर्मा से शीघ्र पट्टा जारी करवाने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इनके मकान का पट्टा जारी करने के लिए निर्देशित किया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन 181 पर लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, शिकायत पंजीकरण की प्रणाली तथा फॉलो-अप प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए संपर्क पोर्टल पर आ रही समस्याओं की अधिक से अधिक मॉनिटरिंग हो, जिससे परिवादी की समस्या का समयबद्ध निस्तारण हो सके। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए राज्य सरकार कार्य कर रही है। इसी दिशा में 181 हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन घर बैठे अपनी समस्या दर्ज करवाकर उसका शीघ्र समाधान प्राप्त कर रहे हैं।

## 2 रिटायर्ड आरएएस के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति को मंजूरी

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 19 के तहत राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 2 सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध न्यायिक प्रकरणों में पक्षकारों के साथ कूट-रचना करने तथा नियम विरूद्ध कार्यवाही करने के आरोपों में अभियोजन स्वीकृति जारी की है। शर्मा ने राजस्थान गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सेवा के 1 अधिकारी द्वारा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में भ्रष्ट एवं अवैध तरीकों को अपनाने के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को अभियोजन स्वीकृति प्रदान की है। इसी प्रकार सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध संचालित वृहत्त शास्ति के अनुशासनात्मक कार्यवाही के 2 प्रकरणों में वेतन वृद्धियां रोके जाने के दण्ड को अनुमोदित किया तथा एक सेवानिवृत्त अधिकारी की पेंशन रोकने का भी आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने 2 प्रकरणों में नियम 34 सीसीए के तहत पुनरावलोकन याचिका को खारिज करते हुए पूर्व प्रदत्त दण्ड को यथावत रखा तथा 1 प्रकरण में राहत प्रदान करते हुए विभागीय जांच कार्यवाही को प्रस्ताव स्तर पर ही समाप्त किए जाने का अनुमोदन किया है।

## 5 नवीन किसान पथ बनेंगे

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नागौर जिले की कृषि उपज मण्डी समिति, मेडता सिटी के अंतर्गत 5 नवीन सम्पर्क सड़कों (किसान पथ) के निर्माण के लिए 5 करोड़ 60 लाख रूपये से अधिक की राशि स्वीकृति की है।

# राजस्थान में जर्जर सरकारी स्कूल भवनों के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा

## सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के चलते सदन का माहौल गर्माया, हालात बिगड़ते देखकर विधानसभा अध्यक्ष को हस्तक्षेप करना पड़ा

- **शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि "पिछली कांग्रेस सरकार ने जर्जर स्कूल भवनों के सर्वे को लेकर कोई ठोस काम नहीं किया। वर्तमान सरकार ने ऐसे स्कूल भवनों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और उनकी मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।**

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा की 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र में शुक्रवार को जर्जर सरकारी स्कूल भवनों के मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के चलते सदन का माहौल गरमा गया। हालात बिगड़ते देख विधानसभा अध्यक्ष को हस्तक्षेप करना पड़ा। जर्जर स्कूल भवनों को लेकर नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जर्जर स्कूल भवनों के सर्वे को लेकर कोई ठोस काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने स्कूल भवनों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और उनकी मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान विधायक संदीप शर्मा ने सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में विद्यालय भवन समय से पहले ही जर्जर हो चुके हैं। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार ऐसे भवनों को जमींदोज करने का विचार रखती है और जिन भवनों का निर्माण तय समय से पहले खराब हुआ है, उन मामलों में संबंधित संवेदकों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।

इस पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में कुल 41 हजार 178 विद्यालय भवन ऐसे हैं, जिनकी मरम्मत की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इनमें से 1680 भवनों की मरम्मत के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों को तकनीकी प्रशिक्षण और आकलन के आधार पर एक ही बार में जमींदोज किया जाता है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।सदन में मंत्री दिलावर ने यह भी बताया कि भारत सरकार की ओर से इस मद में 1000 करोड़ रुपये देने का आश्वासन मिला है। अब भवनों के निर्माण की तिथि के साथ-साथ मरम्मत की तिथि भी निर्धारित की जाएगी। इसके अलावा स्कूल भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण की व्यवस्था भी लागू की जा रही है।इस बीच नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में आज भी मंदिरों और अस्पतालों में स्कूल संचालित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में 3768 स्कूल भवन जर्जर हालत में हैं, लेकिन सरकार का ध्यान केवल तबादलों पर केंद्रित है, न कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था पर।नेता प्रतिपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मंदिरों में 30 से 40 वर्षों से स्कूल संचालित होने की स्थिति कांग्रेस शासन की देन है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान भवन निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ और निर्माण के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

## एंबुलेंस ड्राईवर से की हाथापाई

**जयपुर।** बाइस गोदाम सर्किल पर एक ऑडी कार सवार एक अमीरजादे ने आगे निकलने की होड़ में सारे नियम कायदों को ताक में रखते हुए मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस के आगे खुद की कार लगा कर उसे रोक लिया और हाथापाई पर उतर आया। यही नहीं ऑडी कार सवार चालक ने एंबुलेंस की चाबी छीनने का प्रयास किया। एंबुलेंस रोक कर चालक से हाथापाई होती देख राहगीर मौके पर जमा हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों से समझाईश कर मामले को शांत कराया।


**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नं. ए-325, जेडीए स्कीम पन्नाधाय नगर को ऑरिजिनल अलॉटमेंट लैटर, कब्जा पत्र कहीं गिर गया है कृपया मिलने पर सूचित करें। विजय कुमार गुप्ता-9783758484

मेरे फ्लैट नं. 8/SA/807 स्टूडियो अपार्टमेंट प्रताप नगर, जयपुर का आवंटन पत्र क्रमांक 4311 जारी दिनांक 13 जून 2025 कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें। मो. 9667768020

मेरा मकान सं. 170/44 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, मूल कब्जा पत्र, मूल भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें-9414214470

**NAME CHANGE**

I have change my name SHEKHAWAT VIKRAMSINGH TEJSINGH TO VIKRAM SINGH SHEKHAWAT S/o Tej Singh for all future purpose. R/o Shri Madhopur, Ward no 13 Mundru, Sikar, Rajasthan 332712

I Anju lakhi Wife of Jatinder Paul Chugh Resident of Plot no. E-161 Ambabari Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302023 I have changed my Name From Anju Lakhi to Diksha Chugh for all Purposes. In Future. I shall Be known as Diksha Chugh.

I army no 15474617L Ex DFR Dinesh kumar resident of 198-A Saraswati path Tara nagar jhotwara jaipur that I want to change my spouse name from KAMLESH TO KAMLESH DEVI vide affidavit dated 4.1.2026 before sub divisional officer chomu jaipur.

I army no JC210086F Ex SUB/MAJ (Hony LT) Shriram Sharma resident of singod kallan teh chomu district jaipur that I want to change my spouse name from SANTOSH TO SANTOSH DEVI SHARMA vide affidavit dated 29.01.2026 before sub divisional officer chomu jaipur.

**कार्यालय ग्राम पंचायत आकोडिया पं.स. कोटखावदा (जयपुर)**

क्रमांक/ग्रा.पं./2025-26/ई-निविदा/16 दिनांक-27.01.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

पंचायत समिति कोटखावदा के ग्राम पंचायत आकोडिया मे SFC+FFC (ZP+GP) क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 16.00 लाख का 3 कार्य स्वीकृत है। कार्यो को सम्पादित कराने हेतु पंचायतराज अधिनियम 1996 के नियम 181(2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों मे पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाएं ऑनलाईन प्राप्त करने एवं अपलोड करने की दिनांक 28.01.2026 से 06.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी।

NIB NO. KHW2526A0049,
UBN NO. KHW2526WSOB00088 TO KHW2526WSOB00090

प्रशासक ग्राम पंचायत आकोडिया | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत आकोडिया

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर**

**आवश्यक सूचना**

मूलतः आवास संख्या 4 / 187, एन.ई.बी विस्तार योजना, अलवर जो कि श्रीमती विनिता शर्मा पत्नी श्री विशेक शर्मा को आवंटन पत्रांक 1869 दिनांक 16.06.2005 के द्वारा आवंटित किया गया। था। मण्डल द्वारा आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1494 दिनांक 18.05.2006 को श्रीमती विनिता शर्मा के नाम जारी कर दिया गया था। श्रीमती विनिता शर्मा द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 26.12.2008 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्रीमती विनिता शर्मा द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.12.2008 को श्रीमती प्रेम देवी पत्नी डॉ. टेकचन्द को कर दिया गया। मण्डल द्वारा आवास का नाम लीज हस्तांतरण कार्यालय आदेश क्रमांक 1808 दिनांक 15.09.2009 को श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री डॉ. टेकचन्द नाम से जारी कर दिया गया। श्रीमती प्रेम देवी द्वारा आवास का बेचान जरिये पंजीकृत बयनामा दिनांक 20.11.2024 को श्री लालचन्द पुत्र श्री छेदेलाल को कर दिया गया। श्री लालचन्द द्वारा उक्त आवास का मण्डल नियमानुसार लीज हस्तांतरण किये जाने हेतु दस्तावेज एवं शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 4/187, एन.ई.बी. विस्तार योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री लालचन्द पुत्र श्री छेदेलाल के पक्ष में आवास के लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पावटा

जिला कोटपूतली-बहरोड़

जितेन्द्र वगैरह बनाम बंशी वगैरह

वाद सं. 174/25

बनाम-

1. अनिता कंवर पत्नि महावीर सिंह, जाति राजपूत, निवासी शिवगनर तहसील पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान 2. आंची पुत्री लादुराम, जाति अहीर, निवासी- मानसरोवर 3. कमलेश पुत्री घूड़मल 4. कमला देवी पत्नि पप्पूराम 5. केशरी पुत्री लादूराम 6. प्रभाती पुत्री लादूराम 7. ममता देवी पत्नि जयराम जातियान अहीर, निवासी शिवगनर, तहसील पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड़, राजस्थान 8. सितेन्द्रसिंह पुत्र प्रतापसिंह, जाति राजपूत, निवासी मानसरोवर, जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 10.02.2026 को दिन में प्रातः 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 28.01.26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

34 / 28/01/26 (मोहर) न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पावटा (कोटपूतल-बहरोड़)

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पावटा जिला कोटपूतली बहरोड

जितेन्द्र वगैर बनाम बंशी वगैर

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 212 आर.टी.एक्ट टी.आई.नंबर-161/25

बनाम-(1) अनिता कंवर पत्नि महावीरसिंह, जाति राजपूत, निवासी शिवनगर तहसील पावटा जिला कोटपूतली बहरोड, राजस्थान (2) आंची पुत्री लादुराम जाति अहीर निवासी मानसरोवर, (3) कमलेश पुत्री धूडमल, (4) कमला देवी पत्नि पप्पूराम, (5) केशरी पुत्री लादूराम, (6) प्रभाती ...

उपखण्ड अधिकारी पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 413/2026

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम श्रीमती ममता शर्मा पत्नि स्व. आलोक शर्मा विवाद स्थान 111/140 विजय पथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर

मृतक स्व. आलोक शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 18.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. आलोक शर्मा पुत्र स्व. जे.पी. शर्मा निवासी ...

जयपुर महानगर प्रथम

**न्यायालय अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-1 जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर**

वाद संख्या-49/2025

दीपक लदीवाल व अन्य बनाम नगर निगम जयपुर व अन्य

प्रतिनिधित्व वाद पत्र

नोटिस अन्तर्गत आदेश 01 नियम 08 व्यवहार प्रक्रिया संहिता

चूंकि वादीगण ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध प्रतिनिधित्व वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें मकान नं. 589 गोपाल जी का रास्ता, चौकडी विश्वेश्वर जी जयपुर स्थित जी+3 अवैध व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण से उत्पन्न लोक न्यूसेंस और नगर निगम बायलॉज के उल्लंघन का उल्लेख है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त वाद में स्वहित रखता हो तो वह दिनांक 31.01.2026 को प्रात 10.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार बन सकता है। अन्यथा वह भविष्य में कोई आपत्ति नहीं उठा सकेगा। यह आदेश आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-1 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला - अजमेर (राज)**

**ई-निविदा सूचना संख्या - 36/2025-2026**

... http://sppp.rajasthan.gov.in ... https://eproc.rajasthan.gov.in ...

यूबीएन नं. DLB2526B0865

राज.संवाद/सी/25/18788

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1240

चूंकि प्रार्थी श्री ANJANA SHARMA 250, M.G. NAGAR, DCM AJMER ROAD, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास समर्पित फाउण्डेशन जयपुर 250, MAHATMA GANDHI NAGAR, DCM AJMER ROAD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 06.04.2026

(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1153

चूंकि प्रार्थी श्री नारायण लाल शर्मा H.N. 255, छोटा अखाडा नियर पावर हाऊस, ब्रह्मपुरी जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सर्व विप्र समाज संस्थान, जयपुर, दुकान नं. 9, लक्ष्मी नगर, मंगोडी वालो की बगीची, ब्रह्मपुरी, जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 13.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 20.03.2026

(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21) — कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर** — राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस (इसी प्रारूप में अन्य नोटिस): मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1268, प्रार्थी श्री MADAN MOHAN SHARMA, 111/257, BAJRANG MARG SIPRA PATH AGARWAL FARM MANSAROWAR JAIPUR; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1246, प्रार्थी श्री MAHENDRA KUMAR MISHRA; प्रार्थी श्री SUMER SINGH BOTHRA; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1247, प्रार्थी श्री CHARAN SINGH CHOUDHARY; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1184, प्रार्थी श्री PAPPULAL SHARMA; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1255, प्रार्थी श्री KUSUMLATA JAIN AMER BHAWAN; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1238, प्रार्थी श्री ANUBHAV CHANDEL; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1257, प्रार्थी श्री RAMSWAROOP SHARMA; मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1239, प्रार्थी श्री RAMAVATAR KHANDELWAL — सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

नेहरू प्लेस शाखा, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान 302015

मोबाईल नं.: 8094018323, ई-मेल: nehjai@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]

... वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ...

... कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्र./लोट नं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( सांकेतिक/वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स ताज पेपर उद्योग जैन नसिया रोड़, जैन हॉस्टल के पास, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान एवं 387, कागजी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान प्रोपराईटर- श्री अब्दुल जब्बार पुत्र स्व. श्री अजीमुल्ला 387, कागजी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान जमानतदार- श्री शौकत अली पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार 131, देश वालों की गली, कागजी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान | श्री अब्दुल जब्बार पुत्र स्व. श्री अजीमुल्ला के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 387, कागजी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 296.30 वर्ग गज है। सीमाएं- पूर्वः आम रास्ता, पश्चिमः श्रीमती भूरी का मकान एवं अन्य मकान, उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः श्री अब्दुल गफ्फार का मकान एवं रास्ता अन्य ऋण भारः ज्ञात नहीं | रूपये 81,87,062.36 दिनांक 23.08.2025 को बकाया ( दिनांक 23.08.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 07.03.2026 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 74,93,000/- / धरोहर राशि- रूपये 7,49,300/- / बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | सांकेतिक | 27.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 8094018323 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांकः 29.01.2026
स्थानः जयपुर

हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा



मैंने मजाक में प्रशंसकों और सुरक्षाकर्मियों से एक तरफ हटने का आग्रह करते हुए कहा, "कृपया रास्ता दें, चेट्टा को परेशान न करें। कोई फोटो नहीं।"
- सूर्यकुमार यादव

भारतीय कप्तान, संजू सैमसन को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत


**आज का खिलाड़ी** विराट कोहली



देर रात जब फैंस ने विराट कोहली का प्रोफाइल सर्च किया, तो उन्हें स्टाग्राम प्रोफाइल डीएक्टिवेट का संदेश मिला। 274 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स वाला यह अकाउंट अचानक गायब होने से सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया। सिर्फ कोहली का ही अकाउंट गायब नहीं हुआ था। उनके भाई विकास कोहली का इंस्टाग्राम प्रोफाइल भी उसी समय डीएक्टिवेट पाया गया था। जहां विराट का अकाउंट सुबह लगभग 8:30 बजे फिर से दिखाई दिया, वहीं यह खबर लिखे जाने तक विकास कोहली का अकाउंट इनएक्टिव था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी20 क्रिकेट में मेजबान टीम इंडिया के खिलाफ भारत में खेलते हुए सबसे ज्यादा बार सफलतापूर्वक लक्ष्य का बचाव करने का विश्व रिकॉर्ड न्यूजीलैंड ने बना दिया है। उन्होंने पांचवीं बार ये कमाल किया है।

## पूर्व टेस्ट क्रिकेट अंपायर आरएस राठौर का निधन



जयपुर, 30 जनवरी। राजस्थान के एकमात्र पूर्व टेस्ट क्रिकेट अंपायर रघुवीर सिंह राठौर का निधन हो गया। राजस्थान क्रिकेट संघ के सांख्यिकीविद् ओपी शर्मा के अनुसार आरएस राठौर ने 2 टेस्ट मैच और 4 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की थी। उनका पहला टेस्ट मैच भारत और श्रीलंका के बीच 23-27 नवंबर 1990 को चंडीगढ़ में हुआ था। जबकि उनका पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 9 सितंबर 1986 को श्रीनगर में था। आरएस राठौर ने 50 प्रथम श्रेणी के मैच भी किए थे। कई वर्षों तक उन्होंने बीसीसीआई के लिए मैच रैफरी की भूमिका भी निभाई। यह उल्लेखनीय है कि राठौर साहब 1980 के दशक में लगभग 15 वर्षों तक उदयपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव भी रहे। 21 सितंबर 1938 को जन्मे राठौर साहब ने राजस्थान क्रिकेट के लिए कई राष्ट्रीय स्तर के अंपायर तैयार किए। उन्हें राजस्थान क्रिकेट के अंपायरिंग क्षेत्र में भीष्म पितामह के रूप में जाना जाता है।

## इंटर डिवीजन क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए चार चयनकर्ताओं का चयन

जयपुर, 30 जनवरी। जयपुर के स्थानीय रेलवे क्रिकेट ग्राउंड गणपति नगर पर होने वाली उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ द्वारा इंटर डिवीजन क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए चार चयनकर्ताओं को चयन किया गया है। जिसमें शब्बीर हुसैन, निखिल गुरु, जाकिर हुसैन और विजेंद्र यादव होंगे। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग ले रही है जयपुर मंडल, अजमेर मंडल, बीकानेर मंडल, जोधपुर मंडल, अजमेर वर्कशॉप, जोधपुर वर्कशॉप, आरपीएफ और एनडब्ल्यू भाग ले रही है। यह चैंपियनशिप 20 के आधार पर खेली जाएगी। यह चैंपियनशिप गणपति नगर रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर 9 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक खेली जाएगी। जिसके आधार पर अखिल भारतीय रेलवे क्रिकेट चैंपियनशिप में एनडब्ल्यूआर क्रिकेट टीम बनेगी।

## आरसीसी क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 30 जनवरी। जयपुर वनडे कप सीजन -1 में आरसीसीक्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 219 रन 10




विकेट के नुकसान पर बनाएं। मोहम्मद आरिश ने 76 और अपूर्व आशीष गोयल ने 64 रनों का योगदान दिया। जयपुर की ओर से कैलाश खंगवाल और हेमंत सैनी ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते उतरी जयपुर की टीम 34 ओवर में 171 रन पर ऑल आउट हो गई। देवांग ने 50 और अभिषेक वर्मा ने 34 रन का योगदान दिया। आरसीसीक्रिकेट अकादमी की ओर से जय कुमार, लेखराज और अरमान कमल खान ने दो-दो विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद आरिष को चुना गया।

## चार टीमों के बीच होगी फाइनल के लिए टक्कर

जयपुर, 30 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित हो रहे पोलो कप (08 गोल्स) के लिए शनिवार को चार टीमों के बीच सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच टीम जिंदल बेदला और वी पोलो के बीच पीपीसी पोलो ग्राउंड पर दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा। वहीं दूसरा मुकाबला जयपुर और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा।

## 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के भव्य आयोजन की देशभर में प्रशंसा



जयपुर, 30 जनवरी। राजस्थान के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के खेल का आयोजन 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 रूप में किया गया। इसमें देश भर से 24 खेलों के 4448 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सात संभागो में आयोजित इन खेलों के सफल आयोजन की देशभर में प्रशंसा की गई। इस दौरान निर्विवाद खेल आयोजन, आवास, भोजन और आवागमन की सुविधा की सभी ने भरपूर प्रशंसा की। शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का भव्य आयोजन प्रदेश में किया गया, जिसमें 07 शहर, 12 दिन. 222 यूनिवर्सिटीज, 23 पदक खेलों में 4448 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 11 नये रिकॉर्ड बने 42 गोल्ड सहित 67 पदक जीत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी टॉप पर रही। डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि पिछले पांच सालो में खिलाड़ियों की सबसे ज्यादा भागीदारी राजस्थान में रही। यहां 24 खेलों में 4448 ने भाग लिया। कुछ इवेंट्स में खिलाड़ियों की कम भागीदारी का कारण उनका कॉलेज बदलना और जॉब लगना मुख्य कारण रहा। गत वर्ष आसाम में 3658, वर्ष 2023 में उत्तरप्रदेश में 3613, वर्ष 2022 कर्नाटक में 3894 और वर्ष 2020 उडीसा में खेलों में 3166 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# हार के बाद बांग्लादेश का आईसीसी पर बड़ा आरोप, खराब शेड्यूल को बताया वजह

### अंडर-19 विश्वकप




नई दिल्ली, 30 जनवरी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अंडर-19 विश्व कप से टीम के बाहर होने के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद पर असंतुलित मैच शेड्यूल और लगातार यात्रा कराने के आरोप लगाएथाते दें कि बांग्लादेश अंडर-19 टीम को टूर्नामेंट के दौरान बार-बार शहर बदलने पड़े, जिससे खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक थकान बढ़ी।

मौजूद जानकारी के अनुसार, टीम को हरारे से बुलावायो तक लगभग नौ घंटे की बस यात्रा करनी पड़ी, वह भी मानसून के मौसम में, जो पहले ही मैच से पहले खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुई।

गौरतलब है कि भारत और न्यूजीलैंड जैसे अहम मुकाबलों से पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को खुद के खर्च पर आंतरिक उड़ानों की व्यवस्था करनी पड़ी, ताकि खिलाड़ियों को लंबी बस यात्राओं से बचाया जा सके। बीसीबी के गेम डेवलपमेंट कोऑर्डिनेटर हबीबुल बशर ने स्थानीय मीडिया से बातचीत में कहा कि टीम की रणनीति में जरूर कुछ कमियां रहीं, लेकिन यात्रा व्यवस्था ने हालात और मुश्किल बना दिए। हबीबुल बशर के अनुसार, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही आईसीसी को यात्रा से जुड़ी दिक्कतों की जानकारी दी गई थी और अभ्यास मैचों के वेन्यू बदलने का अनुरोध भी किया गया था, लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। एक बार टूर्नामेंट शुरू होने के बाद शेड्यूल में बदलाव लगभग नामुमकिन हो जाता।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश के मुख्य कोच नवीन नवाज और कई खिलाड़ियों ने भी इस अव्यवस्थित कार्यक्रम को लेकर असंतोष जताया है। टीम को अमेरिका के खिलाफ मैच के लिए फिर से हरारे लौटना पड़ा और इसके बाद सुपर सिक्स मुकाबले के लिए दोबारा बुलावायो जाना पड़ा। गौरतलब है कि यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पहले से ही आईसीसी के साथ तनावपूर्ण रिश्तों से गुजर रहा है। इससे पहले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाने के फैसले के बाद बांग्लादेश की सीनियर टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया।

# अल्काराज और जोकोविच में होगी बादशाहत की जंग





मेलबर्न, 30 जनवरी। कार्लोस अल्काराज शुक्रवार दोपहर को नाटकीय अंदाज में अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे, जहाँ उन्होंने शारीरिक समस्याओं से उबरते हुए और हार के कगार से वापसी करते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7(4), 7-5 से एक मैराथन सेमीफाइनल जीत हासिल की। रविवार को होने वाले फ़ाइनल में अल्काराज का मुकाबला दस बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा जिन्होंने अन्य सेमीफाइनल में दूसरी सीड जैनिक सिनर को पांच सेटों के मुकाबले में 3-6 6-3 4-6 6-4 6-4 से हराया। चौथी सीड नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक बार फिर समय को पीछे छोड़ दिया, जहां उन्होंने सिनर के खिलाफ पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़ते हुए पांच-सेट के एक शानदार मैच में जीत हासिल की और रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब और मेलबर्न में 11वें खिताब से सिर्फ एक जीत दूर रह गए। पहला सेट हारने और फिर दो सेट से एक सेट से पीछे होने के बाद, जोकोविच के लिए हाल की जानी-पहचानी कहानी दोहराए जाने का खतरा था, जो 2025 में चारों मेजर के सेमीफाइनल में हार गए थे। हालांकि, इस बार 38 वर्षीय खिलाड़ी ने हार मानने से इनकार कर दिया। रॉड लेवर एरिना में लाइट्स के नीचे शानदार प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने खुद को मैच में वापस खींचा और दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन को एक रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज, जिन्होंने मेलबर्न में अपने शुरूआती पाँच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा था, ज्वेरेव के खिलाफ़ दो सेट की बढ़त बनाने के बाद अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की राह पर दिख रहे थे।

## अंडर-19 विश्वकप : अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 191 रनों से हराया

हरारे, 30 जनवरी। फैसल शिनोजादा (163) की शतकीय और कप्तान महबूब खान (89) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अब्दुल अजीज और अकील खान (तीन-तीन विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार अंडर-19 विश्वकप सुपर सिक्स ग्रुप एक मुकाबले में आयरलैंड को 191 रनों से शिकस्त दी। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की पूरी टीम अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 40.4 ओवरों में 124 रन पर सिमट गई। आयरलैंड के लिए मार्क्स बेट्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाये। इसके अलावा रुबेन विल्सन (31), रॉब ओब्रायन (16), जेम्स वेस्ट (15) रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। अफगानिस्तान के लिए अब्दुल अजीज और अकील खान ने तीन-तीन विकेट लिये। नूरीसतानी ओमरजई और रूहुल्लाह अरब ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में खालिद अहमदजई (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें रूबेन विल्सन ने बोल्ड आउट किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये फैसल शिनोजादा ने उस्मान सादत के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान आठवें ओवर में थॉमस फोर्ड ने उस्मान सादत (14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उजैरुल्लाह नियाजई ने शिनोजादा के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़े।

# चीनी फुटबॉल में मचा हड़कंप, मैच फिक्सिंग में पूर्व कोच समेत 73 पर लगा लाइफटाइम बैन

नई दिल्ली, 30 जनवरी। चीन के फुटबॉल में लंबे समय से चल रही गड़बड़ियों पर आखिरकार बड़ा एक्शन देखने को मिला है। बता दें कि चीनी फुटबॉल संघ ने गुरुवार को मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में कड़ा फैसला लेते हुए 73 लोगों पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है, जिनमें पूर्व राष्ट्रीय टीम कोच ली टिए भी शामिल हैं। इसके साथ ही 13 पेशेवर फुटबॉल क्लबों पर आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

गौरतलब है कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चल रहे व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान के तहत कई शीर्ष फुटबॉल अधिकारियों को पद से हटाया गया है और दर्जनों खिलाड़ियों पर सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

बता दें कि ली टिए, जो इंग्लिश क्लब एवर्टन के लिए भी खेल चुके हैं और 2019



से 2021 तक चीन की राष्ट्रीय टीम के कोच रहे थे, पहले से ही रिश्वतखोरी के मामले में 20 साल की सजा काट रहे हैं। उन्हें दिसंबर 2024 में दोषी ठहराया गया था। वहीं, पूर्व चीनी फुटबॉल संघ अध्यक्ष चेन शूयुआन को भी करीब 1.1 करोड़ डॉलर की रिश्वत लेने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। क्लब स्तर पर भी इस फैसले का बड़ा असर पड़ा है। 2025 चीनी सुपर लीग की 16 में से 11 टीमें अगले सीजन में अंक कटौती और जुर्माने का सामना करेंगी। मौजूद जानकारी के अनुसार, तियानजिन जिनमेन टाइगर और पिछले सीजन की उपविजेता शंघाई शेनहुआ को 2026 सत्र की शुरुआत में 10-10 अंक गंवाने होंगे और 10 लाख युआन का जुर्माना देना होगा। लगातार तीन बार की चैंपियन शंघाई पोर्ट और बीजिंग गुओआन पर पांच-पांच अंक की कटौती के साथ 4 लाख युआन का जुर्माना लगाया गया।

फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि इस सख्त कार्रवाई से चीन में पेशेवर फुटबॉल की साख सुधारने की कोशिश की जा रही है। लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहे चीनी फुटबॉल के लिए यह कदम एक नई शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है, हालांकि इसका असर आने वाले सीजन में लीग की प्रतिस्पर्धा पर भी साफ दिखेगा।

## न्यूजीलैंड को 65 रनों से हराकर इंग्लैंड अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल में

बुलावायो, 30 जनवरी। बेन मेयस (53), कैलेब फाल्कनर (47) और बीजे डॉकिंस (42) की संघर्षपूर्ण पारियों के बाद मैनी लुम्सडेन (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजो के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप सुपर सिक्स दो में न्यूजीलैंड को 65 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ इंग्लैंड ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। 235 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की पूरी टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 38.5 ओवर में 169 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के स्नेहित रेड्डी ने सर्वाधिक 47 रन बनाये। इसके अलावा जसकरण संधू (26), ह्यूगो बोग्यू (18), हैरी बर्न्स (17), कैलम सैमसन (14), आर्यन मान और टॉम जोन्स 13-13 रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड के लिए मैनी लुम्सडेन ने 17 रन देकर पांच विकेट लिये। सेबेस्टियन मॉर्गन को दो विकेट मिले। एलेक्स ग्रीन और फरहान अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## रिशेन जिलोवा बने चैंपियन

जयपुर, 30 जनवरी। जयपुर जिला शतरंज संघ द्वारा राजस्थान शतरंज संघ, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ एवं फाइड के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान राज्य अमेच्योर (अंडर-2300)



चयन ट्रायल ओपन एवं महिला फाइड रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक सुबोध कॉलेज, रामबाग, जयपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कुल पुरस्कार राशि 1,00,000 रही। आठ राउंड की स्विस प्रणाली में खेली गई इस प्रतियोगिता में जयपुर के रिशेन जिलोवा (1804) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7.5 अंक प्राप्त कर ओपन अंडर-2300 वर्ग का खिताब जीता और उन्हें 5,100 नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। सिद्धांत चतुर्वेदी (जयपुर) ने 6.5 अंक के साथ 3,100 व ट्रॉफी जीतते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षवर्धन सिंह परिहार (बीकानेर) ने 6.5 अंक के साथ 2,100 का पुरस्कार जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## पीवी सिंधु क्वार्टरफाइनल में

जकार्ता, 30 जनवरी। पी वी सिंधु दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जहां शुक्रवार को उनका मुकाबला टॉप सीड चेन यू फी से होगा। चेन के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 7-6 से आगे होने के कारण, क्वार्टर फाइनल मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर अपनी जगह पक्की की। सातवीं सीड लक्ष्य सेन भी आगे बढ़े और हांगकांग के जेसन गुनावन को एक और 43 मिनट के मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराकर थाईलैंड के पानितचाफोन टीराटसकुल से भिड़ेंगे।

# राजस्थान-पॉन्डिचेरी रणजी मैच राजस्थान दूसरी पारी में 77/2

जयपुर, 30 जनवरी। पॉन्डिचेरी में खेले जा रहे राजस्थान - पॉन्डिचेरी रणजी मैच के दूसरे दिन का स्कोर :-राजस्थान पहली पारी 168 आल आउट। टीम के लिए दीपक चौधरी 64, दीपक हुड्डा 36, रामनिवास गोलाडा 31 रन। पॉन्डिचेरी के गेंदबाज कर्ट 37 / 5 व सागर 54 / 3, पॉन्डिचेरी पहली पारी 349 आल आउट। टीम के लिए नयन 120, अमन 118 व पुनीत 45 रन। राजस्थान के गेंदबाज मोहित छांगरा78 / 3, दीपक हुड्डा 32 / 2, अनिकेत चौधरी 67 / 2 व महिपाल, अजय कुकना व दीपक 1 - 1 विकेट। राजस्थान दूसरी पारी 77 / 2, टीम के लिए रामनिवास गोलाडा 47 व सलमान खान नाबाद 25 रन।

**अंडर 23 सी केनायडु ट्रॉफी** - राजस्थान - ओडिसामैच के पहले दिन का स्कोर :- राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आज से जयपुर में शुरू हुए राजस्थान - ओडिसामैच के पहले दिन राजस्थान के राजस्थान के सुमित गोदारा व रजत बघेल के अर्धशतक। राजस्थान पहली पारी 270 / 6, टीम के लिए रजत बघेल 74, सुमित गोदारा 70, दर्शन जैन 46, अनिरुद्ध सिंह नाबाद 46 व चेतन नाबाद 17 रन।ओडिसाके गेंदबाज बादल 71 / 5, इंदौर में खेली जा रही राज सिंह डूंगरपुर अंडर 14 ट्रॉफी के राजस्थान - यूपीसीएमैच मैच ड्रासमाप्त, यूपीसीएको पहली पारी में बढ़त।

राजस्थान पहली पारी 218 आल आउट। टीम के लिए पुनीत यादव 71 ,मुकुल कौशिक 33, गौरव पुनिया 29, आयुष रवींद्र 22, अनमोल शर्मा 20, नलिन दुल्हर 19 रन। यूपीसीए के गेंदबाज अर्णव 40 / 3 विकेट। यूपीसीए पहली पारी 590 आल आउटयूपीसीएटीम के लिए हर्ष 188, आयुष्मान 157 रनराजस्थान के गेंदबाज अभिमन्यु चौधरी 109 / 3, गौरव पुनिया 142 / 3 अनमोल शर्मा 94 / 2 व भावेश बघेल 1 विकेट। राजस्थान दूसरी पारी 234 / 5, टीम के लिए मुकुल कौशिक नाबाद 110 व पुनीत नाबाद 58 रन।

**राज्य स्तरीय अंडर 23 वीमेन चैलेंजर ट्रॉफी** - आज से राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 23 वीमेन चैलेंजर ट्रॉफी के तीसरे दिन तनिका शर्मा का नाबाद आतिशी शतक, रिज़ा, धृति माथुर, भाविनी भार्गव, अनुष्का शर्मा के अर्धशतक। पहला मैच टीम बी - टीम ऐ (टीम ऐ जीती), टीम बी पारी 181 आल आउट। टीम के लिए रिज़ा 59, पार्वती 26 व मनीषा 20 रनटीम ऐ की गेंदबाज अर्चना योगी 26 / 3, ख़ुशी जैन 28 / 3, मैना सियोल 41 / 2 विकेट। टीम ऐ पारी 182 / 2,तनिका शर्मा नाबाद 103, अक्षिता 41। दूसरा मैच टीम सी - टीम डी (टीम डी जीती), टीम डी पारी 259 / 4, टीम के लिए धृति माथुर 78, भाविनी भार्गव 71, याना 34 व नीतू 27 रनटीम सी पारी 174 / 5, टीम के लिए अनुष्का शर्मा 52, प्रियांशी 25 व मुस्कान 27 रन।

## जयपुर में रोमांच चरण पर, महाराष्ट्र का दबदबा, पुदुचेरी व उत्तर प्रदेश ने भी दर्ज की अहम जीत



जयपुर, 30 जनवरी। सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड पर आयोजित 5वीं सॉफ्ट हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025-26 के अंतर्गत 29 एवं 30 जनवरी को खेले गए मुकाबलों में उच्च स्तरीय खेल, तेज गति और जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। विभिन्न वर्गों में खेले गए इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन और आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।


प्रतियोगिता के दौरान महाराष्ट्र की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए पहले मध्य प्रदेश को 9-1 के बड़े अंतर से पराजित किया, जबकि इसके बाद पुदुचेरी के विरुद्ध 10-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस मुकाबले में महाराष्ट्र के साहिल एस. ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल दागे, वहीं श्लोक ने 2 गोल किए। इसके अतिरिक्त दिग्विजय और ऋषि ने 1-1 गोल कर टीम की जीत को और मजबूत किया।

एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने संतुलित एवं संगठित खेल का परिचय देते हुए हरियाणा को 4-0 से पराजित किया। दिन के सबसे रोमांचक मुकाबलों में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने अंतिम क्षणों तक कड़ा संघर्ष किया। वहीं एक अन्य बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में राजस्थान की टीम ने मध्य प्रदेश को 4-3 से पराजित किया। इस मैच में मध्य प्रदेश की ओर से प्रशांत राठौर और युवराज सिंह ने 1-1 गोल किए।

## सिद्धेश लाड का शतक, मुंबई ने बनाई 45 रनों की बढ़त

मुम्बई, 30 जनवरी। कप्तान सिद्धेश लाड (नाबाद 110), सुवेद पारकर (नाबाद 53) और मुशीर खान (57) की शानदार पारियों के दम पर मुम्बई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में शुक्रवार को स्टम्प्स के समय तक दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 266 रन बनाकर 45 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। आज यहां मुम्बई ने कल के एक विकेट पर 13 रन से आगे खेलना शुरु किया।

# राजस्थान टीम संतोष ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में



जयपुर, 30 जनवरी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा असम में आयोजित फाइनल राउंड 79, सीनियर फुटबॉल संतोष ट्रॉफी चैंपियनशिप में अपने ग्रुप में 7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रह कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में नागालैंड के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला।

मैच के 17 वे मिनट में राजस्थान के अमित ने अल्ताफ के शानदार पास पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई परन्तु खेल के 38 वे मिनट में नागालैंड ने गोल स्कोर 1-1 कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 गोल की बराबरी पर थी। खेल के 65 वे मिनट में राजस्थान को पेनल्टी मिली जिसे कप्तान मुकेश ने गोल कर बढ़त 2-1 कर दी। खेल के 80 वे मिनट में नागालैंड को पेनल्टी मिली जिसे गोल कर स्कोर 2 -2 हो गया जो अंत तक कायम रहा। इस प्रकार राजस्थान टीम ग्रुप में 2 मैच जीत, एक ड्रॉ और 2 हार के 7 अंकों के साथ ग्रुप में तीसरे स्थान पर रह कर क्वार्टर में प्रवेश किया।

जालंधर में 71-72 के बाद राजस्थान ने इतिहास बनाते हुए संतोष ट्रॉफी में क्वार्टर में प्रवेश किया। राजस्थान टीम को कोच नरेंद्र सिंह ने गत 2 माह गहन प्रशिक्षण दिया जिसकी बदौलत टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले ग्रुप आई में विजेता रहकर फाइनल राउंड में प्रवेश किया और अब असम में फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह राजस्थान फुटबॉल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।राजस्थान का मुकाबला 2 फरवरी को ग्रुप बी के द्वितीय नम्बर की टीम के साथ होगा।

### अखिल भारतीय सब जूनियर बैडमिंटन

# राजस्थान की आराध्या तीन गेमों में जीती

जयपुर, 30 जनवरी। राजस्थान की आराध्य टेलर ने यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में चल रही योनेक्स-सनराईज अखिल भारतीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के योग्यता चक्र में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। बालिका वर्ग के अंडर-17 के मैच में आराध्या ने तीन गेमों तक चले मुकाबले में महाराष्ट्र की शरवरी को 15-8, 11-15, 15-13 से पराजित किया। इसी आयु वर्ग के अन्य मुकाबले में तुहीन बादल ने महाराष्ट्र की मिहिका पाठक को 15-12, 15-9 से, आराध्या ढिंगरा ने महाराष्ट्र की अंकिता मांगले को 15-6, 15-5 से, नेहा सिसोदिया ने महाराष्ट्र की समन्वया को 15-9, 12-15, 15-10 से पराजित किया। अंडर-17 बालक वर्ग के तीसरे दौर के मैच में



राजस्थान के भावेश भादू ने मध्यप्रदेश के पुष्कर गिरधर को 8-15, 15-12, 18-16 से, केदर्ष शर्मा ने उत्तराखंड अर्थ पांचाल को 15-4, 15-2 से, देवाशीष प्रजापति ने उत्तरप्रदेश के श्लोक राज को 15-5, 15-11 से, हर्षवर्धन मांझू ने मध्यप्रदेश के तनय देषवाल को 12-15, 15-9, 15-4 से, गर्वित बरवार ने हरियाणा के अरूण को पहला गेम हारने के बाद 18-20, 15-12, 15-6 से, दिव्यांश तोमर ने कर्नाटक के सिद्धार्थ एस. नायर को 15-9, 15-13 से, अक्षत शेखावत ने दिल्ली के राघव कौशिक को 15-8, 15-9 से, मानस गहलोत ने हरियाणा के ईशान को 18-16, 16-14 से, तपेष्वर पूनिया ने पंजाब के अर्जुन जग्गा को 15-3, 15-4 से, माधव शर्मा ने कर्नाटक के मोहम्मद नाजमी को 17-15, 15-11 से पिकस्त दी। आयोजको के अनुसार शनिवार को 448 मुकाबले खेले जाएंगे। मुकाबले सुबह 9 बजे से शुरू होंगे।

# मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

## सचिवालय में प्रतिमा के सामने बैठकर उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजन सुने

जयपुर, 30 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर शुक्रवार प्रात: शासन सचिवालय पहुंचे। शर्मा ने सचिवालय स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह के साथ गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष बैठकर 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, राम रतन धन पायो, श्री राम जय राम' जैसे गांधी जी के प्रिय भजनों का श्रवण किया। इस दौरान, पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, सचिवालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने शहीद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिवों सहित बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों, सचिवालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने गांधी जी की मूर्ति के सामने दो मिनट का मौन रखा।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शासन सचिवालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।*

## प्र.मंत्री मोदी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य नेताओं ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके अलावा अन्य नेताओं ने भी बापू को नमन किया।

प्रधानमंत्री के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद थे। सभी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को याद किया। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता के आदर्श भारत के विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के संकल्प के केंद्र में हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर अपनी पोस्ट में गांधीजी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिये" का स्मरण किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी के शहीद स्थल गए व उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होनें एक्स पर लिखा, "महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं - वह सोच, जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफ़रत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

- **राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को नमन किया।**

# गैर भाजपा दलों को आशंका, आरटीआई को खत्म करने की तैयारी में है सरकार

## गुरुवार को संसद में प्रस्तुत इकोनॉमिक सर्वे रिपोर्ट में आरटीआई में बदलाव करने का सुझाव दिया गया है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जनवरी। मनरेगा के बाद, क्या केन्द्र सरकार अब आरटीआई को खत्म करने की मंशा रखती है?

आर्थिक सर्वेक्षण, जो गुरुवार को संसद में पेश किया गया, में आरटीआई अधिनियम की पुन: समीक्षा की बात कहे जाने के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपरोक्त सवाल उठाया। सर्वेक्षण में, सूचना को रोके रखने के लिए संभावित रूप से मंत्रिस्तरीय वीटो का सुझाव दिया गया है और यह भी कहा गया है कि नौकरशाहों के सार्वजनिक सेवा अभिलेख, तबादले और स्टाफ रिपोर्ट को सार्वजनिक संवीक्षा (स्क्रूटिनी) से बचाया जा सकता है।

आर्थिक सर्वेक्षण में दो दशक पुराने आरटीआई अधिनियम में बदलाव का सुझाव देते हुए, गोपनीय रिपोर्टों और मसौदा टिप्पणियों को खुलासे से बाहर रखने की बात कही गई और कहा गया कि ऐसे प्रावधान शासन को बाधित करते हैं। इसमें कहा गया कि आरटीआई अधिनियम का "उद्देश्य कभी भी निरर्थक जिज्ञासा का साधन या बाहर से सरकार को माइक्रो मैनेज करने की व्यवस्था के रूप में नहीं था।" आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, "आरटीआई अधिनियम की पुन: समीक्षा आवश्यक है, लेकिन इसके मूल भाव को कमजोर करने के लिए नहीं, बल्कि इसे विश्व की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने, उभरते सबकों को शामिल करने और इसके मूल उद्देश्य से मजबूती से जोड़े रखने के लिए।"

आलोचकों का कहना है कि एनडीए सरकार विधिवत रूप से आरटीआई अधिनियम को कमज़ोर करने की दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2019 में केन्द्र सरकार ने सूचना आयुक्तों का कार्यकाल और वेतन का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। 2023 में सरकार डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम लेकर आई, जिससे आरटीआई के सार्वजनिक हित सम्बन्धी प्रावधान को कमजोर किया गया। आलोचकों का कहना है कि यह "भ्रष्टाचार की ढाल बनने और जांच को रोकने के लिए निजता को हथियार बनाने" जैसा है। आरटीआई के क्रियान्वयन को लेकर एनडीए सरकार का रिकॉर्ड भी संतोषजनक नहीं रहा है। 2025 तक लंबित मामलों की संख्या 26,000 तक पहुँच गई थी। दिसंबर 2025 तक, केन्द्रीय सूचना आयोग, बिना मुख्य सूचना आयुक्त के काम करता रहा। पिछले 11 वर्षों में यह सातवाँ अवसर था, जब यह अहम पद खाली रखा गया।

आर्थिक सर्वेक्षण ने तर्क दिया कि ब्रिटेन, अमेरिका और स्वीडन सहित, कई देशों में आंतरिक मीमो और प्रारंभिक नीतिगत चर्चाओं के लिए विशेष छूट है, जिससे निहित संकेत मिलता है कि भारत का आरटीआई दायरा अपेक्षाकृत व्यापक है। पारदर्शिता के पक्षधर इससे असहमत हैं। उनका कहना है कि ऐसा कोई प्रमाण नहीं है, जिससे यह सिद्ध हो कि आरटीआई शासन को नुकसान पहुँचाता है। ऐक्टिविस्ट अंजलि भारद्वाज ने कहा कि बहुत से आरटीआई आवेदन ऐसे मामलों की सूचना मांगते हैं, जिनकी जानकारी स्वाभाविक रूप से सार्वजनिक की जानी चाहिए।

- **आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि इसमें गोपनीय रिपोर्ट्स और ड्राफ्ट टिप्पणियों को उजागर नहीं करने का प्रावधान होना चाहिए, इससे सुशासन बाधित होता है। आरटीआई कानून जिज्ञासा शांत करने या सरकार को बाहर से मैनेज करने का टूल नहीं है।**
- **आलोचकों ने कहा कि सरकार 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटैक्शन एक्ट लायी थी ताकि आरटीआई कानून को कमज़ोर किया जा सके। उनका आरोप है कि सरकार आरटीआई एप्लीकेशन्स पर ध्यान नहीं देती है, अभी तक 26,000 प्रार्थना-पत्र लंबित हैं।**

# पोकरण में आईएसआई एजेंट झबराराम गिरफ्तार

## वह सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की सूचनाएं सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान भेजता था

जयपुर 30 जनवरी। राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने सरहदी जिले जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में पुलिस ने एक स्थानीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं सीमा पार भेजने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस प्रफुल्ल कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि राज्य में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान इंटेलिजेंस को सूचना मिली कि पोकरण के थाना सांकड़ा अंतर्गत नेडान गांव निवासी झबराराम पुत्र भाना राम (28 वर्ष) की गतिविधियां संदिग्ध हैं। तकनीकी जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पाक हैंडलर्स के संपर्क में बना हुआ था।

पूछताछ और मोबाइल के तकनीकी परीक्षण में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी झबराराम को पाक एजेंसियों ने हनीट्रैप और धनराशि का लालच दिया था। इस लालच में आकर वह भारतीय सेना से संबंधित संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। इतना ही नहीं, उसने अपने नाम से जारी सिम कार्ड का ओटीपी पाक हैंडलर्स को देकर व्हाट्सएप एक्टिवेट करवाया, जिसका उपयोग देश- विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था।

एडीजी कुमार ने बताया कि संदेह पुख्ता होने पर झबराराम को केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र, जयपुर लाया गया। यहाँ राजस्थान पुलिस, मिलिट्री इंटेलिजेंस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने उससे संयुक्त रूप से कड़ी पूछताछ की। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर राजस्थान इंटेलिजेंस ने शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार 30 जनवरी को उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

- **झबराराम को केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र जयपुर लाया गया, जहाँ राजस्थान पुलिस, मिलटरी इन्टेलिजैंस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी पूछताछ में कई खुलासे हुए।**

## गणतंत्र दिवस परेड में नौसेना व दिल्ली पुलिस को पुरस्कार

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गणतंत्र दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मार्चिंग दस्तों और झांकी आदि को शुक्रवार को पुरस्कृत किया जिसमें तीनों सेनाओं में नौसेना और केन्द्रीय पुलिस बलों में दिल्ली पुलिस को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते तथा महाराष्ट्र की गणेशोत्सव: आत्मनिर्भरता का प्रतीक झांकी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में जम्मू और कश्मीर की जम्मू और कश्मीर के हस्तशिल्प एवं लोकनृत्य तथा केरल की वॉटर मेट्रो एवं 100 प्रतिशत डिजिटल साक्षरता: आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर केरल को क्रमश द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया।

- **महाराष्ट्र की गणेशोत्सव आत्मनिर्भरता का प्रतीक झांकी को सर्वश्रेष्ठ माना गया।**

# नाटो में शामिल हुए बिना ही भारत को नाटो के प्रमुख सहयोगी का दर्जा मिलेगा

## 27 देशों की यूरोपियन यूनियन के साथ रक्षा साझेदारी से भारत को बड़ा लाभ मिलेगा

नयी दिल्ली 30 जनवरी। सत्ताईस देशों के समूह यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते से जहां भारत वैश्विक वित्तीय संरचना में रणनीतिक तौर पर "तीसरे ध्रुव" के रूप में उभर रहा है, वहीं सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी से उसे उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य बने बिना ही संगठन के महत्वपूर्ण सहयोगी का दर्जा मिल रहा है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में "तीसरा ध्रुव" शब्द का प्रयोग एक उभरती वैश्विक शक्ति, विशेष रूप से भारत ,के लिए किया जाता है, जो बहुध्रुवीय विश्व में संतुलन की भूमिका में है यानी भारत, अमेरिका-चीन (जी-2) द्विध्रुवीय ढ ांचे पर पूरी तरह निर्भर होने के बजाय, स्वतंत्र रूप से तीसरे ध्रुव के रूप में उभर रहा है।

दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने की घोषणा करने के साथ-साथ सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। यह भारत और यूरोपीय संघ के बीच अपनी तरह का पहला व्यापक ढ ांचा है।

यूरोपीय आयोग ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि इस साझेदारी के अंतर्गत भारत और यूरोपीय संघ रक्षा औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ करेंगे और रक्षा पहलों पर समन्वय को आगे बढ़ाएँगे। सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी, समुद्री सुरक्षा, अप्रसार और निरस्त्रीकरण, अंतरिक्ष, साइबर एवं हाइब्रिड खतरों से निपटने तथा आतंकवाद-रोधी प्रयासों जैसे साझा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग और संयुक्त पहलों को सक्षम बनाती है।

दोनों पक्षों ने गोपनीय सूचना के आदान-प्रदान को सक्षम बनाने के लिए "सूचना सुरक्षा समझौते" से संबंधित वार्ता भी शुरू की है, जो यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों के सुरक्षा हितों के अनुरूप होगा।

- **विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका -चीन पर निर्भर रहने की बजाय भारत स्वतंत्र रुप से तीसरे ध्रुव के रुप में उभर रहा है।**

## शरद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजनीतिक कारणों से यह संभव नहीं हो पाता है, तो प्रफुल्ल पटेल नेतृत्व की दौड़ में अगले दावेदार हो सकते है।

शरद पवार ने 1999 में, कांग्रेस से अलग होकर, एनसीपी की स्थापना की थी। उनके भतीजे अजित पवार ने जुलाई 2023 में पार्टी से बगावत की और उनका गुट सत्तारूढ़ महायुति में शामिल होकर सरकार का हिस्सा बन गया। शरद पवार के कई करीबी सहयोगी, जैसे प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और दिलीप वालसे-पाटिल भी अजित पवार के खेमे में चले गए थे।

# दिल्ली में आज व कल बारिश की संभावना

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ठंडा मौसम रहा तथा सुबह आसमान में बादल छाए रहे एवं हल्की से मध्यम धुंध छाई रही।

मौसम विभाग ने बताया कि आज का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है और सुबह का न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। गुरुग्राम में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में 31 जनवरी से दो फरवरी के बीच बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। शनिवार को कई जगहों पर मध्यम कोहरे और कुछ जगहों पर घना कोहरा हो सकता है। दोपहर और शाम तक आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहने की संभावना है। रात के समय बहुत हल्की बारिश की संभावना है और 30 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

- **मौसम विभाग ने मध्यम से घना कोहरा होने की भी संभावना जताई है।**

## 'शंकराचार्य...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि उनकी योजना पूर्णिमा के दिन वाराणसी में ही स्नान करने की है। मौनी अमावस्या के दिन भीड़ अधिक होने की बात कहकर उनकी पालकी को संगम जाने से रोका गया। अधिकारियों ने उनसे नीचे उतरकर पैदल नदी तक जाने को कहा, तो पुलिस और उनके शिष्यों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद, वे धरने पर बैठ गये और अपने अपमान को लेकर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पद पर बने रहने के खिलाफ बयान दिया। उन्होंने यह भी आ ान किया था कि मार्च के मध्य में चारों शंकराचार्य दिल्ली में एकत्र हों, ताकि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों को सबक सिखाया जा सके।

## अजित पवार विमान दुर्घटना की जांच सीआईडी करेगी

मुंबई, 30 जनवरी। महाराष्ट्र के बारामती जिले में 28 जनवरी को एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की दुखद मृत्यु की जाँच राज्य के अपराध जाँच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, शुरुआत में इस मामले की जाँच पुणे ग्रामीण पुलिस कर रही थी। पुणे ग्रामीण पुलिस ने इस दुर्घटना के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को अब तक जुटाए गए मामले के विवरण और सुबूत राज्य सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सीआईडी ने अपनी जाँच शुरू कर दी है और वह बारामती एयरफील्ड में सुरक्षा चूक और बुनियादी ढ ांचे से जुड़ी समस्याओं की जांच करेगी।

## उमर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दक्षिणपंथी संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि माता वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं के धन से चलने वाले इस कॉलेज में हिंदू छात्रों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अब्दुल्ला ने साँबा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, "संघर्ष समिति मेडिकल कॉलेज बंद होने का जश्न मना रही है। दूसरे देशों में लोग मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन यहां लोग उसे बंद कराने के लिए लड़ रहे हैं। अगर आप बच्चों का भविष्य बर्बाद होने पर खुश हैं, तो पटाखे चलाकर जश्न मनाइए।"

## इकोनॉमिक ग्रोथ के आंकड़े ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर वार्ताओं के सफल समापन का स्वागत किया और इसे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं में कमी से दोनों पक्षों के व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए अवसर बढ़ेंगे।

बंगा ने कहा, सभी व्यापार समझौते महत्वपूर्ण होते हैं, उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पिछले दो दशकों में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार चार गुना बढ़ा है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो गई है। "भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएँ अब अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का अहम हिस्सा हैं।"

हालांकि, बंगा ने आगाह किया कि एफटीए को सावधानीपूर्वक और चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए, ताकि भारत या यूरोप के घरेलू उद्योगों को नुकसान न पहुँचे। उन्होंने कहा कि सुधारों का सही क्रम आर्थिक संतुलन बनाए रखते हुए बाजार खोलने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती अनिश्चितता और अमेरिका की ओर से जारी शुल्क दबावों की पृष्ठभूमि में बंगा ने भारत से "शुल्कों पर कम और अवसरों पर ज्यादा ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने तर्क दिया कि भारत की आर्थिक संरचना निर्यात पर निर्भर अन्य अर्थव्यवस्थाओं से अलग है, जहाँ घरेलू उपभोग और पूंजी निर्माण विकास के प्रमुख चालक हैं।

बंगा ने कहा, "भारत-ईयू समझौते में बातचीत शुल्क पर नहीं, बल्कि अवसरों पर है, उन्होंने यह भी कहा कि कई अन्य देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था में निर्यात की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है।

बंगा ने पाँच ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जहाँ आने वाले वर्षों में भारत बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन कर सकता है, बुनियादी ढाँचा, कृषि, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ, पर्यटन और मूल्य-वर्धित विनिर्माण। सही नीतिगत ढाँचे के साथ ये क्षेत्र बड़ी संख्या में कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों को रोजगार दे सकते हैं।

आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमानित 6.8-7.2 प्रतिशत की विकास दर पर टिप्पणी करते हुए बंगा ने कहा कि भारत पहले ही यह साबित कर चुका है कि वह विश्व के चुनौतीपूर्ण माहौल में भी असाधारण विकास बनाए रख सकता है। लेकिन उन्होंने जोर दिया कि इस गति को कायम रखने के लिए भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और मानव पूंजी, दोनों में निरंतर निवेश जरूरी होगा।

स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए, उन्होंने कहा, भारत को व्यापार, अनुकूल नीतियाँ, प्रभावी विनियमन और निजी क्षेत्र को वित्त उपलब्ध कराने पर मजबूत फोकस की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, "विकास कौशल, पूंजी और अवसर के संयोजन से आता है।"

- **अतः भारत को घटते-बढ़ते टैरिफ की चिंता छोड़कर इस बात पर फोकस करना चाहिए कि देश के सम्मुख व्यापार के कितने सुअवसर उपस्थित हुए हैं। भारत और यूरोपियन यूनियन का व्यापारिक समझौता भी अच्छा अवसर है। पर, इसका लाभ तभी मिलेगा, जब भारत का युवा अपने हुनर (स्किल) से, बढ़ते व्यापार का हिस्सा बने।**

## भारतीय वैज्ञानिकों ने सुपरकैपेसिटर बनाया

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। देश के वैज्ञानिकों ने फोटो कैपसिटर नाम से एक ऐसा ऐसा सुपर कैपसिटर विकसित किया है जो सूरज की रोशनी से स्वत: ऊर्जा लेकर उसे संग्रहित भी कर सकता है। माना जा रहा है कि यह स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम हो सकता है, जो पोर्टेबल और ऑफ ग्रिड प्रौद्योगिकी के लिए उपयोगी है। प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अधीन एक स्वायत्त संस्थान, सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस), बेंगलुरु द्वारा विकसित इस नए फोटो-रिचार्जेबल सुपरकैपसिटर ने सूर्य के प्रकाश को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने और उस ऊर्जा को बाद में उपयोग के लिए संग्रहित करने की दोनों प्रक्रियाओं को सहजता से संयोजित किया है।

- **सौर ऊर्जा में बेहद जरुरी यह उपकरण सूरज की रौशनी से ऊर्जा लेकर उसे संग्रहित कर सकता है।**

# दिल्ली पुलिस ने नकली ब्रॉडेड जूते बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

## इसमें नाइकी, एडिडास सहित अधिकांश अन्तर्राष्ट्रीय ब्रांड के नकली जूते बनाए जाते हैं

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। दिल्ली पुलिस की आपराध शाखा ने नाइकी, एडिडास, न्यू बैलेंस और स्केचर्स जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नकली जूते बनाने वाली एक बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनिया विहार के चौहान पट्टी स्थित अंबे एन्क्लेव निवासी संदीप सिंह (44) को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

यह कार्रवाई अपराध शाखा की सूत्रधार, जालसाजी और अपहरण विरोधी सेल (एईकेसी) की टीम द्वारा की गई। टीम को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में ब्रांडेड कंपनी के नकली जूते बनाने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद निगरानी की गयी और फिर विशेष टीम ने वहां छापेमारी की।

बुधवार को की गई इस छापेमारी के दौरान पुलिस को छह भारी हीटिंग प्रेस मशीनें, नौ प्रिंटिंग स्क्रीन, ब्रांड लोगो प्रिंट करने वाली 131 डाई, छह पीवीसी रोल के साथ-साथ जूतों के 9,616 ऊपरी हिस्से और ब्रांडेड कंपनियों के 1,667 स्टिकर मिले, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया।

पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) संजय यादव ने कहा, "यह पुष्टि हुई है कि यह फैक्टरी बिना किसी अनुमति के चल रही थी और जब्त किया गया सामान बड़े पैमाने पर नकली जूते आपूर्ति करने के लिए तैयार किया गया था।"

उत्तर प्रदेश के बस्ती के रहने वाले आरोपी संदीप सिंह वर्ष 2000 में दिल्ली आए थे और शुरुआत में चावड़ी बाजार की एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करते थे। अधिकारी ने कहा, "बीते सालों में वह प्रिंटिंग के काम से निकलकर नकली जूते बनाने की पूरी फैक्टरी चलाने लगा।"

अधिकारी ने अपने बयान में आगे कहा कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कॉपीराइट उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। इस गिरोह में शामिल अन्य साथियों और सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए टीम आगे की जांच कर रही है।

- **यह कम्पनी उत्तर प्रदेश में बस्ती के रहने वाले संदीप सिंह की है, जो सन् 2000 में दिल्ली आया था और तब एक प्रिंटिंग प्रैस में काम करता था।**

## राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या आयेंगी

अयोध्या, 30 जनवरी। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि 19 मार्च को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या आगमन को लेकर अनौपचारिक सहमति मिल गई है। इस अवसर पर राम मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मंदिर निर्माण से जुड़े लगभग 400 श्रमिकों को राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

मिश्र ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा 400 वर्ष पुरानी वाल्मीकि रामायण राम मंदिर ट्रस्ट को सौंपी गई है, जो ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य द्वारा राम यंत्र स्तोत्र भी ट्रस्ट को सौंपा गया है।

इन पवित्र ग्रंथों को मंदिर परिसर में सुरक्षित रखा गया है और गर्भगृह में स्थापित किए जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए एक विशेष चयन समिति गठित की जाएगी तथा ट्रस्ट शीघ्र ही सार्वजनिक विज्ञापन जारी करेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908